CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :31°C
न्यूनतम: 23°C

देहरादून, मंगलवार 15 जुलाई 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 342 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 | 19 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



योगी ने दिया प्रदेश के पहले हाईटेक ऑर्थोपेडिक सुपर स्पेशियलिटी सेंटर का तोहफा पेज 2



इंग्लैंड ने लार्ड्स टेस्ट 22 रनों से जीता 193 रन नहीं बना सका भारत खेल टाइम्स



डिजिटल-क्रांति से ही नकली नोटों पर नियंत्रण संभव सम्पादकीय



बांग्लादेश ने मोदी को 1000 किलो आम भेजे पेज 2

### नेशनल हेराल्ड मामले में फैसला 29 जुलाई को

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत नेशनल हेराल्ड से संबंधित धन शोधन के एक मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी,लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आरोपों का संज्ञान के संबंध में 29 जुलाई को फैसला सुनाएगी। राउज एवेन्यू स्थित विशेष अदालत के न्यायाधीश विशाल गोगने ने सोमवार को फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा कि ईडी के आरोपों का संज्ञान लेना चाहिए या नहीं, इस पर 29 जुलाई को कोई आदेश पारित किया जाएगा। केंद्रीय जांच एजेंसी ने श्रीमती गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता के अलावा, सुमन दुबे, सैम पित्रोदा, यंग इंडियन, डॉटेक्स मर्चेंडाइज़ और सुनील भंडारी को आरोपी बनाया है।

### ईडी के सामने हुई रॉबर्ट वाड्रा की पेशी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश हुए। उनसे ब्रिटिश हथियार सलाहकार संजय भंडारी से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ की गई। वाड्रा का बयान धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज किया गया। 56 वर्षीय वाड्रा सुबह 11 बजे के बाद मध्य दिल्ली स्थित संघीय जांच एजेंसी के कार्यालय पहुंचे। उनके साथ केरल की वायनाड लोकसभा सीट से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा भी थीं।

### बिहार में बाढ़ व बिजली गिरने से 13 की मौत

**नई दिल्ली।** बिहार में बीते 24 घंटे में बाढ़-बिजली गिरने से 13 लोगों की मौत हो गई है। बिजली गिरने से प्रदेश में 9 लोगों की जान चली गई। इनमें सबसे ज्यादा 5 मौतें बांका में हुई। वहीं, बाढ़ से गयाजी में 2, नालंदा और पटना में 1-1 व्यक्ति की मौत हुई है। राजस्थान में भी बीते एक दिन में बारिश की घटनाओं में 7 लोगों की मौत हो गई है। भीलवाड़ा में दो चचेरे भाइयों की बरसाती नाले में और राजसमंद में तालाब में डूबने से भाई-बहन की मौत हो गई।

### असीम घोष हरियाणा व गजपति राजू गोवा के राज्यपाल बने

**नई दिल्ली।** प्रो. असीम कुमार घोष को हरियाणा और पी. अशोक गजपति राजू को गोवा का राज्यपाल तथा कविन्द्र गुप्ता को लद्दाख का उपराज्यपाल नियुक्त किया गया है।

# सोशल मीडिया कमेंट्स पर सुप्रीम कोर्ट का कड़ा रुख

## कहा: अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की अहमियत को समझें नागरिक, खुद पर लगाएं नियंत्रण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि नागरिकों को अपनी बोलने और अभिव्यक्ति की आजादी की कीमत समझनी चाहिए और इसके साथ-साथ स्व-नियंत्रण और संयम का पालन करना चाहिए।

न्यायालय ने कहा कि सोशल मीडिया पर बढ़ती विभाजनकारी प्रवृत्तियों पर रोक लगाई जानी चाहिए। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि वह सेंसरशिप की बात नहीं कर रहा है, बल्कि चाहता है कि लोग खुद से जिम्मेदारी निभाएं और अपनी बातों में संयम बरतें। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कोई भी नहीं चाहता कि राज्य (सरकार) इस तरह के मामलों में हस्तक्षेप करे। इसलिए जरूरी है कि लोग खुद जिम्मेदारी लें और सोशल मीडिया या अन्य मंचों पर ऐसा कुछ न कहें, जो समाज में तनाव फैलाए। शीर्ष अदालत ने -शेष पृष्ठ दो पर

### राज्य को बीच में लाने की जरूरत न पड़े



### मोदी पर अशोभनीय व्यंग्यचित्र विवाद: सुप्रीम कोर्ट की आरोपी को फटकार, फेसबुक से हटाएगा

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी और आरएसएस पर आपत्तिजनक टिप्पणियों के साथ अशोभनीय व्यंग्यचित्र बनाने के आरोपी हेमंत मालवीय उच्चतम न्यायालय की फटकार के बाद उसे फेसबुक से हटाने के लिए सोमवार को तैयार हो गया। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने मालवीय के आचरण पर असहमति और असंतोष व्यक्त किया। पीठ ने उनकी वकील वृंदा ग्रोवर से पूछा कि क्या याचिकाकर्ता व्यंग्यचित्र वाली अपनी फेसबुक पोस्ट हटाने को तैयार हैं। इस पर सहमति व्यक्त करते हुए अधिवक्ता ने कहा कि मैं बयान दूंगी कि मैं आपत्तिजनक टिप्पणियों का समर्थन नहीं कर रही हूं। उन्होंने मामले में अंतरिम सुरक्षा की भी गुहार लगाई और कहा कि मामला व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़ा है और पुलिस उनके (मालवीय) दरवाजे पर दस्तक दे रही है। उन्होंने हालांकि कहा कि उनकी (याचिकाकर्ता की) टिप्पणियां अशोभनीय या घटिया लग सकती हैं, लेकिन वे कोई अपराधी नहीं हैं। इसलिए 50 वर्षीय इस आरोपी को अंतरिम राहत दी जानी चाहिए। इस पर पीठ ने कहा कि अभी भी परिपक्वता नहीं है। हम सहमत हैं कि यह भड़काऊ है। शीर्ष अदालत ने इन टिप्पणियों के साथ कहा कि वह इस मामले में मंगलवार को विचार करेगी।

# ब्रह्मांड के अतिथि शुभांशु 20 दिन बाद आज लौटेंगे धरती पर

शाह टाइम्स ब्यूरो



### आईएसएस से रवाना हुए अंतरिक्ष यात्री

### मिशन के दौरान 60 से ज्यादा वैज्ञानिक प्रयोगों में हिस्सा लिया

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अन्य तीन साथी अंतरिक्ष यात्रियों के साथ सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से रवाना हो गए।

एक्सिओम स्पेस ने इस बात की पुष्टि की है कि एएक्स 4 मिशन में शामिल स्पेसएक्स का ड्रैगन अंतरिक्षयान भारतीय समय के अनुसार दोपहर बाद 4.35 बजे आईएसएस से अलग हो गया। एक्सिओम स्पेस ने बताया कि अब कई चरणों में अंतरिक्षयान के इंजन को चालू कर उसे आईएसएस से दूर ले जाया जाएगा। सेपरेशन के लगभग 22.5 घंटे बाद सभी यात्री अमेरिका के कैलिफोर्निया तट के पास समुद्र में उतरेंगे। आईएसएस पर जाने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला इस मिशन में पायलट के तौर पर शामिल हुए थे। अपने साथियों के साथ वहां उन्होंने कई अनुसंधान मिशनों को अंजाम दिया, जिनमें इसरो द्वारा तैयार किए गए मिशन भी शामिल थे। खास बात यह है कि भारतीय वायु सेना में टेस्ट पायलट शुक्ला देश के पहले अंतरिक्ष मिशन 'गगनयान' के लिए चयनित संभावित क्रू में भी शामिल हैं। वह इस क्रू में एक मात्र ऐसे सदस्य बन गए हैं, जिनके पास अब अंतरिक्ष यात्रा का अनुभव है, जो मिशन के लिए महत्वपूर्ण है। मिशन की लॉन्चिंग 25 जून को हुई थी और मिशन 26 जून को आईएसएस पहुंचा था। इसके मंगलवार अपराह्न 3.01 बजे धरती पर वापस लौटने की उम्मीद है। ग्रुप कैप्टेन शुभांशु शुक्ला राकेश शर्मा के 41 साल बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय हैं। भारतीय मूल की अमेरिकी नागरिक कल्पना चावला और सुनीत विलियम्स नासा के मिशनों में आईएसएस पर जा चुकी हैं। शुभांशु ने मिशन के दौरान 60 से ज्यादा वैज्ञानिक प्रयोगों में हिस्सा लिया।

# निमिषा की जिंदगी के 24 घंटे शेष, प्रयास जारी

शाह टाइम्स संवाददाता



- यमन में भारतीय नर्स का जान गंवाना दुखद, विदेश में हमारे आदेश को कौन मानेगा: सुप्रीम कोर्ट
- केंद्र ने कहा: हमने बचाने की पूरी कोशिश की
- 16 जुलाई को मौत की सजा दी जाएगी

**नई दिल्ली।** यमन में मौत की सजा का सामना कर रही केरल की नर्स निमिषा प्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मामला बहुत संवेदनशील है। अगर भारतीय नर्स यमन में जान गंवाती है, तो यह दुखद होगा।

मामले में सुनवाई जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने की। इस दौरान केंद्र की तरफ से अटार्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने कोर्ट में कहा कि सरकार जहां तक जा सकती थी, जा चुकी है। यमन जैसे देश के साथ भारत खुलकर कूटनीतिक दखल नहीं दे सकता। निमिषा को यमन नागरिक की हत्या के मामले में 16 जुलाई को मौत की सजा दी जाएगी। वह 2017 से यमन की जेल में बंद हैं। उन पर यमन के नागरिक तलाल अब्दो महदी को दवा की ओवरडोज देकर हत्या करने का आरोप है। याचिकाकर्ता संगठन सेव निमिषा प्रिया इंटरनेशनल एक्शन काउंसिल ने कोर्ट से अपील करते हुए कहा कि प्रिया का परिवार तलाल अब्दो महदी के परिवार से बातचीत कर रहा है, जिसकी मौत के चलते प्रिया को सजा मिली। निमिषा की मौत की सजा रोकी जाए। इस पर कोर्ट ने पूछा कि हम ऐसा आदेश कैसे दे सकते हैं? विदेश में हमारे आदेश को कौन मानेगा।

## दोनों पायलटों की मेडिकल स्थिति सामान्य थी: एयर इंडिया सीईओ

**वाशिंगटन।** एयर इंडिया के सीईओ और मैनेजिंग डायरेक्टर कैंपबेल विल्सन ने कहा कि दोनों पायलटों ने ब्रीथ एनालाइजर टेस्ट पास किया था और उनकी मेडिकल स्थिति सामान्य थी।

प्राइमरी रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि प्लेन और इंजन में कोई टेक्निकल या मेंटेनेंस से जुड़ी खराबी नहीं थी। विल्सन ने कहा कि प्लेन के सभी जरूरी मेंटेनेंस कार्य समय से किए गए थे। ईंधन की गुणवत्ता में कोई कमी नहीं थी और टेक-ऑफ रोल सामान्य था। उन्होंने कर्मचारियों को भेजे गए ईमेल में ये बात लिखी है।

### 'उदयपुर फाइल्स' मामले पर शीघ्र सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने हिंदी फिल्म 'उदयपुर फाइल्स-कन्हैयालाल टेलर मर्डर' के रिलीज पर रोक लगाने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर शीघ्र सुनवाई के लिए सोमवार को सहमति व्यक्त की।

# तलाक मामले में पत्नी की कॉल रिकॉर्डिंग सबूत

शाह टाइम्स संवाददाता



- सुप्रीम कोर्ट बोला- ये निजता का उल्लंघन नहीं, रिश्ता जासूसी तक पहुंचा, तो पहले ही टूट चुका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि पत्नी की जानकारी के बिना रिकॉर्ड कॉल को वैवाहिक विवादों में सबूत के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

कोर्ट ने पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के उस फैसले को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि ऐसा करना पत्नी के निजता के अधिकार का उल्लंघन है और इसे सबूत के रूप में नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने कहा कि शादीशुदा जीवन में गोपनीयता का अधिकार पूरा नहीं हो सकता। इंडियन एविडेंस की धारा 122 के तहत पति-पत्नी के बीच बातचीत को कोर्ट में उजागर नहीं किया जा सकता, लेकिन तलाक जैसे मामलों में इसे अपवाद मानते हैं। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने कहा कि हम नहीं मानते कि इस मामले में निजता के अधिकार का कोई उल्लंघन हुआ है। धारा 122 सिर्फ पति-पत्नी के बीच संवाद की गोपनीयता को मान्यता देती है, लेकिन यह निजता के संवैधानिक अधिकार (अनुच्छेद 21) से जुड़ा नहीं है। यह केस बठिंडा की एक फैमिली कोर्ट से शुरू हुआ था, जहां पति ने पत्नी से बातचीत की रिकॉर्डिंग के आधार पर -शेष पृष्ठ दो पर



## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी जाएंगे उत्तर प्रदेश के एक दिवसीय दौरे पर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी गुरुवार को अपने संसदीय क्षेत्र उत्तर के रायबरेली के एकदिवसीय दौरे पर रहेंगे। गांधी वहां पार्टी के पदाधिका. रियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर आने वाले पंचायत चुनाव पर चर्चा करेंगे। उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव की तैयारी शुरू हो चुकी है। इन चुनावों को लेकर मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य 18 जुलाई से शुरू होने वाला है। पार्टी सूत्रों के अनुसार गांधी अपने दौरे में भुएमऊ सांसद आवास में पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। इसी बीच विधानसभा चुनाव 2027 से पहले पार्टी की जमीनी हकीकत से रूबरू होने के लिए गांधी ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है और इसी कड़ी में कांग्रेस नेता 17 जुलाई को रायबरेली जा रहे हैं। गांधी रायबरेली में प्रजापति समाज के एक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

### उमर ने मीडिया पर लगाया नेताओं की नजरबंदी की खबरों को दबाने का आरोप

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को स्थानीय समाचार पत्रों पर शहीद दिवस पर 'निर्वाचित सरकार' और अधिकांश निर्वाचित प्रतिनिधियों की 'सामूहिक नज़रबंदी' की खबरों को जानबूझकर दबाने का आरोप लगाया। अब्दुल्ला ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि अधिकांश स्थानीय समाचार पत्रों ने उनके घर में नजरबंदी की खबर को दबा दिया है। उन्होंने कहा कि हमारे स्थानीय समाचार पत्रों पर एक नज़र डालें। आप कायरों और हिम्मत वालों में अंतर कर पाएंगे।

# नीतीश के वायदे हकीकत कम जुमलेबाजी ज्यादा: मायावती

**लखनऊ, वार्ता**



बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने बिहार विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री नीतिश कुमार के एक करोड़ लोगों को नौकरी और रोजगार देने की घोषणा को हकीकत से दूर व जुमलेबाजी करार दिया है।

सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा- बिहार में क़ानून-व्यवस्था की बदहाल स्थिति की राष्ट्रीय चर्चाओं के बीच संभवत: लोगों का ध्यान बांटने के लिए, राज्य में एनडीए गठबंधन की सरकार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार द्वारा चुनाव बाद सरकार बनने पर अगले पांच साल में एक करोड़ लोगों को नौकरी और रोज़गार उपलब्ध कराने की घोषणा वास्तव में लोगों को हकीकत से दूर, उनके अनुभवों के आधार पर 'अच्छे दिन' जैसी जुमलेबाज़ी व चुनावी छलावा ज्यादा लगता है। उन्होंने कहा कि वैसे तो विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के चुनावी वादे, दावे, घोषणाओं व छलावों के साथ-साथ कानून-व्यवस्था व कार्यकलापों आदि को लेकर इनके चाल, चरित्र व चेहरे आदि को जनता भलीभांति जानती है, फिर भी अपनी छल व छलावा की राजनीति की आदत से मजबूर ऐ विरोधी पार्टियां चुनाव से पूर्व इस प्रकार के अनेकों लोक लुभावने वादे करने में ज़रा भी नहीं डरती व घबराती हैं। बसपा अध्यक्ष ने कहा कि बिहार की वर्तमान गठबंधन सरकार का नौकरी व रोज़गार का वादा इनके अन्य वादों से ज्यादा मेल खाता है, जो जनता वास्तव में अब तक के उनके अनुभव के आधार पर जानती भी है। निश्चय ही बिहार की जनता सोच- समझकर ग़रीब व सर्वजन हितैषी सरकार चुनेगी, बशर्ते कि चुनाव बाहुबल, धनबल तथा सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग से मुक्त पूर्णत: स्वतंत्र व निष्पक्ष हो।

# उदयपुर फाइल्स के खिलाफ सूचना मंत्रालय में याचिका दाखिल

## याचिका में कहा गया यह एक आहत करने वाली फ़िल्म है: अरशद मदनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी की ओर से हिंदी फ़िल्म 'उदयपुर फाइल्स' की प्रदर्शनी पर रोक लगाने के लिए दिल्ली हाईकोर्ट में दायर याचिका पर न्यायालय द्वारा प्रदर्शनी पर रोक (स्टे) दिए जाने और सेंसर बोर्ड द्वारा जारी सर्टिफिकेट पर पुनर्विचार करने को लेकर अपील दाखिल करने के निर्देश के अनुपालन में आज मौलाना अरशद मदनी के अधिवक्ताओं ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के समक्ष अपील दाखिल कर दी है।

इसी बीच फ़िल्म निर्माता ने दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया में चुनौती दी है। आज फ़िल्म निर्माता के वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव भाटिया की ओर से दी गई अपील पर जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने सुनवाई की पुष्टि की है। मौलाना अरशद मदनी की ओर से सुप्रीम कोर्ट में कल रात ही कैविएट दायर कर दी गई थी, अर्थात अब सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान मौलाना अरशद मदनी के वकील वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल के तर्क भी सुने जाएंगे। मौलाना मदनी द्वारा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में दाखिल याचिका में कहा गया है कि 'उदयपुर फाइल्स' जैसी फ़िल्में समाज में नफ़रत और विभाजन को बढ़ावा देती हैं तथा इसकी प्रचार-प्रसार से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि धूमिल हो सकती है। यह फ़िल्म पूर्णत: घृणा पर आधारित है और इसकी प्रदर्शनी से देश में शांति व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। सरकार को यह भी स्मरण कराया गया है कि नूपुर शर्मा के विवादास्पद बयान के चलते भारत की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहले ही बहुत बदनामी हो चुकी है, जिस कारण भारत सरकार को राजनयिक स्तर पर स्पष्टीकरण जारी करना पड़ा था कि भारत सभी धर्मों और समुदायों का सम्मान करता है। साथ ही, नूपुर शर्मा को उसके बयान के बाद बीजेपी प्रवक्ता के पद से हटाना पड़ा था। याचिका में यह भी कहा गया है कि इस फ़िल्म के निर्माता अमित जानी का अतीत और वर्तमान दोनों ही भड़काऊ गतिविधियों से भरा हैं।



■ इससे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश की छवि को नुक़सान पहुंच सकता है: जमीयत उलमा-ए-हिन्द

## उच्चस्तरीय बैठक में सीएम योगी ने दिए निर्देश

# कांवड़ में विघ्न डालने वालों से सख्ती से निपटें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ पवित्र यात्रा पूरी तरह शांतिपूर्ण, सुरक्षित और श्रद्धा में वातावरण में सम्पन्न हो, श्रद्धालुओं की सुरक्षा प्राथमिकता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को श्रावण मास के दौरान कांवड़ यात्रा को सुगम और सुचारु बनाए रखने के साथ यात्रा में विघ्न डालने वालों के साथ कड़ाई से पेश आने के निर्देश दिए हैं।

योगी ने सोमवार को एक उच्च स्तरीय बैठक में कांवड़ यात्रा की तैयारियों और व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि यह पवित्र यात्रा पूरी तरह शांतिपूर्ण, सुरक्षित और श्रद्धामय वातावरण में सम्पन्न हो, इसके लिए शासन-प्रशासन पूरी सजगता, संवेदनशीलता और सक्रियता से कार्य करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिका. रियों को निर्देशित किया कि यात्रा मार्गों पर साफ-सफाई, चिकित्सा, पेयजल, भोजनालय, विश्रामालय और शौचालयों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। महिला श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए उन्होंने विशेष निर्देश दिए कि महिला कांवड़ियों की सुरक्षा और सुविधा के पुख्ता इंतजाम हों तथा महिला पुलिस बल की प्रभावी तैनाती की जाए। उन्होने कहा कि संवे. दनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी के माध्यम से 24 घंटे निगरानी की जाए। उन्होंने खुफिया तंत्र को पूरी सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी प्रकार की घुसपैठ या अराजकता की कोशिश को समय रहते रोका जा सके। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कांवड़ यात्रा में विघ्न डालने वालों से सख्ती से निपटा जाए और उनके खिलाफ तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए। योगी ने कहा कि यात्रा मार्गों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से जरूरी सूचनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाए और शिव भजनों का प्रसारण सुनिश्चित हो, जिससे श्रद्धालु भावनात्मक और आध्यात्मिक रूप से जुड़ाव महसूस करें। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए प्रमुख अवसरों पर हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा कराने की व्यवस्था करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी प्रमुख स्थलों पर चिकित्सा शि. विर, प्राथमिक उपचार केंद्र और एम्बुलेंस सेवाएं पूरी तरह सक्रिय रहें, ताकि किसी भी आपात स्थिति से तत्काल निपटा जा सके। खाद्य पदार्थों की शुद्धता को लेकर मुख्यमंत्री ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन तथा स्थानीय प्रशासन को निर्देशित किया कि वे खानपान सामग्री की गुणवत्ता और शुद्धता की नियमित जांच सुनिश्चित करें।

### योगी ने दिया प्रदेश के पहले हाईटेक ऑर्थोपेडिक सुपर स्पेशियलिटी सेंटर का तोहफा

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को प्रदेश को पहले हाईटेक ऑर्थोपेडिक सुपर स्पेशियलिटी सेंटर का तोहफा दिया है। यह प्रदेश का पहला सेंटर है, जहां एक छत के नीचे बच्चों से लेकर बुजुर्गों को आर्थोपेडिक से संबंधित रोग का इलाज मिल सकेगा। इस सात मंजिला बिल्डिंग में मरीजों को ऑर्थोप्लास्टी, स्पाइन सर्जरी, स्पोर्ट्स मेडिसिन, पीडियाट्रिक ऑर्थोपेडिक्स, रेडियोलॉजी और पैथोलॉजी जैसी चिकित्सा सेवाओं का लाभ मिलेगा। केजीएमयू की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने बताया कि किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी अब प्रदेशवासियों की हढी से जुड़ी बीमारियों के इलाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सेंटर का 86 करोड़ रुपए की लागत से विस्तार किया गया है। इस सेंटर में कुल 340 बेड की सुविधा उपलब्ध है, जिसमें आठ अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर भी शामिल हैं।

# मोदी को बांग्लादेश से तोहफे में मिले 1000 किलो हरिभंगा आम

**नई दिल्ली/ढाका।**

■ अंतरिम सरकार के प्रमुख प्रोफेसर यूनुस ने बरकरार रखी मैंगो डिप्लोमेसी, ममता को भी आम गिफ्ट किए

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस ने 'हरिभंगा' किस्म के 1000 किलोग्राम आम भारत भेजे हैं। इन्हें पीएम मोदी, भारत के राजनयिकों और दूसरे अधिकारियों को उपहार में दिए जाएंगे। भारत के साथ रिश्तों को बेहतर बनाने की कोशिश के तहत बांग्लादेश की इस पहल को 'मैंगो डिप्लोमेसी' कहा जा रहा है। इसके तहत अंतरिम सरकार ने न सिर्फ केंद्र सरकार को, बल्कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा को भी हरिभंगा आम भेजे हैं। ये 300 किलोग्राम आम 60 डिब्बों में पैक करके अखौरा लैंड पोर्ट के जरिए भेजे गए। बांग्लादेश में 'हरिभंगा' प्रीमियम आम माना जाता है। इनकी गुणवत्ता बहुत अच्छी मानी जाती है। भारत में इसे काफी पसंद किया जाता है। बांग्लादेशी अखबार डेली सन की रिपोर्ट के मुताबिक बांग्लादेश उच्चायोग के एक अधिकारी ने बताया कि ये आम सद्भावना के प्रतीक के तौर पर भेजे गए हैं और सोमवार को नई दिल्ली पहुंचने वाले हैं। बांग्लादेश से भारत में आम भेजने की यह परंपरा नई नहीं है। पहले की सरकारें भी भारत को आम भेजती रही हैं। इस बार यह कदम खास इसलिए माना जा रहा है, क्योंकि पिछले साल छात्रों के नेतृत्व में हुए बड़े प्रदर्शनों के बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से हटना पड़ा था। उनके हटने के बाद भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में थोड़ी दूरी आ गई थी, क्योंकि हसीना भारत की करीबी मानी जाती थीं।



सेंसेक्स 82253.16
निफ्टी 2582.30



सोना रु. 98303
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)


## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 113867
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लगातार चौथे दिन रही गिरावट



**मुंबई, वार्ता**

मेरिका में ट्रम्प सरकार की व्यापार नीति से फैली अनिश्चितताओं और मांग को लेकर बढ़ती चिंता के बीच स्थानीय शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला लगातार चौथे दिन सोमवार को जारी रहा। खास कर टेक्नोलॉजी और ऑटो कंपनियों के शेयरों में बिकवाली के दबाव से बीएसई30 पिछले बंद के मुकाबले 247. 01 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82253.46 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 भी 67.55 अंक यानी 0.27 प्रतिशत घटकर 2582. 30 अंक पर बंद हुआ। बीएसई सेंसक्स में एशियन पेंट, टेक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, एचसीएल टेक, टीसीएस, मारुति, टाटा मोटर, रिलायंस और एचडीएफसी बैंक सहित 20 शेयर गिरावट में बंद हुए। लाभ में रहे प्रमुख शेयरों में इटर्नल, टाइटन, सनफार्मा, आईटीसी, एम एंड एम, टाटा स्टील और अडानी पोर्ट तथा एसबीआई जैसे शेयर शामिल हैं।

### निजी कंपनियों को सीएसआर खर्च बढ़ाने की जरूरत: क्रिसिल

**नई दिल्ली।** खाड़ी देशों, यूरोप और ऑस्ट्रेलिया में कुशल कामगारों की बढ़ती मांग को देखते हुए निजी कंपनियों को कौशल विकास में खर्च बढ़ाने की जरूरत है, ताकि इस अवसर का लाभ उठाया जा सके। बाजार अध्ययन कंपनी क्रिसिल की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2014-15 के अब तक देश की निजी कंपनियों ने कौशल विकास पर 2.22 लाख करोड़ रुपए खर्च किए हैं, जो उनके कुल सीएसआर खर्च का मात्र 3.5 प्रतिशत है। इसमें कहा गया है कि खाड़ी सहयोग परिषद, यूरोप और ऑस्ट्रेलिया के देशों में कुशल कामगारों की काफी कमी है - विशेष रूप से स्वास्थ्य, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा, लॉजिस्टिक्स और निर्माण क्षेत्र में कुशल लोगों की जरूरत है। क्रिसिल की बिजनेस हेड (रिस्क सॉल्यूशन) बिनाइफर जहानी ने कहा कि सीएसआर निवेश को छिटपुट कौशल विकास गतिविधियों से कहीं आगे ले जाने की जरूरत है। सरकार की पहलों के साथ मिलकर सीएसआर में भारत के वैश्विक कार्यबल को तैयार करने की काफी क्षमता है। हमारे विश्लेषण में यह बात सामने आयी है कि इस क्षमता का इस्तेमाल करने के लिए चरणबद्ध तरीके से कौशल की पहचान करने और उन्हें प्राथमिकता देने की जरूरत है। क्रिसिल ने तीन तरह के कौशल विकास लक्ष्यों की पहचान की जरूरत बताई है।

### चांदी ऑल टाइम हाई पर सोना भी 792 महंगा हुआ

**नई दिल्ली।** चांदी की कीमत लगातार दूसरे दिन ऑलटाइम हाई पर पहुंच गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार सोमवार को एक किलो चांदी की कीमत 3,577 रुपए बढ़कर 1,13,867 रुपए पर पहुंच गई है। शुक्रवार को यह 1,10,290 रुपए प्रति किलो पर थी। 24 कैरेट सोने के दाम में भी आज तेजी है। ये 792 रुपए महंगा होकर 98,303 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। शुक्रवार को सोने का दाम 97,511 रुपए प्रति 10 ग्राम था। इससे पहले 18 जून को सोने ने 99,454 का ऑल टाइम हाई बनाया था। देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,030 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,700 रही, वहीं मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,880 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,550 थी। जबकि कोलक. ाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,880 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,550 रही। इसके अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,880 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,550 रही।

# खुदरा मुद्रास्फीति घटकर निचले स्तर पर

**नई दिल्ली, वार्ता**



सब्जियों और दलहनों की कीमतों में भारी गिरावट के कारण जून में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 77 महीने के निचले स्तर 2.10 प्रतिशत पर आ गई। जनवरी 2019 के बाद से जून 2025 में खुदरा मुद्रास्फीति अपने न्यूनतम स्तर पर है।

जून 2024 में खुदरा मुद्रास्फीति 5.08 प्रतिशत और इस साल मई में यह 2.82 प्रतिशत थी। जून में खाद्य मुद्रास्फीति शून्य से 1.06 प्रतिशत नीचे दर्ज की गई। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से सोमवार को जारी खुदरा मूल्य सूचकांक की रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल जून की तुलना में इस साल जून में सब्जियों के भाव 19 प्रतिशत नीचे थे। दाल-दलहनों तथा उससे तैयार उत्पादों की कीमतों में भी सालाना आधार पर 11.76 फीसदी की कमी आयी है। इससे समग्र खाद्य वस्तुओं का खुदरा मूल्य स्तर एक साल पहले से 1.06 प्रतिशत घटा है। ताजा आंकड़ों के अनुसार जून में मसालों के भाव में सालाना आधार पर 3.03 प्रतिशत की कमी हुई, जबकि मांस-मछली के खुदरा दाम 1.62 प्रतिशत दर्ज ऊपर थे। अंडा, दूध तथा डेयरी उत्पादों की कीमतों में सालाना आधार पर महंगाई तीन प्रतिशत से कम रही। अनाजों चीनी तथा कंफेक्शनरी उत्पादों में जून की मुद्रास्फीति चार प्रतिशत से कम रही। इसके विपरीत तेल एवं वसा उत्पाद 17.75 प्रतिशत और फल सालाना आधार पर 12.59 प्रतिशत मंहगे हैं। अन्य उत्पादों में सौंदर्य प्रसाधन 14.76 प्रतिशत महंगे हुए हैं। स्वास्थ्य सेवाओं की महंगाई दर 4.43 प्रतिशत और शिक्षा 4.37 प्रतिशत महंगी हुई है। शहरी क्षेत्रों की तुलना में जून में ग्रामीण क्षेत्रों में महंगाई दर ज्यादा बढ़ी। शहरी क्षेत्र की मुद्रास्फीति 2.56 फीसदी और ग्रामीण क्षेत्र की 1.72 फीसदी रही। अक्टूबर 2024 के बाद लगातार आठवें महीने मुद्रास्फीति घटी है। इसे आने वाले महीनों में रिजर्व बैंक मौद्रिक नीति को और उदार बनाने में आसानी होगी। केंद्रीय बैंक ने अभी अपनी जून की बैठक में रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती की थी। रेपो दर इस समय 5.5 प्रतिशत है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सोशल मीडिया...** नागरिकों के बीच भाईचारे की भावना बनाए रखने की जरूरत पर भी जोर दिया और कहा कि आज के समय में जब अलगाववादी विचार तेजी से फैल रहे हैं, तो नागरिकों को सोच-समझकर बोलना चाहिए। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि हम अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन इस पर संविधान में पहले से ही युक्तिपूर्ण सीमाएं हैं और लोगों को इन सीमाओं का पालन करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी एक ऐसे मामले की सुनवाई के दौरान दी, जिसमें सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक और उकसाने वाली पोस्ट को लेकर चिंता जताई गई थी। अदालत इस बात पर विचार कर रही है कि क्या आचार संहिता बनाई जा सकती है, जिससे ऑनलाइन अभिव्यक्ति की आजादी और समाज में सौहार्द के बीच संतुलन बना रहे। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ सोशल मीडिया पर एक हिंदू देवी के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में दर्ज कई एफआईआर से राहत मांगने वाले वजाहत खान की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इससे पहले कोर्ट ने 23 जून को वजाहत खान को गिरफ्तारी से अंतरिम राहत दी थी, जिसे अब 14 जुलाई से आगे बढ़ा दिया गया है। वजाहत खान का कहना है कि उनके पुराने ट्वीट्स के कारण उनके खिलाफ असम, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और हरियाणा जैसे राज्यों में केस दर्ज किए गए हैं। उन्होंने ये भी बताया कि उन्होंने पहले खुद एक सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर शर्मिष्ठा पनौली के खिलाफ सांप्रदायिक टिप्पणी को लेकर शिकायत दर्ज करवाई थी। जवाब में उनके खिलाफ ही कई एफआईआर दर्ज कर दी गईं। कोर्ट ने वजाहत खान को गिरफ्तारी से मिली अंतर्. रम राहत अगली सुनवाई तक बढ़ा दी है। साथ ही, वकीलों से इस बड़े मुद्दे पर मदद मांगी है कि नागरिकों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कैसे आत्मनियंत्रण और जिम्मेदारी के साथ उपयोग में लाया जाए।

**तलाक मामले में...** तलाक की अर्जी दी थी। कोर्ट ने कॉल रिकॉर्डिंग को सबूत के तौर पर मान लिया। पत्नी ने इस फैसले को पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में चुनौती दी। हाईकोर्ट ने इसे निजता का उल्लंघन बताया और कहा कि इस रिकॉर्डिंग को सबूत नहीं माना जा सकता। हाईकोर्ट ने आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट और अन्य फैसलों का हवाला देते हुए कहा था कि पति-पत्नी की निजी बातचीत को चोरी-छिपे रिकॉर्ड करना कानूनन गलत है। हमेशा पति-पत्नी के मामले में गवाह नहीं होता पति के वकील ने कहा कि निजता का अधिकार सीमित हैं और उसे अन्य संवैधानिक अधिकारों के साथ संतु. लित करना चाहिए। वैवाहिक विवादों में कई बार ऐसे मामले होते हैं, जो केवल पति-पत्नी के बीच घटते हैं और कोई गवाह नहीं होता। ऐसे में तकनीक की मदद से जुटाए गए सबूत जरूरी हो जाते हैं।

# बिहार में मताधिकार छीनने की साजिश कामयाब नहीं होने देंगे : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सोमवार को कहा कि बिहार में भारतीय जनता पार्टी चुनाव आयोग के साथ मिलकर जनता के मताधिकार छीनने साजिश कर रही है, लेकिन इसे कामयाब नहीं होने दिया जाएगा और बिहार की जनता इसका करारा जवाब देगी। कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने आज यहां कहा कि बिहार के आठ करोड़ मतदाताओं पर भाजपा की थोपी 'वोटबंदी' की मार, लो. कतंत्र पर 'तालाबंदी' के साथ ही घर-घर से 'अवैध वसूली' का जरिया है। मतदाता पुनरीक्षण की आड़ में चल रहा ये फर्जीवाड़ा, मताधिकार छीनने की साजिश और उगाही का धंधा बन गया है। उन्होंने कहा कि घर-घर वोटरों की जांच से लेकर दस्तावेजों की जानकारी तक और फार्म पहुंच. ाने से लेकर जमा दिखाए जा रहे भरे हुए फार्म की रिसीविंग तक सब फर्जी है। भाजपा के डबल इंजन में वोट देने का संवैधानिक अधिकार भी नीलाम हो रहा है लोगों के मताधिकार को भी उगाही के बदले बेचा जा रहा है। सुरजेवाला ने चुनाव आयोग को कठपुतली करार देते हुए कहा कि भाजपा की कठपुतली बने चुनाव आयोग के 14 दिन में ही बिहार के 80 प्रतिशत मतदाताओं यानी छह करोड़ से अधिक लोगों के घर तक फार्म पहुंचाने और भरे हुए फॉर्म जमा करा लेने के सारे दावे 'कागज़ी' हैं।


### गांधी के प्रपौत्र का अपमान भाजपा को महंगा पड़ेगा: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस अब गांधीवादी विचारों की हत्या पर उतर आए हैं और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति के समक्ष सर झुकाने वाले भाजपा-आरएसएस ने बापू के प्रपौत्र का अपमान भी कर दिया है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने आज यहां एक बयान में कहा कि आरएसएस के इशारे पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार अब महात्मा गांधी के प्रपौत्र तुषार गांधी के अपमान पर उतर आई है। नीलहे किसानों के शोषण और दमन के खिलाफ़ गांधीजी के संघर्ष ने जिस चंपारण का नाम दुनिया के नक्शे पर ला दिया, उसी धरती पर तुषार गांधी को सामुदायिक भवन से निकाल दिया गया। उन्होंने कहा कि महात्मा की मूर्ति के सामने सिर झुकाने का ढोंग करने वाली भाजपा तथा जनता दल (यूनाइटेड) नेताओं को गांधीवादियों की बैठक तक मंजूर नहीं।













**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# शहरी क्षेत्रों की बड़ी परियोजनाओं का तैयार होगा विवरण

■ मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने सचिव समिति में दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने सभी सचिवों के साथ सचिव स्तर की समीक्षा बैठक आयोजित करते हुए संबंधित विभागों को विभिन्न मुद्दों के संबंध में जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने सभी सचिवों को निर्देशित किया कि शहरी क्षेत्रों की ऐसी सभी बड़ी परियोजनाओं का विवरण तैयार करें जिनका अतिशीघ्र लोकार्पण अथवा शिलान्यास किया जाना हो।उन्होंने भारत सरकार से साझा किए जाने वाले विभिन्न विभागीय प्रकरणों का स्टेटस तैयार करने तथा उसको भारत सरकार को प्रेषित करने को कहा।

मुख्य सचिव ने विभागों के आउटपुट इंडिकेटर की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने विभागीय कार्यों का आउटपुट इंडिकेटर तैयार करें। विभागीय कार्यों में नई तकनीक का समावेश अथवा किसी अभिनव प्रयोग से कितना सुधार हुआ है, इसका तुलनात्मक विवरण तैयार करने को कहा। उन्होंने सभी सचिवों को अपने विभागीय कार्यों का वर्क प्लान बनाते हुए उसका अनुमोदन करवाने के भी निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि जो विभाग कार्बन क्रेडिट का लाभ लेने की स्थिति में हैं वे अपने क्रियान्वयन में कार्बन क्रेडिट का लाभ लेने का प्रयास करें तथा इससे संबंधित विवरण भी तैयार करें।

बैठक में प्रमुख सचिव आर के सुधांशु व एल एल फैनई, शैलेश बगोली, रविनाथ रमन, डॉ. पंकज कुमार पांडेय, दिलीप जावलकर, डॉ रंजीत कुमार सिन्हा, डॉ. श्रीधर बाबू अद्दांकी, चंद्रेश यादव, डॉ आर राजेश कुमार, एस एन पांडेय, दीपेंद्र कुमार चौधरी, दीपक कुमार, वी षणमुगम, विनोद कुमार सुमन, सी रविशंकर, रणवीर सिंह चौहान, नीरज खैरवाल, युगल किशोर पंत, धीराज सिंह गबर्याल, अपर सचिव विजय कुमार जोगदंडे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# मुख्य सचिव बर्धन ने ली सचिव स्तरीय समीक्षा बैठक

■ विकास कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश
■ शहरी परियोजनाओं का विवरण तैयार करने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने सचिव स्तर की समीक्षा बैठक में सभी विभागों को निर्देशित किया कि शहरी क्षेत्रों की ऐसी सभी बड़ी परियोजनाओं की सूची तैयार करें जिनका शीघ्र लोकार्पण या शिलान्यास प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर सूचीबद्ध किया जाए ताकि समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।

मुख्य सचिव ने विभिन्न विभागों को भारत सरकार से साझा किए जाने वाले प्रकरणों की अद्यतन स्थिति रिपोर्ट तैयार कर शीघ्र प्रेषित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार के साथ संवाद में पारदर्शिता और तत्परता आवश्यक है। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, एल. एल. फैनई, शैलेश बगोली, रविनाथ रमन, डॉ. पंकज कुमार पांडेय, दिलीप जावलकर, डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा, डॉ. श्रीधर बाबू अद्यंकी, चंद्रेश यादव, डॉ. आर. राजेश कुमार, दीपेंद्र कुमार चौधरी, दीपक कुमार, वी. षणमुगम, विनोद कुमार सुमन, सी. रविशंकर, रणवीर सिंह चौहान और धीरज सिंह गबरियाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



## आउटपुट इंडिकेटर पर जोर, विभागीय प्रदर्शन का मूल्यांकन होगा

बैठक में विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे अपने कार्यों के आउटपुट इंडिकेटर तय करें। उन्होंने कहा कि इससे कार्यों के प्रभाव का आंकलन और परिणाम आधारित कार्यसंस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। मुख्य सचिव ने कहा कि विभागीय कार्यों में यदि किसी नई तकनीक अथवा अभिनव प्रयोग से सुधार हुआ है, तो उसका तुलनात्मक विवरण भी तैयार किया जाए। इससे अन्य विभागों को भी सीख लेने में सहायता मिलेगी।

## वर्क प्लान बनाकर अनुमोदन की प्रक्रिया पूरी करें

सभी सचिवों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने विभागों का वार्षिक वर्क प्लान तैयार कर उसका अनुमोदन शीघ्र करवाएं, ताकि योजनाएं धरातल पर तेजी से क्रियान्वित हो सकें। मुख्य सचिव ने कहा कि जिन विभागों को कार्बन क्रेडिट का लाभ लेने की संभावना है, वे इस दिशा में सक्रिय प्रयास करें और संबंधित विवरण भी तैयार करें। इससे राज्य को आर्थिक और पर्यावरणीय लाभ मिल सकेगा।

## पंचायत चुनाव को लेकर हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

# दोहरी मतदाता सूची वालों को नहीं मिलेगा मौका



■ उत्तराखंड राज्य निर्वाचन आयोग की अपील हाईकोर्ट ने की खारिज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने पंचायत चुनावों में बड़ी गड़बड़ी को लेकर अहम फैसला सुनाते हुए दोहरी मतदाता सूची वाले नागरिकों को मतदान और चुनाव लड़ने से रोकने के आदेश को बरकरार रखा है। हाईकोर्ट ने यह फैसला पंचायत चुनाव की निष्पक्षता को सुनिश्चित करने के लिए दिया है। चुनाव आयोग की ओर से इस रोक को हटाने की मांग की गई थी, जिसे अदालत ने साफ तौर पर खारिज कर दिया।

उत्तराखंड राज्य निर्वाचन आयोग ने 6 जुलाई को एक सर्कुलर जारी कर कहा था कि जिन मतदाताओं के नाम ग्राम पंचायत की मतदाता सूची में हैं, उन्हें मतदान और चुनाव लड़ने से नहीं रोका जाए, भले ही उनके नाम शहरी निकाय की मतदाता सूची में भी क्यों न हों। इस सर्कुलर को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। चुनाव आयोग की ओर से सोमवार को दाखिल प्रार्थना पत्र में कोर्ट से आग्रह किया गया कि 11 जुलाई को जारी रोक को हटाया जाए। इस पर कोर्ट ने साफ कर दिया कि उसने चुनाव प्रक्रिया पर कोई रोक नहीं लगाई है, बल्कि केवल संदिग्ध सर्कुलर पर कार्रवाई की गई है। कोर्ट ने कहा कि आयोग का सर्कुलर पंचायत अधिनियम का उल्लंघन करता है, इसलिए उस पर यथास्थिति बनी रहेगी।

### हाईकोर्ट ने क्यों लगाई रोक?

मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र और न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि यह सर्कुलर उत्तराखंड पंचायत राज अधिनियम की धारा 9, उपधारा (6) और (7) के खिलाफ है। इन धाराओं के अनुसार, यदि किसी मतदाता का नाम एक से अधिक मतदाता सूचियों (शहरी और ग्रामीण) में दर्ज है, तो वह पंचायत चुनावों में न तो मतदान कर सकता है और न ही चुनाव लड़ सकता है।

### क्या है जमीनी हकीकत

राज्य के कई पंचायत क्षेत्रों में ऐसे अनेक उदाहरण सामने आ रहे हैं, जहां नगर निकाय की मतदाता सूची में नाम होने के बावजूद लोगों का नाम ग्रामीण मतदाता सूची में भी है। ऐसे कई लोग चुनाव मैदान में हैं। कोर्ट के इस फैसले के बाद इन उम्मीदवारों की वैधता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। इस फैसले ने चुनावी हलकों में हलचल मचा दी है। राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को अब यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके नाम सिर्फ ग्रामीण मतदाता सूची में हों, अन्यथा उनकी उम्मीदवारी रद्द हो सकती है।

### यह उठाई मांग

सभी विवादित और संवेदनशील मामलों की त्वरित जांच की जाए। दोषी निर्वाचन अधिकारियों से प्रभार हटाकर वरिष्ठ, प्रशिक्षित अधिकारियों की नियुक्ति की जाए। पारदर्शी व निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए प्रक्रिया की निगरानी की जाए।

## 32580 प्रत्याशी मैदान में

**देहरादून।** हरिद्वार जिले को छोड़कर प्रदेश के 12 जिलों में चल रहे त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2025 में नाम वापसी के बाद 66418 पदों के सापेक्ष 11,082 पदों पर चुनाव होने हैं, जिसके लिए 32580 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दृष्टिगत दो चरणों में मतदान होगा, जिसके तहत पहले चरण में कुल 17829 उम्मीदवार और दूसरे चरण में 14,751 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। प्रदेश के 12 जिलों में 66418 पदों पर चुनाव होने हैं, जिसके लिए 63569 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया था। नामांकन पत्रों की जांच के बाद 3382 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र को निरस्त कर दिया गया, जिसके बाद चुनावी मैदान में 60187 प्रत्याशी बचे हैं। इसी बीच नाम वापसी के दौरान 5,019 प्रत्याशियों ने अपना नाम वापिस लिया। अब चुनावी मैदान में 55,168 प्रत्याशी बचे। इन सभी प्रत्याशियों में से 22,429 उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं, जिसके चलते अब चुनावी मैदान में 32580 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं।

# आर्य ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव पर उठाएं सवाल



**देहरादून।** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में निर्वाचन अधिकारियों की निष्पक्षता पर सवाल उठाएं हैं। उनका कहना है कि राज्यष्के कई जिलों में कनिष्ठ और अप्रमाणित अधिकारियों की तैनाती से विवादित फैसलों की बाढ़ आ गई है। तीन मामलों ने चुनावी पारदर्शिता पर गहरी चोट पहुंचाई है। राज्यभर से मिलती ऐसी शिकायतें बताती हैं कि चुनावी जिम्मेदारियों पर तैनाती 'कामचलाऊ' अंदाज में हो रही है। बिना पूर्ण प्रशासनिक प्रशिक्षण वाले कनिष्ठ अधिकारी या तो नियम नहीं जानते, या कथित दबाव में मनचाहे फैसले सुना रहे हैं। चुनाव लोकतंत्र का उत्सव है, पर नियमों की अनदेखी लोगों के भरोसे को तोड़ रही है।

**प्रकरण 1**

उन्होने कहा कि उधमघसिंहघ्नगर के काशीपुर में क्षेत्रपंचायत खरमासी सीट से अनुसूचितजाति की प्रत्याशी नर्मता पत्नी अभिषेकसिंह का नामांकन निरस्त किया गया है। रिटर्निंग अफसर ने ससुराल पक्ष का जाति प्रमाण पत्र मांगा, जबकि नियमों के अनुसार मायके का प्रमाणपत्र मान्य है। विशेषज्ञों के मुताबिक जाति प्रमाणपत्र आजीवन वैध रहता है, निरस्तीकरण स्पष्टत: नियमविरुद्ध।

**प्रकरण 2**

रुद्रप्रयाग में 27लाख रुपये की सरकारी देनदारी के बावजूद एक प्रत्याशी का नामांकन स्वीकार किया गया है। हाईकोर्ट से दो बार स्टे न मिलने के दस्तावेज प्रस्तुत हुए, फिर भी रिटर्निंग अफसर ने आपत्तियां दरकिनार कीं। जिला शासकीय अधिवक्ता या चुनाव आयोग से राय लेने की बजाय मनमाना निर्णय।

**प्रकरण 3**

टिहरी में जिला पंचायत वार्ड.29, अखोड़ी में सात प्रत्याशियों के नामांकन निरस्त किये गये है। यह सभी फैसले शक्तिशाली प्रत्याशियों को लाभ पहुंचाने के लिए लिए गए।

# देहरादून में डीसीबी और सहकारिता विभाग की धीमी प्रगति पर मंत्री नाराज

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के सहकारिता मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने जनपद देहराद. ून में जिला सहकारी बैंक और सहकारिता विभाग की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई है। उन्होंने अधिकारियों को 100 दिन में व्यापक सुधार के निर्देश दिए हैं।

विकास भवन सभागार में सोमवार को जिला सहकारी बैंक एवं जिला सहकारिता विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने हाल ही में गुजरात सहकारिता मॉडल के अध्ययन के बाद जनपद देहरादून में उसी तर्ज पर नवाचारों को लागू करने के लिए अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए।

समीक्षा के दौरान मंत्री ने जिले में सहकारिता की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए 31 दिसंबर 2025 तक सभी सहकारी समितियों और जिला सहकारी बैंक की कार्यप्रणाली में ठोस सुधार के लक्ष्य तय किए।डॉ. रावत ने स्पष्ट किया कि सहकारिता को यदि जन आंदोलन बनाना है तो जमीनी स्तर पर कार्य करते हुए किसानों, महिलाओं और युवाओं को इससे जोड़ा जाए। सभी विभागीय अधिकारी समयबद्ध ढंग से कार्य करें, ताकि देहरादून सहकारिता क्षेत्र में राज्य का मॉडल जनपद बन सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, देहरादून अभिनव शाह, नवीन कुमार, सहायक महाप्रबंधक, नाबार्ड, सी. के. कमल, महाप्रबंधक, जिला सहकारी बैंक, बी. एम. मनराल, सहायक निबंधक, देहरादून व जनपद की सभी 27 शाखाओं के प्रबंधक, अपर जिला सहकारी अधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारीगण मौजूद रहे।




■ सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने 100 दिन में व्यापक सुधार के दिए निर्देश ■ जिला सहकारी बैंक एवं जिला सहकारिता विभाग की संयुक्त समीक्षा

# शिक्षा में गुणात्मक सुधार के मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार के लिए समेकित प्रयास किए जाएं। पहली, छठी तथा नवीं कक्षा में विद्यार्थियों के अधिकाधिक प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए प्रवेशोत्सव पर विशेष ध्यान दिया जाए। विद्यालयों से बालिकाओं के ड्रॉपआउट को कम करने के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएं। जो बालिकाएं ड्रॉपआउट हो रही हैं, उनको शिक्षा की धारा से पुन: जोड़ने के प्रयास किए जाएं। इसके लिए व्यापक स्तर पर लोगों को जागरूक भी किया जाए। ये निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शिक्षा विभाग की गेम चेंजर योजनाओं की वर्चुअल समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों के कौशल विकास के साथ ही व्यावसायिक शिक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। नवाचार की दिशा में नियमित कार्य किए जाएं। यह सुनिश्चित किया जाए कि छात्र-छात्राओं को किताबें, नोटबुक और स्कूल ड्रेस समय पर मिले। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि शिक्षा विभाग की जो परिसंपत्तियां उपयोग में नहीं हैं, उनका सदुपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में बालि. काओं के लिए अलग शौचालयों और सेनेटरी पैड की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। स्कूल भवनों के सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि भारत दर्शन योजना के तहत 156 टॉपर्स को दिल्ली, हिमाचल, पंजाब और हरियाणा भेजा गया। छात्रों ने आईआईटी, आईआईएम और अन्य संस्थानों का भ्रमण किया। इस साल 1082 टॉपर्स को भारत दर्शन भ्रमण पर भेजा जाएगा।

# उत्तराखंड पर नजरें इनायित के लिए धामी ने मोदी से कहा, तहदिल से शुक्रिया

■ दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने की मुलाकात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली/ देहरादून।** नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट कर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड के विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने राज्य के विकास में सहयोग के लिए केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में उत्तराखण्ड विकसित भारत 2047 के विजन में अपनी प्रभावी भूमिका निभाने को तत्पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को उत्तराखण्ड के विकास के लिए केंद्र सरकार से हर सम्भव सहयोग के प्रति आश्वस्त किया।

**उत्तराखंड के उत्पाद किए भेंट:** मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व के 27 देशों द्वारा प्रधानमंत्री को अपने देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रदान किए जाने से सभी भारतवासी गौरवान्वित हैं। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को कार्तिक स्वामी मंदिर के प्रतिरूप और आदि कैलाश यात्रा पर कॉफीटेबिल बुक के साथ ही उत्तराखण्ड के उत्पाद कनार (धारचूला) का घी, लाल (पुरोला) चावल, बासमती चावल, काला जीरा, गंध रैण, जम्बू और स्थानीय शहद भेंट किये।



मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से केदारनाथ धाम और बद्रीनाथ धाम की भांति ही हरिद्वार गंगा कॉरिडोर, ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर और चम्पावत में शारदा कॉरिडोर के मास्टर प्लान के अनुरूप अवस्थापना विकास के लिए सीएसआर के माध्यम से वित्त पोषण के लिए संबंधित को निर्देशित करने का अनुरोध किया।

## सीएम सुरक्षा चूक मामला: तीन और कर्मचारी निलंबित

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कॉर्बेट टाइगर रिजर्व दौरे के दौरान सुरक्षा में चूक मामले में जांच रिपोर्ट आने के बाद तीन कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है। इस मामले में जहां पूर्व में वाहन चालक को निलंबित कर दिया गया तो वहीं अब तीन अन्य कर्मचारियों पर भी गाज गिराई गई है। मुख्यमंत्री की सुरक्षा चूक प्रकरण को लेकर प्रमुख वन संरक्षक हॉफ ने जांच के आदेश दिए थे और यह जांच पीसीसीएफ वाइल्डलाइफ रंजन कुमार मिश्रा को सौंप गई थी, हालांकि यह पहले ही स्पष्ट था कि नियमों का उल्लंघन किया गया था और इसके कारण मुख्यमंत्री की सुरक्षा के साथ भी लापरवाही बरती गई थी। पीसीसीएफ वाइल्डलाइफ रंजन कुमार मिश्रा ने मुख्यमंत्री की सुरक्षा में चूक के इस प्रकरण पर जांच पूरी कर दी है और अपनी रिपोर्ट प्रमुख वन संरक्षक हाफ को दे दी है।

# ढोंगी बाबाओं पर पुलिस सख्त, 29 गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** ऑपरेशन कालनेमि के तहत पुलिस न द्वारा चलाए जा रहे अभियान में दर्जन और ढोंगी बाबा. ओ को गिरफ्तार किया।इससे पूर्व पुलिस ने कई दर्जन ढोंगी बाबा के विरुद्ध कार्यवाही की है। इसी अभियान के तहत जादू टोना करने वालेकारी अब्दुल व गैर राज्यो के 20 ढोंगी बाबाओं सहित कुल 29 ढोंगी बाबाओं को गिरफ्तार किया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह द्वारा सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में ऐसे व्यक्यिों, जो साधु-संतों का भेष धारण कर ढोंगी बाबा लोगो को विशेषकर महिलाओं व युवाओ को भ्रमित कर उनकी व्यक्तिगत अथवा घरेलु समस्याओं का निदान करने का प्रलोभन देते हुए उन्हें वशीभूत करते हुए उनके साथ ठगी की घटनाओ को अजांम देते है, को चिन्हित करते हुए उनके विरूद्व कठोर कार्यवाही के निर्देश दिये थे।अभियान के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए साधु-संतों के भेष में घूम रहे 29 ढोंगी बाबाओं को गिरफ्तार किया गया है, जिनके विरुद्ध भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता के तहत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।



गिरफ्तार ढोंगी बाबाओ में 20 व्यक्ति अन्य राज्यो के रहने वाले हैं।इस दौरान पुलिस द्वारा विकास नगर क्षेत्र में कारी अब्दुल रहमान पुत्र नजीर निवासी जमनीपुर, सहसपुर हाल रामबाग हरबर्टपुर विकासनगर नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।जिसके द्वारा जादू- टोना, दैवीय प्रकोप का भय दिखा कर झाड़-फूंक व दुआ के नाम पर लोगों के साथ ठगी की जा रही थी। इसके अतिरिक्त प्रेमनगर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत सडक किनारे अतिक्रमण कर बनाये गये दवाखाने में छापेमारी की गई। जिसे रोशनाबाद हरिद्वार के रहने वाले दम्पत्ति द्वारा चलाया जा रहा था। दम्पत्ति द्वारा जडी- बूटी की आड में लोगों की बीमारी का शर्तिया इलाज करने के नाम पर दवाईयां बेची जा रही थी, जिससे सम्बन्धित कोई भी दस्तावेज वे उपलब्ध नहीं करा पाये। दोनो के द्वारा भोले-भाले लोगों को इलाज के नाम पर दवा बेचना पाये जाने पर पुलिस द्वारा उन्हें गिरफ्तार किया गया।

# रुद्रपुर में अमित शाह के दौरे की तैयारी तेज

■ जनपद प्रभारी मंत्री जोशी ने की बैठक
■ 19 जुलाई को होगा 1 लाख करोड़ की ग्राउंडिंग सेरेमनी का भव्य आयोजन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून/रुद्रपुर।** जनपद ऊधम सिंह नगर के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश के कृषि एवं ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने आज रुद्रपुर स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी 19 जुलाई को केंद्रीय गृह एवं सहका. रिता मंत्री अमित शाह के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों को लेकर उच्च अधिकारियों एवं जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की।

कृषि मंत्री जोशी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि रुद्रपुर में आयोजित होने जा रही 1 लाख करोड़ की ग्राउंडिंग सेरेमनी को पूर्ण भव्यता और प्रभावशाली स्वरूप में संपन्न किया जाए। उन्होंने कहा कि यह आयोजन उत्तराखंड की औद्योगिक प्रगति को नई दिशा देगा और देशभर में राज्य की पहचान को सुदृढ़ करेगा।



उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि गृह मंत्री अमित शाह के इस दौरे को सफल बनाने में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जोशी ने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, स्वच्छता, पेयजल, पार्किंग और मीडिया समन्वय सहित सभी व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की और संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्यों के निर्देश दिए।

कृषि मंत्री जोशी ने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल उत्तराखंड बल्कि जनपद ऊधम सिंह नगर के लिए भी अत्यंत गौरवपूर्ण अवसर है। अधिकारीगण समर्पण और समन्वय के साथ कार्य करें ताकि आयोजन निर्विघ्न और भव्य रूप से संपन्न हो। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में वर्ष 2023 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान 3.5 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे, जिनमें से 1 लाख करोड़ की ग्राउंडिंग अब की जा रही है। यह राज्य के प्रति निवेशकों के बढ़ते विश्वास का प्रतीक है। बैठक में कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत, सचिव मुख्यमंत्री विनय शंकर पांडेय, जिलाधिकारी नितिन भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# ऑपरेशन कालनेमि : पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 15 ढोंगी बाबा गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** ऑपरेशन कालनेमि के तहत मुनिकीरेती थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए घाटों और आश्रमों के आसपास संदिग्ध रूप से निवास कर रहे 15 ढोंगी बाबाओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, ये सभी कथित बाबा धार्मिक वेश में रहते हुए असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त पाए गए, जिनसे भविष्य में किसी भी तरह की गंभीर और अप्रिय घटना की आशंका जताई गई थी।

**■ घाटों और आश्रमों के आसपास डेरा जमाए बाबाओं से भविष्य में गंभीर घटनाओं की थी आशंका, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, हिमाचल और बिहार सहित कई राज्यों के कथित साधु पुलिस की गिरफ्त में**

पुलिस की जांच में सामने आया है कि ये ढोंगी बाबा मुनिकीरेती क्षेत्र में न केवल घाटों और धर्मस्थलों के आसपास भ्रमण करते थे, बल्कि स्थानीय और बाहरी श्रद्धालुओं को भ्रमित कर विभिन्न तरीकों से ठगने का प्रयास भी करते थे। इस अभियान का उद्देश्य धार्मिक स्थलों की गरिमा बनाए रखते हुए क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत करना और किसी भी तरह की असामाजिक गतिविधियों को समय रहते रोकना है।

गिरफ्तार आरोपियों में कई उत्तर प्रदेश, हरियाणा, बिहार, हिमाचल प्रदेश और नेपाल जैसे विभिन्न राज्यों से ताल्लुक रखते हैं। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए इन व्यक्तियों की पहचान इस प्रकार है:

धीरेन्द्र कुमार, निवासी ग्राम कल्ली नगरा, थाना फरीदपुर, जिला बरेली (उत्तर प्रदेश),
श्रेष्ठ थापा, निवासी तीरा लाइन, धर्मशाला कैंट, कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश),
बजरंगदास, निवासी कोसीकला, मथुरा (उत्तर प्रदेश),
अशोक, निवासी ग्राम जर्नी जमना, जिला नेपाल,
नरेंद्र दास, निवासी रोहेड़ा ग्राम, कुरुक्षेत्र (हरियाणा),
विक्रम सागर, निवासी इस्लामाबाद, बरेली (उत्तर प्रदेश),
प्रवीण, निवासी ग्राम गोहाना, जिला सोनीपत (हरियाणा),
राजेश, निवासी तेराही खुर्द, थाना सदर, जिला सोनीपत (हरियाणा),
मुकुंद दास, निवासी ग्राम गुना टोला बगीचा, थाना संग्रामपुर हवेली खड़गपुर, जिला मुंगेर (बिहार),
कृष्णपाल और किशनपाल, निवासी आगरा (उत्तर प्रदेश),
छोटे गुप्त, निवासी सदर, जिला सोनीपत (हरियाणा),
खेमपाल, निवासी रोहेड़ा, कुरुक्षेत्र (हरियाणा),
सोनू, निवासी कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश),
रमेश, निवासी धर्मशाला (हिमाचल प्रदेश)।

पुलिस के अनुसार, इन सभी आरोपियों से पूछताछ जारी है और इनके खिलाफ विभिन्न धाराओं में कार्रवाई की जा रही है। थाना मुनिकीरेती पुलिस का कहना है कि यह अभियान भविष्य में भी लगातार जारी रहेगा, जिससे तीर्थ स्थलों की पवित्रता को बनाए रखा जा सके और किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाई जा सके।

## केदारनाथ धाम में फिर उमड़ने लगी भक्तों की भीड़

**रुद्रप्रयाग।** द्वादश ज्योतिर्लिंगों में अग्रणी केदारनाथ ज्योतिर्लिंग में इन दिनों भक्तों की संख्या में इजाफा होने लग गया है। कांवड़िये भी जगह-जगह से जल लेकर केदारनाथ धाम पहुंच कर बाबा केदार का जलाभिषेक कर रहे हैं। सोमवार को धाम में भारी संख्या में कावंड यात्री पहुंचे और बाबा केदार का जलाभिषेक किया। यात्रियों के पहुंचने से धाम सहित यात्रा पड़ावों पर छाई विरानी दूर होने लगी है। वहीं दूसरी ओर अभी तक 13 लाख 35 हजार से अधिक भक्त बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं। दरअसल, कुछ दिन पहले तक लगातार बारिश होने के कारण सोनप्रयाग-गौरीकुंड मोटरमार्ग जगह-जगह बाधित हो रहा था। जबकि केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग भी भूस्खलन हो रहा था। इन दिनों मौसम ने कुछ राहत दी है। बारिश तो रही है, लेकिन दिनभर अच्छी धूप खिल रही है। जिसके बाद यात्रा बाधित नहीं हो रही है और अच्छी संख्या में यात्री केदारनाथ पहुंचकर बाबा केदार के दर्शन करके जलाभिषेक भी कर रहे हैं।

## एवरेस्ट विजेता सूबेदार सुनील सिंह का चमियाला में भव्य सम्मान समारोह



शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** गढ़वाल राइफल्स के सूबेदार और माउंट एवरेस्ट फतह करने वाले वीर जवान सुनील सिंह का सोमवार को उनके गृहक्षेत्र चमियाला में नगर पंचायत द्वारा भव्य सम्मान समारोह आयोजित कर अभिनंदन किया गया। मई माह में विश्व की सबसे ऊंची पर्वत चोटी माउंट एवरेस्ट को सफलतापूर्वक फतह करने वाले सूबेदार सुनील सिंह की उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में गौरव का माहौल है।

सम्मान समारोह मां भगवती प्रांगण में आयोजित किया गया, जहां नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद सिंह राणा ने सूबेदार सुनील सिंह को शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर नगरवासियों और जनप्रतिनिधियों ने भी वीरता और साहस के प्रतीक सुनील सिंह का अभिनंदन करते हुए उन्हें प्रेरणास्रोत बताया। चमियाला निवासी सूबेदार सुनील सिंह वर्तमान में जम्मू-कश्मीर के हाई एल्टीट्यूड वारफेयर स्कूल का संचालन भी करते हैं, जो सेना के पर्वतारोहण और विषम परिस्थितियों में युद्ध कौशल प्रशिक्षण का प्रमुख केंद्र है। 27 मई को उन्होंने विश्व की सर्वोच्च चोटी माउंट एवरेस्ट पर सफल चढ़ाई कर अपने साहस, दृढ़ निश्चय और शारीरिक क्षमता का परिचय दिया।

अपने संबोधन में नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद सिंह राणा ने कहा कि उत्तराखंड वीर भूमि है, जहां के लगभग हर परिवार से कोई न कोई सेना में सेवाएं देकर देश की रक्षा कर रहा है। उन्होंने सुनील सिंह की उपलब्धि को क्षेत्र और राज्य के लिए गर्व की बात बताया।

सूबेदार सुनील सिंह ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि एवरेस्ट जैसी ऊंचाइयों को छूने के लिए साहस, समर्पण और उत्कृष्ट फिटनेस की जरूरत होती है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अनूप बिष्ट, पूर्व जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र रावत, संजय पंवार, राकेश पंवार, प्रशांत जोशी, नत्थी सिंह, मुन्नी देवी, अंजली चौहान, विनोद कुमार, गोविंद सिंह रावत, हरिभजन पंवार सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं सूबेदार सुनील सिंह की पत्नी भारती नेगी व बैसाखी देवी भी मौजूद रहीं।

## कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने की नगर आयुक्त से शिष्टाचार भेंट

शाह टाइम्स संवाददाता

**कोटद्वार।** सोमवार को कांग्रेसियों ने कोटद्वार नगर आयुक्त पीएल शाह का पदभार ग्रहण करने के बाद प्रथम बार शिष्टाचार भेंट करते हुए पौधा प्रदान कर स्वागत किया। शिष्टाचार भेंट करते हुए कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कांग्रेस पूर्व मेयर प्रत्याशी रंजना रावत ने नगर आयुक्त को आश्वस्त किया कि बोर्ड की बैठकों में प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस जनहित के मुद्दों में नगर प्रशासन को आवश्यक सहयोग प्रदान करेगी लेकिन जनहित के कार्यों की अनदेखी पर मुखर होकर प्रतिरोध के साथ आंदोलनात्मक रुख अख्तियार करेगी।

नगर आयुक्त ने आश्वस्त किया कि नगर प्रशासन का जन समस्याओं को स्वत: संज्ञान लेकर भी कार्यवाही सुनिश्चित करेगा और आवश्यक जन शिकायत को नजरंदाज नहीं किया जायेगा। भेंट वार्ता में रंजना रावत पूर्व मेयर प्रत्याशी कांग्रेस, प्रेम सिंह पयाल जिला अध्यक्ष शिक्षक प्रकोष्ठ, देवेन्द्र कुमार नैथानी जिलाध्यक्ष खेल प्रकोष्ठ, बलबीर सिंह रावत, रमेश चंद्र खंतवाल, लक्ष्मी चौहान, गोपाल सिंह गुसाईं, दलीप सिंह रावत, सतेन्द्र सिंह बिष्ट, भारत सिंह नेगी उपाध्यक्ष, शीला भारती, कृपाल सिंह नेगी, विनोद नेगी, अंकुर केष्टवाल, अमित राज सिंह पूर्व अध्यक्ष यूथ कांग्रेस, राजन चार्ल्स, प्रदीप नेगी, भीमेंद्र पवांर, मनवर सिंह रावत, राजा आर्य, विनोद रावत, दिलवर सिंह, त्रिभुवन सिंह, पदमेंद्र सिंह, शुभम, शिवम, पारेश्वर आदि सम्मिलित थे।

## मालवीय उघान में निगम के वाहन खड़े होने पर किया रोष व्यक्त

**कोटद्वार।** स्व. सरोजनी देवी लोक विकास समिति ने मालवीय उद्यान में नगर निगम के वाहनों को खड़ा करने पर रोष व्यक्त किया है। इस संबंध में समिति अध्यक्ष राजेंद्र सिंह नेगी की ओर से नगर आयुक्त पीएल शाह को एक ज्ञापन सौंपा गया। सौंपे ज्ञापन में कहा गया है कि लोगों के बैठने के लिए शहर के मध्य में मालवीय उद्यान बनाया गया है, लेकिन वर्तमान में नगर निगम द्वारा अपने वाहनों को उद्यान में खड़ा कर पार्किंग स्थल बना दिया गया है, जिस कारण वहां पर लोगों को बैठने के साथ ही बच्चों को खेलने के लिए स्थान नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने इस संबंध में अविलंब कार्यवाही करने की मांग की है।

## पुलिस ने 8 पेटी अवैध शराब की बरामद कर दो शराब तस्करों को किया गिरफ्तार



शाह टाइम्स संवाददाता

**थराली।** थाना पुलिस थराली ने 8 पेटी अवैध शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर शराब लेजाने वाले वाहन को सीज कर दिया हैं। त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के मध्य नजर रखते हुए चमोली पुलिस द्वारा जिलेभर में अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के तहत थाना थराली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थराली थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि थराली में गैस एजेंसी रोड, नासिर बाजार क्षेत्र में चेकिंग के दौरान एक ट्राइबर कार यूके 11टीए 2921 से अवैध रूप से ले जाई जा रही 8 पेटी अंग्रेजी शराब सोलमेंट ब्रांड बरामद की है।

इस दौरान दो शराब तस्कर वीरेंद्र सिंह पुत्र रघुवीर सिंह निवासी ग्राम लोल्टी थराली 38 वर्ष, गोपाल सिंह बुटोला उर्फ धीरू पुत्र श्याम सिंह, निवासी ग्राम बुडजोला थराली 50 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। बताया कि शराब को जब्त करने के साथ ही परिवहन किए जा रहे वाहन को सीज कर दिया गया हैं। बताया कि पंचायत चुनावों को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार के निर्देश पर थाना पुलिस के द्वारा लगातार चौकिंग अभियान जारी है और अवैध तस्करों पर कड़ी नजर रखी जा रही हैं। चेकिंग अभियान में भूपेंद्र सिंह चौकी प्रभारी नारायणबगड़ कांस्टेबल दीपक नेगी, राजेश कुमार एवं रोहित राणा सामिल थें।

### एक नजर .......

## दस दिवसीय संस्कृत सम्भाषण शिविर का हुआ शुभारंभ

**कोटद्वार।** संस्कृत भारती के सहयोग से परमार्थ वैदिक गुरुकुल, कण्वाश्रम में दस दिवसीय संस्कृत सम्भाषण शिविर का शुभारंभ हो गया है। छात्रों को सरल पद्धति से संस्कृत सिखाने के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का शुभारंभ करते हुए सेनि. प्रधानाचार्य रमाकांत कुकरेती ने कहा कि संस्कृत ऐसी भाषा है जिसे भारत के ऋषियों ने अपने विचारों को सटीक तरीके से संप्रेषित करने के साधन के रूप में विकसित किया था। संस्कृत वेदों, उपनिषदों और भागवत गीता सहित कई महान कार्यों की भाषा रही है। आज भी हिंदू धर्म के यज्ञ और अनुष्ठान संस्कृत भाषा में ही संपन्न होते हैं। तत्पश्चात गुरुकुल के संस्कृत शिक्षक डॉ कुलदीप मैंदोला ने मम नाम, भवत: नाम किम्श् जैसे सरल वार्तालाप आधारित वाक्यों के माध्यम से छात्रों को संस्कृत सिखाई। इस दौरान वैदिक गुरुकुल के प्राचार्य संजय रावत, श्वेता रावत, प्रशांत कुमार, सिद्धार्थ नैथानी और सुदीप देवलियाल सहित सभी छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

## मानसून के मध्य नजर कंटीजेंसी प्लान बनाया: डीएम

**उत्तरकाशी:** जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी प्रशांत आर्य ने बताया कि जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई। उन्होंने बताया कि मानसून के मध्य नजर हमने एक प्लान बनाया है उसका पूरा डिजाइन भी कर दिया गया है। गौरतलब है कि वह उत्तरकाशी जिला एक और जहां आपदा की दृष्टि से अति संवेदनशील है वहीं भौगोलिक दृष्टि से यह उत्तरकाशी जनपद उत्तराखंड राज्य का सबसे बड़ा जनपद है। मानसून सीजन में सड़कों की खस्ताहाल व आपदा की चुनौती से निपटने के लिए जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तरकाशी ने आकस्मिक प्लान डिजाइन कर शासन को भेजा है।

## उत्तरकाशी : प्रतीक चिन्ह आवंटित की प्रक्रिया हुई शुरू

**उत्तरकाशी :** मा० उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड, नैनीताल द्वारा सोमवार को सुनवाई के के बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रतीक आवंटन की परिक्रिया दोपहर दो बजे से शुरू हो गई है। निर्वाचन आयोग के आदेश के बाद उत्तरकाशी जिला पंचायत सदस्य उम्मीद वार एवं ब्लॉक मुख्यालय में ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्यों का प्रतीक चिन्ह को लेकर जमोडा लग गया है। इधर जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तरकाशी प्रशांत आर्य ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में जिले में प्रथम चरण के प्रतीक चिन्ह आवंटित करने की प्रक्रिया शुरूकर दी गई है।

## स्कूली छात्र-छात्राएं सीख रहें कथक नृत्य के गुर

**श्रीनगर।** शेम्फोर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल एवं ग्रूव डांस स्टूडियो में सोमवार को पांच दिवसीय कथक कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला में वृंदावन से पहुंचे प्रसिद्ध कथक नर्तक आशीष सिंह और नृत्य मंजरी दास छात्रों को कथक नृत्य की पारंपरिक शिक्षा दी। कार्यशाला में लगभग 80 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला के पहले दिन छात्रों को भूमि प्रणाम, तत्कार, हस्तक और कवित्त (जैसे 'वृंदावन की कुंज गलिन में') के पारंपरिक बोल सिखाए गए। कथक नर्तक आशीष सिंह ने कहा कि कथक हमारी प्राचीन धरोहर है, जिसका उल्लेख महाभारत में भी मिलता है। यह कला परंपरा पहले मंदिरों में आराधना स्वरूप में की जाती थी। कहा कि युवाओं को अपनी संस्कृति से जुडे रहना चाहिए, ताकि देश-विदेश में भारतीय संस्कृति का गर्व से प्रतिनिधित्व हो सके। मौके पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शशिकला नेगी, शिक्षक प्रवीन कुमार, अभिषेक शाह सहित आदि मौजूद थे।

## पुलिस ने 9 पेटी शराब के साथ 3 शराब तस्कर दबोचे

**कोटद्वार।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह के निर्देशन में आगामी पंचायती चुनाव के दृष्टिगत नशे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने एवं नशा तस्करी की रोकथाम के लिए पौड़ी पुलिस द्वारा नशा तस्करों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक कोटद्वार के निर्देशन में कोतवाली कोटद्वार पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान तीन व्यक्तियों झूलापुल गाड़ीघाट निवासी मोनू गुप्ता उर्फ गौरव गुप्ता, काशीरामपुर तल्ला निवासी आशीष शर्मा व खूनीबड़ निवासी जितेन्द्र सिंह के कब्जे से क्रमश: 24 बोतल अंग्रेजी शराब, 36 बोतल अंग्रेजी शराब व 56 बोतल चण्डीगढ़ मार्का अवैध शराब, कुल- 9 पेटी 8 बोतल बरामद की गई। पुलिस टीम द्वारा तीनों अभियुक्त को मौके पर गिरफ्तार कर बरामद माल को सील किया गया।

## बच्चों ने किया मतदान के प्रति जागरूक

**श्रीनगर।** ऐंजल्स हेवन स्कूल खंदूखाल के बच्चों ने त्रिस्तरीय चुनाव को देखते हुए सोमवार को मतदान जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान बच्चों ने हाथों में मतदान संबंधी स्लोगन वाले पोस्टर और तख्तियाँ लेकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्य विभा भट्ट ने कहा कि मतदान करना हमारा पहला अधिकार है। मतदान का प्रयोग हमें अवश्य करना चाहिए। प्र्बंधक आरपी भट्ट ने कहा कि लोकतंत्र को जिंदा रखने के लिए मतदान करना अवश्य है। मतदान को उत्सव की तरह मनाना चाहिए। इस मौके पर अध्यापक विवेक, शशि कला, वंदना, गीता, कमला, सुभाष सहित आदि मौजूद थे।

## कारगिल दिवस को शौर्य दिवस के रूप में भव्य आयोजन की तैयारी शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस को जनपद टिहरी गढ़वाल में "शौर्य दिवस" के रूप में भव्य और गरिमामय ढंग से मनाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। सोमवार को जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल की अध्यक्षता में जिला सभागार नई टिहरी में एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई, जिसमें आयोजन से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।



बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की स्मृति में जिला मुख्यालय के साथ-साथ जनपद के सभी ब्लॉकों में देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। उन्होंने युद्ध स्मारकों की साफ-सफाई, पेयजल आपूर्ति, पुष्पांजलि, सलामी, सैन्य बैंड, तथा आयोजन स्थलों की व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि इस अवसर पर विद्यालयों में निबंध प्रतियोगिताएं, देशभक्ति गीत-संगीत आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा छात्र रैलियों का आयोजन किया जाए, ताकि नई पीढ़ी को शहीदों के बलिदान से प्रेरणा मिल सके। नगरपालिका को सभी आयोजन स्थलों की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए।

**■ जिला मुख्यालय से ब्लॉक स्तर तक होंगे देशभक्ति कार्यक्रम, शहीदों की वीरांगनाओं को किया जाएगा सम्मानित, जिलाधिकारी ने बैठक कर दिए निर्देश, 26 जुलाई को जनसहभागिता से मनाया जाएगा शौर्य दिवस**

जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल सी.बी. पुन (सेवा. निवृत्त) ने बताया कि इस वर्ष भी 26 जुलाई को कारगिल युद्ध के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देने हेतु जिले में व्यापक स्तर पर शौर्य दिवस मनाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस अवसर पर शहीदों की वीरांगनाओं और उनके आश्रितों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा और उनके लिए वाहन की समुचित व्यवस्था भी की जाएगी, ताकि वे कार्यक्रम में सहज रूप से भाग ले सकें।

बैठक में एडीएम ए.के. सिंह, एसडीएम टिहरी संदीप कुमार, सीओ ओशिन जोशी, एआरटीओ सतेंद्र राज, सैनिक कल्याण विभाग से कप्तान बलवंत सिंह रावत सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

सभी अधिकारियों को उनके कार्यक्षेत्र के अनुसार जिम्मेदारी सौंपी गई, ताकि आयोजन को सफल और स्मरणीय बनाया जा सके।

## रैन बसेरा में मजदूरों को ठहराने पर तीमारदारों ने जताई नाराजगी

शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** राजकीय मेडिकल कॉलेज के टीचिंग बेस अस्पताल श्रीकोट में मरीजों के तीमारदारों के लिए बनाए गए रैन बसेरा में निर्माण कार्य में लगे मजदूरों के ठहरने से स्थानीय लोग और तीमारदरों ने नाराजगी व्यक्त की है।

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि मजदूरों से यहां ठहरने के पैसे वसूले जा रहे हैं, जबकि अस्पताल प्रशासन को जानकारी ही नहीं कि मजदूरों को वहां किसने ठहराया। सोमवार को स्थानीय लोगों एवं तीमारदार के विरोध के बाद अस्पताल प्रशासन ने हरकत दिखाते हुए मजदूरों को कमरा खाली करने के निर्देश दिए। स्थानीय निवासी जगदीश भट्ट, वाईएस पंवार और रघुवीर लाल ने इस लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताई और दोषी की पहचान कर कार्रवाई की मांग की।

चिकित्सा अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि ठेकेदार को रैन बसेरा खाली कराने के निर्देश दे दिए गए हैं और अस्पताल प्रशासन की ओर से किसी भी तरह का किराया नहीं लिया गया है। बताते चले कि वर्ष 2022 में बीस लाख रुपये की लागत से बने इस रैन बसेरा का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर तीमारदारों को रात्रि विश्राम की सुविधा देना था। सोमवार को विरोध के बाद चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजेय विक्रम ने निरीक्षण कर मजदूरों को कमरा खाली करने के निर्देश दिए।

## पुलिस ने की घरों से 70 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** लम्बगांव थाना पुलिस ने चुनाव के दौरान अवैध शराब की संभावित तस्करी को लेकर एक बड़ी सफलता हासिल की है। बीती देर रात पुलिस ने ग्राम ग्वाड़ में छापेमारी कर दो घरों से कुल 70 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब के वितरण की एक बड़ी साजिश का खुलासा हुआ है।थाना लम्बगांव के प्रभारी धर्मेंद्र सिंह रौतेला ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम ग्वाड़ में दबिश दी गई, जहां दो अलग-अलग घरों में भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब को छुपाकर रखा गया था।

**■ चुनाव में खपत के लिए छुपाकर रखी गई थी शराब, आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

तलाशी के दौरान पुलिस को कुल 70 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई, जिसे चुनाव के दौरान मतदाताओं को प्रभावित करने की मंशा से तैयार किया गया था।पुलिस ने इस मामले में गांव के ही निवासी नीरज रावत पुत्र गोविंद रावत को आरोपी बनाते हुए उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी ने शराब की यह खेप दो अलग-अलग घरों में इसीलिए छिपाई थी ताकि किसी को शक न हो और चुनाव में सप्लाई दी जा सके।

एसएसपी टिहरी आयुष अग्रवाल ने शराब की इतनी बड़ी खेप बरामद करने वाली टीम के कार्य की सराहना करते हुए पुलिस टीम को 10,000 रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है, और ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई की जाएगी।लम्बगांव थाना पुलिस की इस कार्रवाई से स्पष्ट है कि प्रशासन चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है तथा अवैध शराब, धन या अन्य संसाधनों के जरिए मतदाताओं को प्रभावित करने की किसी भी कोशिश को सफल नहीं होने दिया जाएगा।

## भाजपा समर्थित प्रत्याशियों ने किया प्रचार तेज

**श्रीनगर।** विकासखंड खिर्सू के सिंगोरी व ग्वाड़-खिर्सू जिला पंचायत सीट से भाजपा प्रत्याशी चुनाव प्रचार में डटे हुए हैं। सिंगोरी सीटर से नरेंद्र सिंह नेगी और ग्वाड़-खिर्सू सीट से पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष संपत सिंह रावत चुनावी मैदान में हैं। भाजपा मिडिया प्रभारी गणेश भटट ने बताया कि दोनों प्रत्याशी लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं और जनता की समस्याएं सुन रहे हैं। नेगी ने क्षेत्र में पानी, सड़क जैसी समस्याओं के समाधान का संकल्प जताया है, वहीं रावत ने रोजगार और सुविधाओं के विस्तार पर जोर दिया है। जनता ने दोनों की सुलभता और विकास के वादों पर संतोष जताया है। कहा कि पार्टी कार्यकर्ता भी प्रचार में जुटे हैं।

## टीचर्स एसोसिएशन ने चुनाव ड्यूटी को लेकर जताया विरोध

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों के बीच उत्तरांचल स्टेट प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन ने शिक्षकों से जुड़ी समस्याओं को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी निकिता खंडेलवाल को ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन ने चुनाव ड्यूटी में की जा रही अनियमितताओं और शिक्षकों की अनदेखी को लेकर गहरी नाराजगी जताई है।



ज्ञापन में बताया गया कि बीमार और दिव्यांग शिक्षक समय से अपनी चिकित्सा स्थिति का प्रमाणपत्र प्रस्तुत कर चुके हैं, बावजूद इसके उनकी समस्याओं की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। ऐसे शिक्षकों को भी ड्यूटी में शामिल किया जाना न केवल नियमों के विरुद्ध है, बल्कि मानवीय दृष्टिकोण से भी अनुचित है। एसोसिएशन ने यह भी कहा कि कई महिला शिक्षकों को उनके कार्यस्थल से हटाकर अन्य दूरस्थ ब्लॉकों में तैनात कर दिया गया है, जिससे उन्हें यात्रा, सुरक्षा और पारिवारिक दायित्वों के चलते असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

साथ ही ज्ञापन में इस बात पर भी आपत्ति जताई गई कि शासनादेश के अनुसार पति-पत्नी में से केवल एक को ही चुनाव ड्यूटी में नियुक्त किया जाना चाहिए, लेकिन कई मामलों में इस नियम की अनदेखी करते हुए दोनों को तैनात कर दिया गया है, जिससे उनके पारिवारिक जीवन में कठिनाई उत्पन्न हो रही है।

टीचर्स एसोसिएशन ने स्पष्ट किया कि इन समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो शिक्षकों में व्याप्त असंतोष और बढ़ सकता है, जिससे चुनाव प्रक्रिया भी प्रभावित हो सकती है। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी से मांग की है कि इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए बीमार, दिव्यांग और महिला शिक्षकों के मामलों की प्राथमिकता से जांच कर त्वरित निर्णय लिया जाए, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की असुविधा और असंतोष की स्थिति उत्पन्न न हो।

## संवर्द्धन समिति ने किया वृक्षारोपण

**कोटद्वार।** हरेला पर्व के उपलक्ष्य में इनरव्हील क्लब और श्री गुरु गोरखनाथ पर्यावरणीय संरक्षण एवं संवर्द्धन समिति की ओर से सोमवार को विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण किया गया। मौके पर रोपित पौधों के संवर्द्धन और संरक्षण का संकल्प भी लिया गया। इनरव्हील क्लब की ओर से गोविंद नगर स्थित रेलवे गार्डन में पौधरोपण किया गया। इस दौरान गुलमोहर के पौधे तथा दो ट्री गार्ड लगाये गये। मौके पर रोटरी क्लब कोटद्वार के संस्थापक सदस्य विजय कुमार माहेश्वरी को पर्यावरण संरक्षण हेतु भेंट स्वरूप पौधा देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिप्रा अग्रवाल, सचिव सपना अग्रवाल, श्री गुरु गोरखनाथ पर्यावरणीय पंतचव सतीश मौर्य और आदि मौजूद रहे।

## पर्यटन स्थलों पर लगाए गए 'नो सेल्फी जोन' बोर्ड, सुरक्षा को लेकर प्रशासन सतर्क

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** पर्यटन नगरी नई टिहरी में रोमांच और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा के मद्देनजर जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने नगर क्षेत्र के कई संवेदनशील और खतरनाक स्थलों पर 'नो सेल्फी जोन' के साइन बोर्ड लगाए हैं।

इन स्थलों पर अकसर लोग सुंदर दृश्यों को कैमरे में कैद करने के चक्कर में असावधानी बरतते हैं, जिससे वे गंभीर हादसों का शिकार हो जाते हैं। पुलिस ने यह निर्णय ऐसे हादसों को रोकने और लोगों को सतर्क करने के उद्देश्य से लिया है।

कोतवाली निरीक्षक अजय जाटव ने बताया कि नई टिहरी और उसके आसपास के थानाक्षेत्र में पिछले वर्षों में हुए कुछ आकस्मिक हादसों से सबक लेते हुए यह अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि नगर के प्रमुख पर्यटक स्थलों जैसेकृनई टिहरी के प्रवेश द्वार डाइजर, सुरसिंगधार मार्ग, नई टिहरी व्यू प्वाइंट, छमुंड व्यू प्वाइंट, भागीरथीपुरम लेक व्यू प्वाइंट, डोबरा-चांठी लेक व्यू प्वाइंट और टिहरी डैम व्यू प्वाइंट जैसे स्थानों पर नो सेल्फी जोन के साइन बोर्ड लगाए गए हैं।

अजय जाटव ने बताया कि पहाड़ी क्षेत्रों में खासतौर पर पर्यटक जोखिम उठाकर खतरनाक किनारों और ऊंचाई वाले स्थानों पर सेल्फी लेने की कोशिश करते हैं, जो कई बार जानलेवा साबित होती है। ऐसे में यह चेतावनी बोर्ड लोगों को सजग करने और हादसों की संभावना को कम करने में मदद करेंगे।

प्रशासन की इस पहल का उद्देश्य केवल रोकथाम नहीं, बल्कि पर्यटकों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता भी पैदा करना है, ताकि वे अपनी यात्रा का आनंद सुरक्षित ढंग से ले सकें और किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

# जन समस्याओं के निस्तारण में लापरवाही क्षम्य नहीं : डीएम

## समस्याओं के धीमे निस्तारण पर जिला पंचायतराज अधिकारी को कारण बताओ नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** जनपदवासियों की समस्याओं के त्वरित निराकरण करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में प्रत्येक सोमवार को जिला कार्यालय सभागार में जन सुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया किया जा रहा है। आज आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों द्वारा जल भराव, पेयजल, अतिक्रमण, विद्युत, सड़क, राशन कार्ड आदि से संबंधित 28 समस्याएं दर्ज कराई गई। जिलाधिकारी द्वारा 15 समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया शेष समस्याओं को त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान प्रमुख समस्याओं में अंकुर मल्होत्रा ने शिवालिक नगर स्थित न्यू शॉपिंग कॉप्लेक्स में आने जाने वाले मार्ग के दोनों ओर अवैध तरीके से खड़े खोखा, पटरी को हटाने, संदीप कुमार ने इकबालपुर गन्ना मिल पर गन्ने का बकाया का अब तक भुगतान न होने, रामलाल निवासी तहसील भगवानपुर ने पट्टे की भूमि छुड़वाने, उप प्रधान ज्ञानचंद ने ग्राम पंचायत खानपुर ब्रह्मपुर में सरकारी योजनाओं ने भ्रष्टाचार को लेकर शिकायत की। संदीप कुमार निवासी ज्वालापुर ने अपने पुत्र का नाम राशन कार्ड में दर्ज कराने, रूपा गुप्ता ने अपने बच्चों के लिए स्कॉलरशिप दिलवाने, भारतीय किसान यूनियन ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय इब्राहिमपुर में जर्जर भवन को सही करने को लेकर प्रार्थना पत्र दिया।

इसके साथ ही जिलाधिकारी ने लिए शिकायतकर्ताओं से वार्ता करें। जिलाधिकारी ने कहा कि जनता द्वारा जो भी समस्याएं दर्ज कराई जा रही हैं उन समस्याओं को त्वरित एवं समयबद्धता के साथ निराकरण करे। इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही एवं शिथिलता क्षम्य नहीं होगी और लापरवाही एवं शिथिलता क्षेत्र में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों से सम्पर्क में रहें। किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर समस्या समाधान हेतु धरातल पर कार्य करने वाले व्यक्तियों से सीधे सम्पर्क करें ताकि समस्याओं के समाधान में अनावश्यक विलम्ब न हो। बैठक में मुख्य विकास अधि



सीएम हैल्पलाइन पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं की विभागवार समीक्षा के दौरान सीएम हैल्पलाइन पर प्राप्त समस्याओं के धीमे निस्तारण पर जिला पंचायतराज अधिकारी के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सीएम हैल्पलाइन पर प्राप्त समस्याओं के निस्तारण एवं कार्यों में हीलाहवाली करने वाले सभी सहायक विकास अधिकारियों (पंचायत) के खिलाफ नियमानुसार सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश जिला पंचायतराज अधिकारी को दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि सीएम हैल्पलाइन तथा जन सुनवाई में प्राप्त शिकायतों के प्रभावी निस्तारण के करतने वाले संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्ती से करवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने यूसीसी पोर्टल की समीक्षा दौरान सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि यूसीसी के अन्तर्गत विवाह पंजीकरण सहित की गई विभिन्न व्यवस्थाओं की आवश्यकताओं के बारे में जनता को जागरूक करना सुनिश्चित करें तथा सभी पात्र व्यक्तियों का अनिवार्य रूप से विवाह पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कांवड़ यात्रा ड्यूटी पर तैनात सभी सुपर जोनल मजिस्ट्रेट से व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में जोनवार विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी जोनल मजिस्ट्रेट कारी आकांक्षा कोण्डे, अपर जिलाधिकारी वित्त दीपेंद्र सिंह नेगी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पीआर चौहान, मुख्य शिक्षा अधिकारी केके गुप्ता, परियोजना निदेशक केएन तिवारी, जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश, जिला पंचायतराज अधिकारी अतुल प्रताप सिंह, जिला बाल विकास अधिकारी सुलेखा सहगल, जिला अर्थ संख्या आधिकारी नलिनी ध्यानी, अधिशासी अभियंता यूपीसीएल दीपक सैनी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशुतोष भंडारी, एसीएमओ डॉ अनिल वर्मा, आरटीओ प्रवर्तन कृष्ण चंद्र पलारिया, एआरटीओ नेहा झा सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे

# हरकी पैड़ी के समीप चश्मे की दुकान में कांवड़ियों ने की तोड़फोड़, दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कांवड़ मेले में कांवड़ियों के उत्पात मचाने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। रविवार की रात दो कांवड़ियों ने हरकी पैड़ी के समीप शिव विश्राम गृह लॉज के समीप जमकर उत्पात मचाया और चश्में की दुकान में जमकर तोड़फोड़ की। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों कांवड़ियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी कावंड़िए हरियाणा के फतेहाबाद के रहने वाले हैं। कांवड़ियों के दुकान में तोडफोड़ करने की घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की रात दो कांवड़िए अपर रोड़ स्थित शिव विश्राम गृह के



पास चश्मे की दुकान पर चश्मा खरीदने पहुंचे। चश्मा खरीदने के दौरान उनका दुकानदार से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद उग्र हुए कांवड़ियों ने लाठी डंडों से दुकान में जमकर तोडफोड़ कर दी। दुकान में रखा काउंटर भी पूरी तरह तोड़ दिया। इस दौरान कांवडिए का गुस्सा देकर दुकानदार अपनी जान बचाकर दुकान छोड़कर भाग गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने तोड़फोड़ कर रहे मुकेश उर्फ झंडू पुत्र ओमप्रकाश व मुकेश उर्फ काणा पुत्र ओमप्रकाश निवासी सरकारी अस्पताल फतेहाबाद थाना सदर हरियाणा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# शिव आराधना से होती है अंत:करण की शुद्धि : कैलाशानंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी ने कहा है कि देवों के देव महादेव भगवान शिव की आराधना से मन की शुद्धि के साथ अंत:करण की भी शुद्धि होती है। सावन में की जाने वाली शिव आराधना भक्तों की आत्मा का परमात्मा से साक्षात्कार करवाती है। जिससे मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। श्री दक्षिण काली मंदिर में पूरे सावन चलने वाली भगवान शिव की विशेष आराधना के दौरान श्रद्धालु भक्तों को शिव महिमा का सार समझाते हुए स्वामी कैलाशानंद गिरी ने कहा कि भगवान शिव आदि अनादि और निराकार हैं और सृष्टि की उत्पत्ति और अंत के कारक हैं। शिव अपने भक्तों का संरक्षण करने के साथ उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं।

# श्रवणनाथ मठ स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन पूजन से होती है मनोकामनाएं पूरी : श्रीमहंत रविंद्रपुरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि सावन देवों के महादेव भगवान शिव को समर्पित है। सावन में की गयी आराधना से प्रसन्न होकर महादेव शिव भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। चरण पादुका मंदिर में भक्तों को शिव महिमा से अवगत कराते हुए अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि हरिद्वार भगवान शिव की नगरी है। हरिद्वार में कई पौराणिक शिव मंदिर हैं। जिनमें जलाभिषेक और पूजा आराधना



करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। श्रवणनाथ मठ में भगवान पशुपतिनाथ का पांच सौ वर्ष प्राचीन मंदिर स्थित है। जिसका निर्माण नेपाल के राजा ने कराया था। इस मंदिर की विशेषता है कि जो श्रद्धालु भक्त सच्चे मन और पूर्ण विधि विधान से पूजा अर्चना और भगवान शिव का जलाभिषेक करता है। भगवान पशुपतिनाथ की कृपा से उनकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने बताया कि यह भारत का पहला सिद्ध मंदिर है। इस मंदिर से जुड़ी एक और मान्यता है कि जो भक्त इस मंदिर में पूजा अर्चना करता है। उसे नेपाल में स्थित पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन अवश्य करने पड़ते हैं। इस अवसर पर श्रीमहंत रामरतन गिरी, महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरी, महंत दिनेश गिरी, महंत राजगिरी, स्वामी सहजानंद पुरी मौजूद रहे।

# टोलप्लाजा बहादराबाद पर तोड़फोड़ करने वाले तीन के खिलाफ कार्रवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहादराबाद।** गत दिवस पूर्व टोल प्लाजा बहादराबाद पर कावड़ खंडित होने पर कावड़ियों और पुलिस के बीच हुए टकराव में कावड़ियों ने पुलिस की वेन और सहारनपुर डिपो की बस पर जमकर पथराव किया था जिसमे पुलिस वेन बुरी तरह टूटफुट गई और बस को भी काफी नुकसान हुआ था। कावड़ियों और पुलिस के बीच काफी देर तक टकराव के बाद पुलिस ने लाठिया फटकार कर हाइवे पर लगे जाम को खुलवा कर यातायात सुचारु किया। उक्त बवाल में मुख्य तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, गिरफ्तार होने वालों में वीरेंद्र पुत्र रविन्द्र सिंह निवासी सुल्तानपुर, थाना बवाना दिल्ली, गोविन्द कुमार पुत्र कृष्ण कुमार, निवासी ग्राम टेढ़ी सुरेरी, जिला मथुरा, सुमित पुत्र संतोष, निवाड़ी ग्राम चोन डेरे, थाना डिबाई जिला बुलंद शहर को भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धारा और सार्वजनिक संपत्ति निवारण अधिनियम की धारा 3 के तहत जेल भेजा गया है।

# गंगाजल खंडित होने पर कांवड़ियों का गुस्सा फूटा, पुलिस ने की सख्ती, तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहादराबाद।** थाना क्षेत्र के रोहल्की अंडरपास के पास उस समय तनावपूर्ण हालात बन गए जब गंगाजल लेकर जा रहे एक कांवड़िए की कांवड़ से बाइक टकरा गई। टक्कर के बाद गंगाजल खंडित हो गया, जिससे आक्रोशित कांवड़ यात्रियों ने हाईवे पर जाम लगाने की कोशिश की। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और कांवड़ियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन भीड़ उग्र हो गई। मामला बिगड़ता देख पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स को हल्का बल प्रयोग करते हुए लाठीचार्ज करना पड़ा, जिसके बाद कांवड़ यात्री इधर-उधर भाग गए। पुलिस द्वारा तीन हुड़दंगियों को



हिरासत में लिया गया है। पुलिस के मुताबिक, इनके खिलाफ हाईवे जाम करने और कानून व्यवस्था भंग करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया जाएगा। सीओ ज्वालापुर अविनाश वर्मा और इंस्पेक्टर नरेश राठौर मौके पर पहुंचे। इंस्पेक्टर राठौर ने बताया कि तीन उपद्रवियों को हिरासत में लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# संत समाज ने की तेलंगाना के भाजपा नेता टी. राजा सिंह का त्यागपत्र निरस्त करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** भारतीय जनता पार्टी के फायर ब्रांड नेता तेलंगाना के गोशामहल से विधायक टी.राजा सिंह के पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा देने के बाद संत समाज खुलकर टी. राजा सिंह के समर्थन में आ गया है। संत समाज ने भारतीय जनता पार्टी से टी.राजा सिंह का इस्तीफा निरस्त करने का आग्रह किया है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि टी.राजा सिंह सनातन के शेर हैं और राष्ट्रवाद, हिंदुत्व और सनातन धर्म के लिए काम करते है। भारतीय जनता पार्टी उनका इस्तीफा निरस्त करें। उन्होंने कहा कि संत समाज की मांग है कि टी. राजा सिंह भारतीय जनता पार्टी में रहकर सनातन के संरक्षण संवर्द्धन



के अपने अभियान को जारी रखें। कालिका पीठाधीश्वर श्रीमहंत सुरेंद्रनाथ अवधूत महाराज ने कहा कि सनातन धर्म परंपराओं के लिए संघर्ष करने वाले टी.राजा सिंह जैस नेताओं को भाजपा में सम्मान मिलना चाहिए। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को हस्तक्षेप करते हुए टी.राजा सिंह का त्यागपत्र निरस्त करना चाहिए। निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरि ने कहा कि सनातन धर्म को टी.राजा सिंह की काफी आवश्यकता है। भारतीय जनता पार्टी में जो भी मतभेद है उसे जल्द खत्म किया जाए और टी.राजा सिंह का त्यागपत्र निरस्त कर उन्हें सम्मान दिया जाए। स्वामी नागेंद्र ने कहा कि टी.राजा सिंह जैसे सनातन योद्धा के पार्टी छोड़ने से भाजपा को राजनीतिक रूप से नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसलिए भाजपा नेतृत्व को इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करना चाहिए। महामंडलेश्वर स्वामी रूपेंद्र प्रकाश, महामंडलेश्वर स्वामी प्रबोधानंद गिरी, स्वामी अनंतानंद गिरी, स्वामी सहजानंद पुरी, श्रीमहंत रामरतन गिरी, महंत राघवेंद्र दास, महंत सूर्याश मुनि, स्वामी गर्व गिरी, स्वामी ऋषिश्वरानंद, अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता मुखिया महंत दुर्गादास, स्वामी पारस मुनि, सनातन हिंदू वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष अमित वालिया, महंत सूरज दास, महंत रघुवीर दास, स्वामी हरिहरानंद, स्वामी रविदेव शास्त्री, स्वामी सुतिक्ष्ण मुनि, महामंडलेश्वर स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती, स्वामी निर्मल दास, स्वामी कपिल मुनि सहित कई संतों ने टी.राजा सिंह की भाजपा में वापसी की मांग की।

# महिला का मोबाइल छीनकर फरार हुए झपटमार को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** महिला के हाथ से मोबाइल फोन छीनकर फरार हुए बाइक सवार झपटमार को कोतवाली रानीपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से छीना गया मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद हुई है। आरोपी नशे की लत को पूरा करने के लिये झपटमारी की घटना को अंजाम देता था। शिवालिक नगर निवासी महिला ने अज्ञात बाइक सवार पर चटोरी गली शिवालिक नगर के पास मोबाइल फोन छीनकर ले जाने का आरोप लगाते हुए मुकद्मा दर्ज कराया था। मुकद्मा दर्ज करने के बाद आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस टीम ने निर्मल आईटीआई के पास से आरोपी विशाल पाल पुत्र राजेश पाल निवासी पाल मौहल्ला निकट शिव राइस मिल बहादराबाद



को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद कर ली। पूछताछ में आरोपी विशाल ने बताया कि वह नशे का आदी है और नशे की लत पूरी करने के लिए झपटमारी करता है। शिवालिकनगर में पैदल जा रही महिला से मोबाइल छीनने के बाद उसने सिम निकालकर गंगनहर में फेंक दिया था। मोबाइल बेचने के लिये कोई चलता-फिरता ग्राहक ढूंढ रहा पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी, अपर उपनिरीक्षक सुबोध घिल्डियाल, हेडकांस्टेबल प्रदीप, कांस्टेबल उदय चौहान, विवेक गुसांई, दीप गौड़ शामिल रहे।

# पति को पीठ पर बैठाकर कांवड़ यात्रा कराने हरिद्वार आई गाजियाबाद की आशा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** विश्व की सबसे बड़ी आध्यात्मिक यात्रा माने जाने वाले कांवड़ मेले में भगवान शिव के प्रति श्रद्धा, आस्था और विश्वास के अनेक रंग देखने को मिलते हैं। सोमवार को पति-पत्नि के रिश्ते में त्याग और समर्पण की मिसाल देखने को मिली। उत्तर प्रदेश से एक महिला अपने दिव्यांग पति को पीठ पर बैठाकर कांवड़ यात्रा कराने हरिद्वार पहुंची है। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जनपद के मोदीनगर की रहने वाली आशा पति सचिन व दो बच्चों के साथ हरिद्वार आयी है। गंगाजल लेकर यात्रा पर रवाना होने से पूर्व अपने दिव्यांग पति को पीठ पर बैठाकर मंदिरों के दर्शन भी करा रही है। पति और बच्चों संग कनखल स्थित दक्षेश्वर महादेव मंदिर पहुंची 28 वर्षीया आशा ने बताया कि हरकी पैड़ी से गंगाजल भरकर पैदल ही वापस लौटेंगी। उन्हें विश्वास है कि वह इसी तरह पति को पीठ पर बैठाकर 170 किलोमीटर का सफर पूरा कर लेंगी। आशा के पति सचिन ने बताया कि वे पिछले 15 साल से कावड़ लेने हरिद्वार आते हैं। लेकिन बीमारी के चलते चलने फिरने में सक्षम नहीं रहने पर वे पिछले साल कांवड़ लेने नहीं आ पाए थे। इस बार उनकी पत्नी आशा ने उन्हें पीठ पर बैठाकर पैदल यात्रा करने का इरादा बनाया। इसके बाद वे दोनों बच्चों को साथ लेकर हरिद्वार के लिए रवाना हो गए। सचिन ने कहा कि उनकी और उनके पूरे परिवार की भगवान शिव



में गहरी आस्था है। महादेव के आशीर्वाद से उनकी यात्रा अवश्य सफल होगी।

# मेयर किरण जैसल ने तिलभांडेश्वर महादेव मंदिर में किया जलाभिषेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** मेयर किरण जैसल ने कनखल स्थित तिलभांडेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक कर राज्य की खुशहाली एवं कावड़ मेला सकुशल संपन्न होने की प्रार्थना की। इस दौरान मेयर किरण जैसल कहा कि महादेव भगवान शिव की कृपा से कांवड़ मेला सकुशल संपन्न होगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार और हरिद्वार प्रशासन कांवड़ मेले को सकुशल संपन्न कराने और देश भर से आने वाले करोड़ों शिवभक्तों को सुविधाएं प्रदान करने में जुटा हुआ है। मेयर ने कहा कि नगर निगम प्रशासन भी अपनी और से सफाई समेत अन्य सभी सुविधाएं कावंड़ियों को उपलब्ध करा रहा है। विभिन्न मंदिरों में भी कांवड़ियों की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी को मिलकर कर कांवड़ मेला



सकुशल संपन्न कराने में सहयोग करना चाहिए।

# भाकियू (नैन) ने 23 राज्यों में नियुक्त किए प्रदेश अध्यक्ष

## सुरेश कुमार राजपूत उत्तराखंड व सुरेश कुमार छिल्लर बने दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** भारतीय किसान यूनियन (नैन) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जोगेंद्र घासीराम नैन ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए 23 राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए है। जिसमें सुरेश कुमार राजपूत को उत्तराखंड व कमल प्रकाश गुप्ता को उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त करने के साथ ही राष्ट्रीय महासचिव का दायित्व भी सौंपा है। इसके अलावा सुरेश कुमार छिल्लर को दिल्ली, संतोष बिष्ट को हिमाचल प्रदेश, उर्मिला शर्मा को झारखंड, कमल सिंह बघेल




को राष्ट्रीय सचिव, कालूराम जयपुरिया को दिल्ली और पंजाब का प्रभारी और अशोक शर्मा को संगठन का राष्ट्रीय सलाहकार नियुक्त किया है।

प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए चौधरी जोगेंद्र घासीराम नैन ने कहा कि किसान आंदोलन के बाद केंद्र सरकार ने फसल खरीद पर कमेटी बनाने की घोषणा की थी। लेकिन कमेटी में एक भी किसान को शामिल नही किया गया। आंदोलन के दौरान रेलवे और एनएचएआई द्वारा किसानों पर दर्ज कराए मुकदमे वापस लेने का वादा भी सरकार ने पूरा नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि लखीमपुर खीरी में किसानों की हत्या के बावजूद भी मुआवजा राशि नहीं दी गई। हत्या करने वाले आरोपियों के खिलाफ भी कार्रवाई नहीं की गई। आरोप लगाया कि पराली जलाने वाले किसानों पर केस दर्ज किया जा रहा है। लेकिन फैक्ट्रियों से निकलने वाले धुएं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं जा रही है। उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार राजपूत व दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष व उत्तराखंड प्रभारी सुरेश कुमार छिल्लर ने कहा कि वादे के अनुसार किसानों के बिजली बिल माफ करने के बजाए किसानों पर स्मार्ट मीटर थोपे जा रहे हैं। उन्होंने मांग की कि देश में किसानों को 300 यूनिट तक बिजली फ्री दी जाए। लंबित ट्यूबवेल कनेक्शन दिए जाए। प्रभावी फसल बीमा योजना लागू की जाए। किसानों का पूर्ण कर्ज माफ किया जाए। बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में उचित प्रबंध किए जाएं। नकली खाद और बीज बेचने वालों के खिलाफ सजा का प्रावधान किया जाए। किसानों को आवारा पशुओं से निजात दिलाई जाए। दिल्ली किसान आंदोलन में शहीद किसानों की याद में स्मारक बनाने के लिए जमीन उपलब्ध कराई जाए। तय समय पर किसानों को फसलों का भुगतान किया जाए। खेतों के ऊपर से हाइटेंशन तार लगाने का जायज मुआवजा दिया जाए। उन्होंने कहा कि मांगों को लेकर सभी राज्यों में किसानों के बीच जाएंगे और समस्याओं को दूर करने के लिए रणनीति तय की जाएगी। प्रैसवार्ता में सुरेश कुमार राजपूत, कमल प्रकाश गुप्ता, उर्मिला शर्मा, सुरेश कुमार छिल्लर, कालूराम जयपुरिया, अशोक शर्मा, अश्विन बघेल, पदम सिंह बघेल, संतोष बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# पार्षद अहसान अंसारी ने विधायक आदेश चौहान को सौंपा मांग पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** वार्ड 44 त्रिमूर्ति नगर के निर्दलीय पार्षद अहसान अंसारी ने विधायक आदेश चौहान से काजी कालोनी में गलियों का निर्माण, ईदगाड़ रोड़ स्थित बड़े नाले को कवर करने तथा त्रिमूर्ति नगर के आनंद विहार, राम रहीम कालोनी में सीवर लाइन की सुविधा उपलब्ध कराने और बाल्मीकि बस्ती रोड़ पर दोनो और स्थित नालों को कवर कराने की मांग की है। मांगों के संबंध में विधायक आदेश चौहान को पत्र सौपते हुए पार्षद अहसान अंसारी ने कहा कि वार्ड के लोगों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना और वार्ड को आदर्श वार्ड



के रूप में स्थापित करना उनका उद्देश्य है। उन्हें उम्मीद है कि विधायक वार्ड के लोगों की समस्याओं को दूर करने में सहयोग करेंगे। विधायक आदेश चौहान ने अपनी और से पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि समस्याओं के समाधान के लिए जल्द कदम उठाएंगे।

# सरकार भ्रष्टाचार व बड़े घोटालों पर चुप क्योंः दसौनी

## कांग्रेस प्रवक्ता ने प्रदेश में हुए 12 घोटालों की सूची की जारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता, गरिमा मेहरा दसौनी ने मुख्यमंत्री धामी की और से भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने के लिए सम्मानित किए जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह सम्मान राज्य की मौजूदा स्थिति में सिर्फ जनता की आँखों में धूल झोंकने जैसा है। दसौनी ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भ्रष्टाचार अब एक संस्थागत रूप ले चुका है और आए दिन नए घोटाले सामने आ रहे हैं, लेकिन सरकार की चुप्पी यह बताती है कि इन घोटालों को राजनी. तिक संरक्षण प्राप्त है।

गरिमा मेहरा दसौनी ने कहा कि हजारों करोड़ रुपये के विकास कार्यों

**■ उद्यान, सैन्यधाम, पेपर लीक व भर्ती घोटाले पर कब बोलेगी सरकार**

में गड़बड़ी, नकली बिल और बिना काम के भुगतान की खबरें सामने आई हैं। विभागीय अधिकारियों से लेकर मंत्री स्तर तक मिलीभगत के आरोप हैं, लेकिन किसी मंत्री पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होने उद्यान, सैन्यधाम, पेपर लीक व भर्ती घोटाल का उल्लेख करते हुए कहा कि इन सबकी जांच ठंडे बस्ते में डाल दी गई है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि सत्ता में बैठे लोग इससे जुड़े हैं। आय से अधिक संपत्ति मामले में



भाजपा के कई मंत्री असामान्य संपत्ति के मालिक बन चुके हैं, लेकिन इनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। पटवारी भर्ती सहित कई परीक्षाएं लीक हुईं। बेरोजगार युवाओं के भविष्य से खेला गया, लेकिन कुछ बिचौलियों की गिरफ्तारी के बाद मामले को दबा दिया गया। बड़े लोग अब तक दायरे से बाहर हैं।

वहीं, खनन, शराब और भू माफिया सरकार पर हावी है। भाजपा शासन में खनन माफिया बेलगाम हैं। अवैध खनन और शराब ठेकों में बड़े घोटाले हो रहे हैं, मगर उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। वहीं, गरीबों के खिलाफ बुलडोजर चलाए जा रहे हैं।

**हरिद्वार जमीन व स्थानांतरण उद्योग घोटाले**

शिक्षा, स्वास्थ्य, वन, सिंचाई, जैसे विभागों में पोस्टिंग और ठेकों की खुली बोली चल रही है। हरिद्वार नगर निगम ने ग्राम सराय की कृषि भूमि 54 करोड़ में खरीदी, जबकि उसकी वास्तविक कीमत 15 करोड़ थी। यह घोटाला बिना किसी जांच के आगे बढ़ाया गया। नैनिताल के ट्रेजरी अधिकारियों को रंगे हाथों रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया, लेकिन मामला वहीं रुक गया। देहरादून में एक चौकी प्रभारी 1 लाख की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। चमोली जिले में बने बैली पुल में गंभीर निर्माण दोष पाए गए, जो विभागीय लापरवाही और भ्रष्टाचार को दर्शाता है। राज्य के टेक्निकल यूनिवर्सिटी में गंभीर घोटाले हो रहे हैं, जहां कुलपति पर आरोप लग रहे हैं, लेकिन सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाए। उत्तराखंड मुक्त विवि में भी भर्ती घोटाले की घटनाएं सामने आई हैं, जिनकी जांच अब तक नहीं की गई। गरिमा मेहरा दसौनी ने कहा कि राज्य में महिला अपराधों की बढ़ती संख्या और सत्ता में बैठे लोगों का संलिप्त होना भी भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है।

# पोक्सो एक्ट के आरोपी को सहसपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**सहसपुर।** थाना सहसपुर पुलिस ने पोक्सो एक्ट के आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। नाबालिक लड़की को बहला फुसला कर भगा लेने वाले मोहित जैन को गिरफ्तार कर चुकी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 16 जून 25 को वादी कफिल पुत्र अब्दुल कय्युम निवासी रामपुर द्वारा थाना सहसपुर पर आकर तहरीर बाबद खुद की नाबा. लिक पुत्री व उसकी सहेली घर से बिना बताये कही चले जाना तथा तथा मोहित जैन व भारत निषाद पर भगाने का शक के आधार सम्बन्धित दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर थाना सहसपुर धारा 173(2) बीएनएस में मुकदमा दर्ज



किया गया था। मुकदमे की विवेचना महिला एसआई मोनिका मनराल थाना सहसपुर के सुपुर्द की गयी। प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुए अपहर्ताओ की तलाश हेतु थाना सहसपुर से मोनिका मनराल के नेत्रत्व मे टीम का गठन किया था, गठित पुलिस टीम द्वारा 26 जून 25 को मुखबीर की सूचना पर अपहर्ता व अभियुक्त मोहित पुत्र तेजराम निवासी ग्राम सिसोरा सिसा. ेरी थाना बण्डा जिला शाहजहांपुर उ0प्र0 हाल निवासी चोईबस्ती थाना सहसपुर जनपद देहरादून उम्र-21 वर्ष, को चौई बस्ती रामपुर से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था। आरोपी भारत निषाद पुत्र पाल निवासी लांघा रोड छरबा थाना सहसपुर देहरादून उम्र 25 वर्ष घटना के बाद से ही लागातार फरार चल रहा था पुलिस टीम बीते रोज आरोपी भारत निषाद उपरोक्त को उसके घर लांघा रोड छरबा से धारा 137(2)/65(1) बीएनएस व पोक्सो एक्ट में गिरफ्तार किया गया। पुलिस आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

पुलिस टीम में महिला एसआई मो. निका मनराल सहसपुर, सिपाही यशपाल सिंह चौहान, होम गार्ड गिरबीर सिंह शामिल रहे।

# बेहोशी की हालत में पड़े व्यक्ति को डाक्टरों ने किया मृत घोषित

शाह टाइम्स संवाददाता

**सेलाकुई।** थाना सेलाकुई पुलिस ने प्रगति विहार में बेहोशी की हालत में पड़े उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरों ने उक्त व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार समय 11.13 बजे डॉयल 112 पर सूचना प्राप्त हुई थी प्रगति विहार में एक व्यक्ति बेहोशी की हालात में पड़ा हुआ है। उक्त सूचना पर थाना हाजा से वरिष्ठ उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार, उ0नि0 अनित कुमार मय कांस्टेबल विकास कुमार, चीता करंगढ़ में नियुक्त कांस्टेबल उपेंद्र भंडारी, कांस्टेबल फरमान अली, मनोज कुमार को घटनास्थल पर रवाना किया गया।

घटनास्थल पर पहुंचने पर घटनास्थल पर उक्त व्यक्ति सलीम अहमद पुत्र इस्लामुद्दीन निवासी बेहोशी की हालात में होने के कारण मदहोश व्यक्ति के प्राथमिक उपचार हेतु 108 एम्बुलेंस को बुलवाया गया जिनके द्वारा मौके पर बेहोशी की हालत में पड़े व्यक्ति को मृत्यु घोषित किया गया। मौके पर आधार कार्ड मिला जिसमें मृत व्यक्ति का नाम सलीम अहमद पुत्र इस्लामुद्दीन निवासी मंडोरा थाना नहटौर जिला बिजनौर उत्तर प्रदेश हाल निवासी ज्ञानेंद्र सिंह चौहान का मकान प्रगति विहार थाना सेलाकुई उम्र 47 वर्ष ज्ञात हुआ। मृत व्यक्ति के परिजनों के बारे में जानकारी दी गयी।

# अभिभावक शिक्षक संघ कार्यकारिणी का गठन

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** श्री गुरु राम राय इंटर कॉलेज सहसपुर में सोमवार को अभिभावक शिक्षक संघ की बैठक आयोजित की गई और अभिभावक शिक्षक संघ कार्यकरिणी का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से इस्लामुद्दीन को अध्यक्ष और अनिल महंगाई को कोषाध्यक्ष चुना गया।

इसके साथ ही आसमीन, सानिया, मुस्कान, नैना, शहबाज, आसिफ,शोयब, इल्मा,समरीन, तबस्सुम, नाजिया, आदित्य, पंकज, प्रिंस, रागिनी, इरम, जाबिर, दिव्यांशु आदि को कार्यकारिणी का सदस्य चुना गया।

प्रधानाचार्य डॉक्टर रविंद्र सैनी ने सभी कार्यकरिणी पदाधिकारी को बधाई देते हुए विद्यालय और



छात्र-छात्राओं के विकास के लिए प्रयास करने की अपील की। कार्यक्रम में नव नियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि सभी विद्यालयों के विकास के लिए हर संभव प्रयास करते रहेंगे जिससे विद्यालय का चहुंमुखी विकास हो सके। साथ ही छात्र छात्राओं के पठन पाठन में कोई दिक्कत ना हो इसका भी ध्यान दिया जाना चाहिए। कहा विद्यालय प्रशासन के साथ साथ अभिभावकों और पदाधिकारियों को इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है।

इस मौके पर विद्यालय के विकास और शिक्षण कार्य में सुधार को लेकर भी चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने कहा कि छात्रों के भविष्य को लेकर शिक्षकों के साथ ही अभिभावकों को भी विद्यालय का पूर्ण सहयोग करना चाहिए। इस अवसर पर आलोक बिजल्वाण, जयन्त कुमार सिंह, अलका, हेमा, विभा, दीपक, सुरेन्द्र मदान, सत्यपाल, मुकेश, इनायत, बरखा, स्वाति, कुलदीप जोशी, आशुतोष, विक्रांत, रीना, नौशाद, नफीसा, अंशु, नैना, विक्रांत, सलोनी, रचना, संदीप, गुलाब, संजय सैनी आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर .......

### पुलिस ने यात्री का खोया पर्स और मोबाइल लौटाया

**रुद्रप्रयाग।** दिल्ली से केदारनाथ यात्रा पर आए यात्री बिट्टू का मोबाइल फोन केदारनाथ धाम जाते समय गौरीकुंड में कहीं खो गया। अपने स्तर से मोबाइल फोन को ढूंढ़ने के काफी प्रयास किए जाने के बाद जब फोन नहीं मिल पाया तो श्रद्धालु बिट्टू ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस जवान आरक्षी सूरज को अपनी समस्या बताई। पुलिस जवान ने अथक प्रयासों से श्रद्धालु के खोये हुए फोन को सकुशल बरामद कर श्रद्धालु बिट्टू को सौंप दिया। इस पर यात्री ने पुलिस जवान का आभार प्रकट किया गया। वहीं केदारनाथ यात्रा पर आए एक श्रद्धालु का 5 हजार नगदी से भरा पर्स, आधार कार्ड तथा वाहन की चाबी तिलवाड़ा कस्बे में कही गिर गई। मार्ग से गुजर रहे चौकी प्रभारी अपर उपनि. रीक्षक जावेद अली को सौभाग्यवस यह पर्स मिल गया। उन्होन अपने व्यक्तिगत प्रयासों से पर्सधारक से सम्पर्क कर सकुशल पर्स को श्रद्धालु को सौंप दिया। जिस पर श्रद्धालु ने पुलिस का आभार प्रकट किया।

### मंदिर समिति उपाध्यक्ष ने किया रुद्रप्रयाग में कार्यालय उद्घाटन

**रुद्रप्रयाग।।** बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के उपाध्यक्ष विजय कप्रवाण ने जिला मुख्यालय रुद्रप्रयाग के बस अडडे पर अपने कार्यालय का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष कप्रवाण ने कहा कि प्रदेश सरकार के नेतृत्व में चारधाम यात्रा का सफल संचालन हो रहा है। रिकार्ड संख्या में तीर्थ यात्री दर्शनों के लिये पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि मानसून सीजन से निपटने के लिये भी सरकार की पूरी तैयारी हैं। यात्रियों के लिये बेहतर सुरक्षा के इंतजाम किये गये हैं। खासकर केदारनाथ धाम और यात्रा मार्ग पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। यात्रियों को सरकार के साथ ही मंदिर समिति की ओर से बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इस दौरान रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी भी मौजूद रहे और उन्होंने उपाध्यक्ष को शुभकामनाएं दी। कार्यालय के शुभारंभ के अवसर पर बीकेटीसी विश्राम गृह रुद्रप्रयाग के प्रबंधक अनिल भट्ट, प्रमोद कैशिव, कुलदीप चौधरी सहित अन्य मौजूद थे।

फोटो परिचयः रुद्रप्रयागः कार्यालय उदघाटन के अवसर पर विधायक का स्वागत करते मंदिर समिति

### पुलिस ने देशी शराब संतरा के साथ एक दबोचा

**विकासनगर।** कोतवाली विकासनगर पुलिस द्वारा 1 व्यक्ति फिरोज पुत्र निसारत निवासी पुल नंबर 1 डाक्टरगंज थाना विकासनगर को रात्रि चौकिंग के दौरान 56 पव्वे मार्का संतरा अवैध देशी शराब के साथ किया गिरफ्तार। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। पुलिस टीम में सिपाही पदम सिंह, रविंद्र चौहान शामिल रहे।

### पुलिस ने किए दो वारंटी गिरफ्तार

**विकासनगर।** वारंटियों के विरुद्ध प्रचलित कार्यवाही में कोतवाली विक. ासनगर पुलिस द्वारा 2 वारण्टियों जुल्फकार पुत्र जहीद निवासी ढकरानी थाना विकासनगर व आमिर खान पुत्र शाहनजर निवासी भीमावाला थाना विकासनगर को किया गया गिरफ्तार। पुलिस टीम में एसआई संदीप पंवार, सिपाही रजनीश शामिल रहे।

### देशी शराब माल्टा के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**सेलाकुई।** थाना सेलाकुई पुलिस ने 64 टेट्रा पैक अवैध देशी शराब (माल्टा) के साथ 1 व्यक्ति मैनपाल पुत्र हरपाल निवासी शिवनगर बस्ती थाना सेलाकुई को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी के खिलाफ आबक. ारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। पुलिस टीम में सिपाही फरमान, उपेंद्र भंडारी शामिल रहे।

### सड़क पर सरेआम उत्पात मचाने वाला गिरफ्तार

**सहसपुर।** सड़क पर सरेआम उत्पात करते हुए एक व्यक्ति को सहसपुर पुलिस द्वारा धारा 170 बीएनएसएस में किया गिरफ्तार। आज सोमवार को थाना सहसपुर पुलिस को प्राप्त सूचना प्राप्त हुई की एक व्यक्ति आसिफ पुत्र लियाकत निवासी सिहनीवाला थाना सहसपुर में सड़क पर सरेआम आने जाने वाले व्यक्तियो के साथ झगड़ा फसाद कर रहा है व परेशान कर रहा है तथा आने जाने वाले लोगो के साथ मारने पीटने को उतारू हो रहा है। आम जनता के अमन चौन में व्यवधान उत्पन्न कर रहा था पुलिस द्वारा मोके पर पहुंचकर उक्त व्यक्ति को काफी समझाया गया परन्तु मानने को तैयार नहीं हुआ उक्त व्यक्ति को मौके पर गिरफ्तार न किया जाता तो कोई भी संगीन घटना घटित कर सकता था। शान्ति व्यवस्था भंग होने एव संज्ञेय अपराध घटित होने की प्रबल सम्भावना के दृष्टिगत उक्त व्यक्ति को बताकर कारण गिरफ्तारी अन्तर्गत धारा 170 बी0एन0एस0एस0 में गिरफ्तार किया। अभियुक्त को आज सोमवार को न्यायालय पेश किया गया।

# सावन के पहले सोमवार को शिवालयों में उमड़े शिवभक्त

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** सावन के पहले सोमवार पर जलाभिषेक के लिए शिवालयों में बड़ी संख्या में शिवभक्त उमड़े। शिवालयों में हर-हर महादेव का जय घोष गूंजता रहा। मंदिरों के बाहर फूल, बेलपत्र, भांग-धतूरा समेत पूजन सामग्रियों की दुकानें सजी थीं।

मंदिरों में सुबह से श्रद्धालुओं का तांता लगाना शुरू हो गया। लोगों ने दूध, दही और शहद से बाबा भोलेनाथ का अभिषेक किया। चंदन, बेल पत्र, अकवन के फूल, कनेर के फूल, कपूर, धतूरा, भांग जैसी पूजन सामग्री से शिव पूजन किया। काली माता मंदिर के पुजारी पं. प्रमोद जगूड़ी ने बताया कि



सोमवार को शिव के जलाभिषेक का बहुत महत्व है। भगवान शिव आशुतोष कहे जाते हैं, वे जल्द प्रसन्न हो जाते हैं। सावन के हर सोमवार को विधि पूर्वक शिव का अभिषेक किया जाना चाहिए।

पौराणिक नगरी लाखामंडल, काली माता मंदिर कालसी, बूढ़ा केदार मंदिर, प्राचीन शिव मंदिर कैनाल रोड, प्राचीन गणेश मंदिर, सनातन धर्म मंदिर, शिव मंदिर गोरखा बस्ती, सेलाकुई शिव मंदिर में सुबह से ही बाबा भोलेनाथ के भक्तों का आना शुरू हो गया था। जलाभिषेक,

**■ शिवालय हर-हर महादेव के जय घोष से गूंजते रहे**
**लोगों ने दूध, दही और शहद से बाबा भोलेनाथ का किया अभिषेक**

दुग्धाभिषेक के साथ ही रुद्राभिषेक भी किया गया। प्राचीन शिव मंदिर बाड़वाला के पं. सुनील पैन्यूली ने कहा कि सावन माह भगवान शिव का सबसे प्रिय महीना माना जाता है। शिव भक्त इस माह में भगवान शिव की पूजा अर्चना करते हैं। सोमवार को शिव भक्त लंबी कतारों में खड़े होकर जलाभिषके के लिए अपनी बारी का इंतजार करते रहे।

# सरस्वती विद्या मंदिर कालेज में संस्कार भारती की बैठक आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बाबूगढ़ विकासनगर में संस्कार भारती की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य कलीराम भट्ट, चंद्र प्रकाश शर्मा, पुरुषोत्तम दत्त बिजल्वाण (प्रांत संयोजक सेवा शिक्षा विद्या भारती, उत्तराखंड) आदि के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर किया गया।

बैठक में विकासनगर क्षेत्र में चलाये जा रहे संस्कार केन्द्रों के लगभग 10 आचार्य प्रमुखों ने प्रतिभाग किया। पुरुषोत्तम विजल्वाण ने कहा कि संस्कार केंद्र चलाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों में अच्छे संस्कार, नैतिक मूल्य,



और भारतीय संस्कृति का ज्ञान प्रदान करना है। इसके साथ ही, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक चेतना, और देश प्रेम जैसी भावनाएँ भी विकसित करना है। संस्कार केंद्र, जिन्हें 'बाल संस्कार केंद्र' भी कहा जाता है, शिक्षा से वंचित बच्चों को शिक्षा प्रदान करने, उनके शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास में मदद करने, और उन्हें अच्छे नागरिक बनाने के लिए स्थापित किए जाते हैं।

# विद्यालय समायोजन का सभी जगह से कठोर विरोध

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** राजकीय इंटर कॉलेज चकराता के समायोजन प्रस्ताव का अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने तीव्र विरोध किया है। इस संदर्भ में विद्यालय परिसर में अभिभावक-शिक्षक संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता पीटीए अध्यक्ष हुकुम सिंह तोमर ने की। बैठक में प्रधानाचार्य दीपक बिश्नोई ने समायोजन के प्रस्ताव की विस्तृत जानकारी सभी सदस्यों को दी।

प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय को राजकीय क्लस्टर विद्यालय ग्वासापुल में समायोजित करने का प्रस्ताव है, जो वर्तमान विद्यालय से 13 किलोमीटर तथा सेवित गाँवों से 25 से 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इस निर्णय का सभी सदस्यों ने एकमत से विरोध किया और कई गंभीर बिंदुओं पर अपनी आपत्ति जताई।

स्थान परिवर्तन अनुचितः राजकीय इंटर कॉलेज चकराता वर्ष 1976 से विकासखंड मुख्यालय पर स्थित है। ऐसे में इसका समायोजन किसी अन्य विद्यालय में करना शैक्षिक और प्रशासनिक दृष्टिकोण से अनुचित है।

लंबी दूरी की चुनौतीः विद्यालय के सेवित ग्राम टुगरा, ठाणा, रिखाड़, कुनावा, शिवोऊ, हयोंऊ, छटऊ, फटेऊ, मांख्टी एवं बिरमऊ हैं, जिनकी दूरी प्रस्तावित क्लस्टर विद्यालय से 25 से 30 किलोमीटर है। ऐसी स्थिति में बच्चों का प्रतिदिन आना-जाना असंभव है।

बालिका शिक्षा पर प्रभावः विद्यालय




में अध्ययनरत अधिकांश छात्राएँ हैं, जिन्हें इतनी दूर भेजना उनके अभिभावकों के लिए सुरक्षित और संभव नहीं है। इससे बालिका शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

भौगोलिक और सुरक्षा चुनौतियाँः यह क्षेत्र पूरी तरह पहाड़ी है और सर्दियों में बर्फबारी के कारण दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। ऐसे जोखिमपूर्ण हालात में छात्रों को दूर भेजना असुरक्षित है। उच्च शिक्षा की निकटताः विद्यालय से मात्र 500

**■ किसी भी सूरत में अपने बच्चों को नहीं भेजेंगे 30 किलोमीटर दूर क्लस्टर विद्यालय**
**जरूरत पड़ने पर किया जाएगा उग्र आंदोलनः अभिभावक**

मीटर की दूरी पर श्री गुलाब सिंह राजकीय महाविद्यालय स्थित है, जहाँ अधिकांश छात्र-छात्राएँ उच्च शिक्षा ग्रहण करते हैं। ऐसे में विद्यालय को क्लस्टर में शामिल करना तर्कसंगत नहीं है।

भविष्य की संभावनाएँः विद्यालय नवीन चकराता टाउनशिप क्षेत्र में स्थित है, जहाँ भविष्य में जनसंख्या वृद्धि और सुविधाओं के विस्तार की पूरी संभावना है।

बैठक में रोष प्रकट करते हुए अभिभावकों ने निर्णय लिया कि किसी भी स्थिति में वे अपने बच्चों को दूर स्थित क्लस्टर विद्यालय में नहीं भेजेंगे। यदि आवश्यकता पड़ी, तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।

उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि यदि क्लस्टर मॉडल को लागू करना ही है, तो वर्तमान में मुख्यालय पर स्थित राजकीय इंटर कॉलेज चकराता को ही क्लस्टर विद्यालय के रूप में विकसित किया जाए।

बैठक में महावीर सिंह, गोबिंद, कृपाल, संजय चौहान, साहिबों, शमशेर, प्रमिला, नंदा दास, श्यामू, वीरेंद्र रावत, सरिता, भगत, संता दास, सुशील जोशी, मधु आदि अभिभावकों के हस्ताक्षर मौजूद है।

# रामबाड़ा में मंदाकिनी नदी पर बना स्थाई पुल

**रुद्रप्रयाग।** विगत वर्ष 31 जुलाई को केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग पर आई आपदा के दौरान रामाबड़ा में मंदाकिनी नदी पर स्थित अस्थाई पुल बह गये थे। इन पुलों के स्थान पर अब नया फोल्डिंग पुल बनकर तैयार हो गया है और पुल पर आवा. जाही भी शुरू हो गई है। पुल के बन जाने से धाम आने-जाने वाले यात्रियों ने भी राहत की सांस ली है। दरअसल, पिछले वर्ष आई आपदा में राम7बाड़ा में मंदाकिनी में बनाये गये दो अस्थाई पुल नदी के तेज बहाव में बह गये थे। जिस कारण एक माह से अधिक समय तक यात्रा बाधित रही थी।

# संदिग्ध गतिविधियों में शामिल प्रतिष्ठानों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग की ओर से सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में स्थित होटलों में आकस्मिक चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिये गये हैं और नियमों का पालन न करने तथा संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त प्रतिष्ठानों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करने को भी कहा गया है। इसी क्रम में जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा विभिन्न होटल, ढ़ाबों व रिजोर्टों में चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम द्वारा प्रतिष्ठानों के एंट्री रजिस्टर, वहां पर कार्यरत बाहरी स्टाफ का सत्यापन, आगंतुक रजिस्टर की जांच, सीसीटीवी कैमरों की जांच, विदेशी नागरिकों की सूचना एलआईयू को दी गई है या नही सम्बंधी अभिलेख, सीसीटीवी की कार्यशीलता, अग्निशमन विभाग द्वारा प्रदत्त अनापत्ति




प्रमाण पत्र तथा अग्निशमन यंत्रों की कार्यशीलता आदि सम्बन्धी जांच-सत्यापन की कार्यवाही की गई। सभी संचालको को उनके होटल ढ़ाबों में आने वाले ग्राहकों को शराब न पिलाये जाने की हिदायत दी गयी। किसी भी प्रकार की समस्या या अपराध की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिये निर्देशित किया गया। साथ ही भविष्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने अथवा संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्तता पाए जाने पर प्रतिष्ठान स्वामियों-प्रबंधको के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही किये जाने की चेतावनी दी गई। रुद्रप्रयाग कोतवाली प्रभारी मनोज नेगी ने कहा कि रविवार सांय को जिला मुख्यालय सहित आस-पास के सभी होटलों की चेकिंग की गई। इस दौरान सभी होटल, लॉज सहित अन्य को निर्देशित किया गया कि किसी भी प्रकार की अनेतिक गतिविधियां पाई जाती हैं या शिकायत मिलती है तो उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

# हरेला पर्व पर जनपद में पहले दिन होगा 40 हजार पौधे का रोपण

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** जिलाधिकारी प्रतीक जैन के निर्देश पर जनपद में इस वर्ष हरेला पर्व को धूमधाम और व्यापक जनभागीदारी के साथ मनाया जाएगा। पर्व की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की समन्वय बैठक आयोजित की गई, जिसमें हरेला महोत्सव के सफल आयोजन की रूपरेखा तय की गई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत जनपद में पहले दिन 40 हजार से अधिक पौधों के रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया। उन्होंने कहा कि जनपद में चिन्हित स्थानों पर विशेष रूप से फलदार पौधों का वृहत स्तर पर रोपण किया जाएगा, जिससे



पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ स्थानीय लोगों को दीर्घकालीन लाभ भी प्राप्त हो सके। इस वर्ष हरेला पर्व 16 जुलाई से प्रारंभ होकर एक माह तक मनाया जाएगा। पर्व के तहत विद्यालय परिसरों, सार्वजनिक स्थानों, अस्पतालों, विभागीय परिसरों, नदियों के किनारे और नगर क्षेत्रों के पार्कों को पौधारोपण के लिए चयनित किया जाएगा। जनपद में इस कार्य के लिए एक समन्वय समिति का गठन किया गया है, जिसकी अध्यक्षता स्वयं जिलाधिकारी कर रहे हैं। साथ ही प्रभागीय वनाधिकारी को निःशुल्क पौधे उपलब्ध कराने के लिए नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

वृक्षारोपण की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर एक जिला स्तरीय अधिकारी नामित किया गया है, जो संबंधित क्षेत्र में आने वाले सभी स्कूलों, विद्यालयों, अस्पताल केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं मतदान केंद्रों पर पौध पहुंच कराना सुनिश्चित करेंगे। श्री केदारनाथ धाम एवं यात्रा मार्ग की विशिष्टता को देखते हुए निर्णय लिया गया है कि इस क्षेत्र में भी विशेष पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि जल एवं प्रकृति के संबंध को बेहतर बनाने एवं पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से जल जीवन मिशन के तहत निर्मित पानी की टंकियों के समीप भी वृक्षारोपण किया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि हरेला पर्व के अंतर्गत लगाए जाने वाले कम से कम 50 पौधे फलदार प्रजातियों के होंगे। इन पौधों के रखरखाव की जिम्मेदारी संबंधित विभागों के साथ-साथ स्थानीय ग्रामीणों, महिला एवं युवा मंगल दलों, वन पंचायतों तथा लाभार्थियों को सौंपी जाएगी। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी कल्याणी, मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत, उपजिलाधिकारी जखोली भगत सिंह फोनिया, उपजिलाधिकारी ऊखीमठ अनिल कुमार शुक्ला, उपजिलाधिकारी रुद्रप्रयाग याक्षी अरोड़ा, जिला पंचायत राज अधिकारी प्रेम सिंह रावत सहित अन्य मौजूद थे।

## एक नजर

### लंबे समय से फरार दो वारंटी दबोचे

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई में दो वारंटी को गिरफ्तार किया है। चौकी बगवाड़ा पुलिस ने आबकारी अधिनियम के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी प्रीतम सिंह पुत्र कुलवंत सिंह निवासी शिमला पिस्तौर और ट्रांजिट कैंप पुलिस ने एनआई एक्ट के मामले में फरार अजय कुमार पुत्र भजन लाल निवासी जगतपुरा को गिरफ्तार किया है। दोनों को कोर्ट में पेश किया गया।

### इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब ने पौधारोपण किया



शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** हरेला पर्व के अवसर पर इंटरनेशनल पायिनियर्स रामनगर के द्वारा बाल सुंदरी के प्रागण में अर्जुन अमलताल पारिजात, बेलपत्र, रुद्राक्ष, बाटल पाम, फूल के सबके दो दो पौधे लगाये गये। इस अवसर पर संतोष मेहरोत्रा, डॉ गिरीश पन्त, डॉ डीएस गौरव, नवीन तिवारी, माहेश्वर बाजपेयी, दीपांशु अग्रवाल सचिव, शरद अग्रवाल, विजय अग्रवाल अध्यक्ष, राजीव जोशी, वीरेंद्र रावत, सुभाष अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

रामनगर।शांतिकुंज कल्याण समिति की एक बैठक रामनगर के एक रिसॉर्ट में आयोजित की गई।जिसकी अध्यक्षता रोहित बिष्ट और संचालन सचिव सीएस डंगवाल ने किया।बैठक में समिति के अर्धवार्षिक कार्यकलापों के बारे में विस्तार से बताया गया।बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता पूरन चंद्र पांडे द्वारा मानवाधिकार, सोसायटी, नगर पालिका,मोटर कानून, ग्राम पंचायत और कर संबंधित अधिनियम की जानकारी समिति को दी गई। समिति के सदस्यों द्वारा कानून के मामले में कई समस्याओं को उठाया गया जिनका मौके पर निराकरण किया गया।इस दौरान समिति की बैठक में भुवन शर्मा ,धर्मपाल डंगवाल, नवेंदु जोशी, पंकज सती, संतोष पपने,गणेश जोशी, रमेश बिष्ट, प्रदीप पांडे, चंद्रशेखर पंत, हेम पांडे, लक्ष्मण जोशी, अनूप बिष्ट, केएन जोशी शंकर पांडे आदि मौजूद रहें।

### सिटी ऑफ ड्रीम्स का भव्य उद्घाटन

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** बॉलीवुड के बेताज बादशाह शाहरूख खान 2 अगस्त 2025 को श्रीलंका पहुंच रहे हैं। वे सिटी ऑफ ड्रीम्स श्री लंका की भव्य ओपनिंग में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। है कि इस रिजॉर्ट का विकास जॉन कील्स होल्डिंग्स एवं मेल्को रिजॉर्ट्स एण्ड एंटरटेनमेन्ट की साझेदारी में हुआ है। सिटी ऑफ ड्रीम्स श्री लंका की भव्य ओपनिंग 2025 में इस क्षेत्र के सबसे ग्लैमरस आयोजनों में से एक होगी, जहां रिजॉर्ट के कैंपेन 'लैट्स गो, लैट गो' का आधिकारिक लॉन्च भी होगा। इसी के साथ लक्जरी एवं एंटरटेनमेन्ट का नया दौर शुरू होगा, जहां मेहमान विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों, होटल के भव्य कमरों, कायाकल्प करने वाले वैलनैस रीट्रीट्स, लक्जरी रीटेल अनुभवों तथा देश के सबसे बड़े और सबसे बेहत. रीन मीटिंग एवं इवेंट स्पेसेज का अनुभव पा सकेंगे।

### ग्राम मुंडिया कला के मतदाताओं से मिल रहा नेहा परवीन को जीत का आशीर्वाद

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** ग्राम मुंडिया कला से प्रधान पद के लिए महिला प्रत्याशी नेहा परवीन पत्नी आमिर खान ने ग्राम मुंडिया कला में घर घर जाकर जनसंपर्क किया। महिला प्रत्याशी नेहा परवीन पत्नी आमिर खान ने ग्राम मुंडिया कला में डोर टू डोर जनसंपर्क करते हुए मतदाताओं से अपने पक्ष में वोट डालने की अपील की। जनसंपर्क के दौरान नगर के मतदाताओं से नेहा परवीन पत्नी आमिर खान को जीत का आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। मुंडिया के मतदाताओं का भरपूर मिल रहा नेहा परवीन पत्नी आमिर खान को समर्थन। और जीत का इतिहास लिखने जा रहा है। मुंडिया कला में तेजी से बढ़ता नेहा परवीन का जनसंपर्क मतदाताओं के दिलों को छूता जा रहा है। जनसंपर्क के दौरान नेहा परवीन को ग्राम वासियों का प्यार और आशीर्वाद मिल रहा है। मुंडिया कला के मतदाताओं ने ग्राम के विकास के लिए 24 जुलाई को कार के पक्ष में दिल खोलकर मतदान करने का नेहा परवीन पत्नी आमिर खान को भरोसा दिया।

### छात्रा-छात्राओं को विभिन्न कानूनी जानकारी प्रदान की

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** 14 जुलाई को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उधम सिंह नगर के योगेंद्र कुमार सागर के निर्देशन में आदर्श जूनियर बेबी स्कूल में जसपुर के प्राविधिक कार्यकर्ताओं ने छात्र-छात्राओं को विभिन्न विषयक कानूनी जानकारी प्रदान की।

छात्र छात्राओं को जागरुक करते हुए कहा कि जेल में कैदियों के लिए कानूनी जानकारी संवेदनशीलता एवं सजायफ्ता कैदी के लिए क्षमा अधिकार के बारे में जागरूक किया जाना आवश्यक है इसी क्रम में इंटरनेट सोशल मीडिया सड़क सुरक्षा नशा उन्मूलन स्थाई लोक अदालत राष्ट्रीय लोक अदालत तथा टोल फ्री नंबर 15 100 एवं हरेला पर्व के उपलक्ष में छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया तथा उनसे प्रत्येक बच्चे को एक-एक पौधा लगाने के का आवाहन किया इसी क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उधम सिंह नगर से संचालित होने वाली योजनाओं के बारे में भी बताया इस अवसर पर टीम नंबर 14 से पैनल अधिवक्ता संदीप कुमार शर्मा, अजहरुद्दीन, प्रदीप कुमार, पीएलबी टीम में वीर सिंह गौतम, मुनेश देवी , लता कुमारी तथा विद्यालय की प्रधानाचार्य सरिता राजपूत एवं स्कूल का स्वास्थ्य स्टाफ मौजूद रहा।

चुनाव आयोग के निर्देश पर पंचायत चुनावो के बटने लगे सिंबल प्रत्याशियों की लगी भारी भीड़।

### पंचायत चुनावों के चिन्ह बांटने के निर्देश जारी किए

शाह टाइम्स संवाददाता

**चंपावत।** पंचायत चुनाव पर हाईकोर्ट का फैसला आते ही चुनाव आयोग के द्वारा आज 2:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक पंचायत चुनावों के चिन्ह बांटने के निर्देश जारी किए। निर्देश जारी होते ही लोहाघाट ब्लॉक के क्षेत्र पंचायत व ग्राम प्रधान पद के प्रत्याशी बड़ी संख्या में चुनाव चिन्ह लेने चुनाव कार्यालय में पहुंचे ।चुनाव चिन्ह लेने के लिए प्रत्याशियों की भारी भीड़ रही।

लोहाघाट ब्लॉक की रिटर्निंग ऑफिसर बिम्मी जोशी ने बताया चुनाव आयोग के निर्देश पर दोपहर 2:00 बजे से चुनाव चिन्ह बांटने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है जो शाम 5:00 बजे तक चलेगी ।उन्होंने कहा कल मंगलवार को सुबह 8:00 बजे से चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। इस दौरान चुनाव चिन्ह लेने के लिए। प्रत्याशियों की भारी भीड़ रही।किसी प्रत्याशी को ईंट तो किसी को अन्नानास व अन्य चिन्ह आवंटित किए गए ।चुनाव चिन्ह लेकर प्रत्याशी काफी खुश नजर आए। और अपने-अपने चुनाव चिन्ह लेकर अपने चुनाव प्रचार में जुट गए है ।मालूम हो चंपावत जिले के लोहाघाट व पाटी ब्लॉक में प्रथम चरण में मतदान होने हैं। पंचायत चुनाव को लेकर प्रत्याशियों में काफी जोश नजर आ रहा है। पंचायत चुनाव को सकुशल संपन्न करने के लिए प्रशासन अलर्ट मोड में है।

# मानसूनकाल में अलर्ट रहें अधिकारी: टम्टा

**केंद्रीय राज्यमंत्री व सांसद अजय टम्टा ने मानसूनकाल की तैयारियों को लेकर ली जानकारी**



शाह टाइम्स संवाददाता

**पिथौरागढ़।** मानसूनक. ाल-2025 एवं कैलाश मानसरा. ेवर यात्रा-2025 के संबंध में एक बैठक जिला कार्यालय सभागार में केंद्रीय राज्यमंत्री व सांसद सड़क राज्य अजय टम्टा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर मंत्री का जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी एवं पुलिस अधीक्षक रेखा यादव ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया।

तत्पश्चात विनोद गोस्वामी जिलाधिकारी द्वारा मंत्री को जनपद में हो रही अतिवृष्टि और जिला प्रशासन की तैयारियों से उससे संबंधित जानकारी पीपीटी के माध्यम से विस्तारपूर्वक दी गई। तैयारी को लेकर जिलाधिकारी ने मंत्री को अवगत कराया की सभी तहस. ीलों में आपदा प्रबंधन कक्ष बने हैं और उन कक्षों के फोन नंबर भी जनपद में सर्कुलेट किए गए हैं और यह 24X7 कार्यरत है, इसी बीच मंत्री ने व्यवस्थाओं की जांच हेतु धारचूला आपदा प्रबंधन कक्ष में कॉल भी की और पाया कि जिला प्रशासन की तैयारियों चाक चौबंद हैं। जिलाधिकारी ने बताते हुए कहा की आपदा को दृष्टिगत रियल टाइम मॉनिटरिंग की जा रही है। जिलाधिकारी ने बताया कि पुलिस और जिला प्रशासन आपस में समन्वय बनाकर इस आपदा को क्विक रिस्पांस, रियल टाइम इनफॉरमेशन के द्वारा टैकल कर रहा है।

बैठक में जिलाधिकारी ने मंत्री को कैलाश मानसरोवर यात्रा-2025 की भी जानकारी दी। जिनमें प्रथम दल में कुल 45 यात्रियों द्वारा यात्रा, द्वितीय दल में 48 यात्रियों द्वारा यात्रा, एवं तृतीय दल में कुल 46 यात्रियों के दलों की यात्रा गतिमान के संबंध में जानकारी दी गयी। बताया कि प्रथम दल, डेराफुक (चीन), द्वितीय दल लिपुलेख पास, तृतीय दल धारचूला से गुंजी को रवाना हो चुका है एवं चतुर्थ दल आगामी माह अगस्त 5 को जनपद पहुंचेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि यात्रियों को आदि कैलाश दर्शन भी कराया जा रहा है और यात्रियों में काफी उत्साह है। इस पर मंत्री ने जिलाधिकारी एवं जिला प्रशासन की तैयारियों हेतु प्रशंसा की और इसी तरह तत्परता से कार्य करते रहने की गुजारिश भी की। मंत्री ने कैलाश मानसरोवर यात्रा के दृष्टिगत BRO और ITBP की विशेष प्रशंसा की, वहीं इस यात्रा के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को धन्यवाद ज्ञापित किया और प्रशासन को शुभकामनाएं दी। इस दौरान समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों ने बैठक में प्रतिभाग किया।

### विधायक ने अमिता विश्वास के पक्ष में की सभा

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** पंचायत चुनाव प्रचार मे उतरे विधायक शिव अरोरा, उन्होंने रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के खानपुर पूर्व से भाजपा समर्थित प्रत्याशी अमिता विश्वास के पक्ष मे सम्पतपुर क्षेत्र मे चुनावी सभा को सम्बोधित किया।

विधायक अरोरा ने कहा यह त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव जिसमे गांव की सरकार बनाने के लिये सभी को अपने मतों का प्रयोग करना है तो वहीं हाल ही संपन्न हुए निकाय चुनाव में भाजपा ने एकतरफा जीत हासिल कर सभी नगर निगम मे जीत हासिल की थी , वही अब पंचायत चुनाव मे भी भाजपा समर्थित प्रत्याशी अमिता विश्वास एक बार फिर जनता के विश्वास को जीतने मे कामयाब होंगी ।

## प्रशासन की संयुक्त टीम ने किया चुकम ग्राम के वैकल्पिक मार्ग का निरीक्षण



शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** प्रशासन की संयुक्त टीम ने सोमवार को चुकम ग्राम के लिए वैकल्पिक मार्ग का निरीक्षण किया गया।एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि यह मार्ग ग्राम कुनखेत से लगभग 7 किमी दूरी पर है और यह वन विभाग का रास्ता है।यह रास्ता ग्राम कुनखेत और चुकम को जोड़ता है। लेकिन इस रास्ते की स्थिति भी बहुत खराब है। इस रास्ते में 05 रौली भी है।

अधिक वर्षा होने पर इन रौलियो में पानी का जल स्तर बढ़ सकता है। जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा कुनखेत गांव का रास्ता काफी खराब है।वन विभाग को इस रास्ते को ठीक कराने के लिए निर्देशित किया गया है।उन्होंने बताया कि ग्राम वासियों के द्वारा अवगत कराया गया कि ज्यादा बरसात के समय ही उनके द्वारा इस मार्ग का इस्तेमाल किया जाता है।लेकिन कम इस्तेमाल होने के कारण इस रास्ते में काफी अधिक झाड़ियां उगी हुई है।इसको भी ठीक करने के लिए निर्देशित किया गया है।इस दौरान एसडीएम प्रमोद कुमार,तहसीलदार मनीषा मारक. ाना, रामनगर वन प्रभाग के एसडीओ अंकित बडोला,खंड विकास अधिकारी गिरीश चंद्र पाण्डे,सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता मयंक मित्तल,सहायक खंड विकास अधिकारी कुंवर सिंह,सहायक विकास अधिकारी आशुतोष बाफिला,रेंजर इंद्र लाल,राजस्व उप निरीक्षक राहुल आर्य आदि मौजूद रहे।

## श्रावण मास के पहले सोमवार पर निकाली भव्य कलश यात्रा

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** भगवान शिव को समर्पित श्रावण मास के पहले सोमवार को भक्ति भाव से परिपूर्ण उत्साहित श्रद्धालुओं द्वारा ग्रामसभा बरी अंजनिया के टेढाघाट में स्थित महादेव मंदिर से विधिवत पूजा अर्चना व गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश शोभा यात्रा का आयोजन किया गया।

भव्य कलश शोभा यात्रा में क्षेत्र के तमाम श्रद्धालु महिलाओं, पुरुषों, बच्चों एवं जनप्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बरी अंजनिया के टेढाघाट में स्थित शिव मंदिर में प्रात: श्रद्धालुओं ने भगवान महादेव की विधिवत पूजा अर्चना की तत्पश्चात क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में माथे पर कलश रखकर खटीमा मुख्य मार्ग से कलश यात्रा निकालते हुए झनकईया शारदा नहर पर पहुंची



जहां से जल भरने के पश्चात पुन: बरी अंजनिया के टेढाघाट स्थित महादेव शिव मंदिर पर आकर महादेव का विधिवत जलाभिषेक किया।

इस दौरान भगवान शिव के भक्ति से सराबोर श्रद्धालु भक्तों ने बोल बम के नारे लगाए जिससे सारा वातावरण भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा में मीनू देवी, कविता देवी, सरस्वती देवी, प्रभा देवी, विमला देवी, प्रीति देवी, देव श्री, संजय सिंह राणा, जगदीश सिंह राणा, अजय मौर्या, डॉक्टर उत्तम कुमार, भुवन प्रकाश, रोशन लाल, रामसनेही, राम अवतार, पवन राणा, राम दुलारे, अनिल कुमार तथा विकास राणा सहित क्षेत्र की सैकड़ों महिलाएं, पुरुष एवं जनप्रतिनिधि शामिल रहे।

## प्रसिद्ध सिद्ध धाम गुरु गोरक्षनाथ के अखंड अग्नि कुंड 'धुना' को दी जा रही है नई शक्ल

**सीएम पुष्कर सिंह धामी के यहां मठ का आशीर्वाद लेने के बाद, खुल गए हैं विकास के द्वार**

शाह टाइम्स संवाददाता

**चंपावत।** तल्लादेश के सघन वनों के बीच शताब्दियों से गुरु गोरखनाथ की तपस्थली में तब से जल रही अखंड धुना से आज भी अध्यात्म, सेवा, समर्पण की महक आती है।

मंच गांव से लगभग दो किमी दूर स्थित इस स्थान में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा चंपावत से उप चुनाव लड़ने से पूर्व उन्होंने इस स्थान में आकर यहां शताब्दियों से जल रहे ष्धुनाष् की भस्म का तिलक लगाकर गुरु गोरक्षनाथ जी का आशीर्वाद लेते हुए अपने चुनाव अभियान की शुरुआत की थी। जिसमें उन्हें ऐतिहासिक सफलता भी मिली। इसके बाद इस स्थान के विकास का द्वार खुलने लगा। यह गुरु कृपा ही रही होगी कि इस मंदिर की देख रेख के लिए बाबा मस्तनाथ मठ के द्वारा यहां योगी रामनाथ जी को भेजा गया है। जो यहां के विकास के लिए पूरी तरह समर्पित है। 84 गांवों के लोगों के उपासना के इस केंद्र में पहुंचने के लिए सड़क से दो किमी की दूरी तय करनी पड़ती है। जिसमें श्रद्धालु प्रकृति के सुरम्य नजारों को देखकर उनकी आस्था इस यात्रा को काफी



सुगम बना देती है। यहां मंदिर को नई शक्ल देने का कार्य किया जाना है। पर्यटन विभाग द्वारा मंदिर परिसर में टाइले लगाकर उसे चमका दिया है। इसके अलावा वॉच टावर व दो किमी के रास्ते के ऊपर धूप, बारिश से बचाव के लिए टीन शेड भी लगाएं जाने है। तथा मार्ग में यात्रियों के लिए विश्राम करने हेतु चेयर भी बनाए जा रहे हैं।



इधर योगी रामनाथ ने यहां के प्राचीन 'धुना' के पुरातन स्वरूप को बनाए रखते हुए इसके ऊपर टीन शेड डालने की भी तैयारियों की जा रही है। जिसमें सभी सात दर्जन गांव के लोगों से किसी ना किसी रूप में संयोग करने की अपील की जा रही है ताकि लोगो का इस मठ से भावात्मक लगाव बना रहे। इस मठ में लगभग 150 लोगों के रहने की व्यवस्था है।

यहां के जंगलों से बिजली की लाइन गुजरने के कारण उनमें खराबिया आती रहती है। जिससे यहां आने वाले पर्यटकों की परेशानियां बढ़ जाती है। जिसे देखते हुए यहां सोलर पैनल लगाने की तत्कालिक आवश्यकता है। योगी रामनाथ का कहना है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महराज को मेरे द्वारा उन्हें यहां आने का आमंत्रण देने के बाद उनकी इस ओर आने की तीव्र इच्छा बनी हुई है। जिसे देखते हुए यहां सोलर पैनल लगाने की भी तात्कालिक आवश्यकता है।

## रामनगर महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए स्नातक के कला, वाणिज्य व विज्ञान संकायों में प्रथम सेमेस्टर के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार समर्थ पोर्टल पर अपना पंजीकरण करा चुके सभी विद्यार्थियों के प्रमाण पत्रों की जांच कर प्रवेश प्रक्रिया संपादित की जा रही है।

प्रभारी प्राचार्य प्रो.एस.एस.मौर्या ने बताया की स्नातक प्रथम सेमेस्टर के लिए समर्थ पोर्टल पर अब तक बीए में 967 बीकॉम में 284,बीएससी गणित में 100 और बीएससी बायो ग्रुप में 151 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया है। प्राचार्य प्रो.मौर्या द्वारा प्रवेश प्रक्रिया के लिए समितियां गठित कर दी गई है। प्रवेश प्रभारी प्रो.अनीता जोशी ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया के लिए बी.ए.प्रथम सेमेस्टर छात्र वाचनालय में बी.ए.प्रथम सेमेस्टर छात्राओं के प्रवेश पीजी ब्लॉक के



कम्प्यूटर कक्ष में बीकॉम प्रथम सेमेस्टर पीजी ब्लॉक के वाणिज्य विभाग,बीएससी (गणित) प्रथम सेमेस्टर के रसायन विज्ञान विभाग और बीएससी (बायो) प्रथम सेमेस्टर के छात्र छात्राएं जन्तु विज्ञान विभाग में अपने मूल प्रमाण पत्रों की जांच कराकर प्रवेश सम्बन्धी कार्यो को पूर्ण करेंगे।

बता दें कि महाविद्यालय में कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय में स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं व बीएड के अतिरिक्त व्यावसायिक पाठ्यक्रम भी संचालित है। व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में डिप्लोमा इन टूरिज्म स्टडीज, डिप्लोमा इन ईको टूरिज्म, डिप्लोमा इन टूर एंड ट्रेवल मेनेजमेंट, डिप्लोमा इन ऑफिस मेनेजमेंट एंड सेक्रेट्रियल प्रेक्टिस, डिप्लोमा इन कम्प्यूटराईज्ड अकाउंटिंग और पीजी डिप्लोमा इन योग में विद्यार्थी अपना भविष्य बना सकते हैं। महाविद्यालय में एम.ए.योग एवं वैकल्पिक चिकित्सा द्वारा विद्यार्थी योग के क्षेत्र में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना कैरियर बना सकते हैं। महाविद्यालय में संचालित एनसीसी,एनएसएस,रोवर रेंजर्स और क्रीड़ा विभाग के माध्यम से विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कीर्तिमान स्थापित किए हैं।

### पहली बार गंगोलीहाट में लगाया स्वास्थ्य शिविर

**लोहाघाट।** अद्वैत आश्रम मायावती के धर्मार्थ चिकित्सालय द्वारा अब जिले की सीमा को पार करते हुए अपनी निशुल्क चिकित्सा सेवा का कार्य गंगोलीहाट में भी शुरू कर दिया है। हिमालयन ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बिष्ट की पहल पर यहां रविवार को विशेष चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। जिनमें 245 नेत्र रोगियों की वाहय चिकित्सा कर 40 लोगों को नेत्र आपरेशन के लिए चिंहित किया गया। जिनका मायावती आश्रम में निशुल्क आंपरेशन किया जायेगा। इसी प्रकार 98 बच्चों व 49 दंत रोगियों एवं 116 अन्य प्रकार के रोगियों का उपचार कर राहत दी गयी। अद्वैत आश्रम मायावती के अध्यक्ष स्वामी डा. शुद्धिदानन्द जी महाराज के दिशानिर्देशन में चिकित्सालय के प्रभारी स्वामी एकदेवानन्दजी महाराज के नेतृत्व में चिकित्सा शिविर का संचालन बाल रोग विषेशज्ञ डा. देवाषीश पाल, फिजिशियन डा. भानु सिंह राना, दन्त रोग विशेषज्ञ डा. लोकेश जोशी व नेत्र रोग के आप्टोमिस्ट डा. मानव कुण्डु एवं सरस्वती गोराई, आप्टेशियन चिन्मय पाठक, जी.एन.एम. मिल्ट्री दत्ता, अनुसारा गोसाई के अलावा धर्मार्थ चिकित्सालय के मनोज पुनेठा, आदि शामिल थे।

### शोभा कांडपाल ने समर्थकों के साथ किया जनसंपर्क

**रामनगर।** क्षेत्र पंचायत सदस्य के पद के लिए शोभा कांडपाल ने अपने दर्जनों समर्थकों के साथ जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है।शोभा कांडपाल और उनके पति भाजपा नेता विपिन कांडपाल ने बताया कि उनको ग्रामीणों का भरपूर जन समर्थन मिल रहा है। उन्होंने बताया कि अगर क्षेत्र की सम्मानित जनता ने उन्हें मौका दिया तो विकास किया जाएगा।कहा कि ओर प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में हैं और वह भी बड़े बड़े वादों की बात कर रहे हैं लेकिन शोभा कांडपाल के द्वारा वादे के साथ इरादा लेकर आई है।उन्होंने कहा कि बिजली,पानी,अच्छी सड़के बनाई जाएंगी।आधार कार्ड,सरकार द्वारा योजनाओं का लाभ,राशन कार्ड आदि घर घर जाकर बनाया जाएगा।

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०
विद्युत वितरण खण्ड, बड़कोट
CAN- UA 40109 UP 2001 SGC 025867

निविदा विस्तारीकरण

इस कार्यालय के पत्रांक 1051/वि०वि०ख०ब०/दिनाँक 28.06.2025 द्वारा निविदा संख्या 08, 09, 10, 11 एवं 12/25-26, जिनकी निविदा विक्रय की तिथि 08.07.2025 एवं निविदा खोले जाने की तिथि 09.07.2025 थी, को अपरिहार्य कारणों से विस्तारित किया जाता है। अब निविदा पुनः विक्रय की तिथि 11.08.2025 एवं खुलने की तिथि 12.08.2025 को उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख खोली जायेंगी। अन्य नियम एवं शर्ते यथावत् रहेंगे।

पत्रांक : 1195/वि०वि०ख०ब०/टी-7 दिनांक : 09.07.2025 अधिशासी अभियंता

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" "टोल-फ्री नं० -1912"

## पूर्व की भांति जिप्सीयों के पंजीकरण की प्रक्रिया को करने की मांग

**रामनगर।** कॉर्बेट जिप्सी वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश छीमवाल नेतृत्व में जिप्सी वेलफेयर एसोसिएशन ने एक ज्ञापन तराई पश्चिम वन प्रभाग के डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य को दिया। दिए गए ज्ञापन में उन्होंने कहा कि तराई पश्चिमी वन प्रभाग फोटो पर्यटन एको टूरिज्म जॉन के व्हाट्सएप ऐप ग्रुप में रेंजर की तरफ से बिना हस्ताक्षर का एक प्रारूप प्रेषित किया गया है, जिसमें सभी जिप्सी स्वामियों को निर्देशित करते हुए 18 जुलाई तक दिए गए प्रारूप में सूचना भरकर जिप्सी के सभी दस्तावेज इको टूरिज्म गेट प्रभारी फाटो में जमा करने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि वर्षा काल में काम कम होने की वजह से कुछ जिप्सी स्वामियों द्वारा जिप्सी के परमिट तीन महीने के लिए सरेंडर कर दिए जाते हैं।दूसरी तरफ मांगे गए दस्तावेज में पुलिस विभाग द्वारा जारी चालक का चरित्र प्रमाण पत्र और अन्य कागजों को बनाने में लगभग 15 दिन का समय लग जाता है, जिस वजह से जल्दी पेपर जमा कर पाना बहुत कठिन हैं।

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, मोहनपुर, 56-स्पेशल विंग, प्रेमनगर, देहरादून।
कारपोरेट आईडेन्टीटी संख्या : U40109UR2001SGC025867, दूरभाष : 0135-2978072

विद्युत बाधित सूचना

विद्युत वितरण खण्ड, मोहनपुर, के अधीन विद्युत वितरण उपखण्ड, सेलाकुई से पोषित होने वाले समस्त सम्मानित उपभोक्ताओं को अवगत कराना है कि 33/11 के0वी0 उपसंस्थान **सेलाकुई-1** से पोषित **11 केवी0 भाऊवाला फीडर** पर नई लाईन निर्माण का महत्वपूर्ण कार्य प्रस्तावित किये जाने के कारण निम्नांकित 11 के0वी0 पोषकों पर विद्युत आपूर्ति निम्नांकित दिनांक को निम्न सारणी के अनुसार **पूर्ण अथवा आंशिक** रूप से बाधित रहेगी:-

| दिनांक | समय | 33/11 के0वी उपसंस्थान का नाम | 11 के0वी0 फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 15.07.2025 (मंगलवार) | दोपहर 12:00 से 15:00 बजे तक | 33/11 के0वी0, उपसंस्थान सेलाकुई-1 | 11 केवी0 भाऊवाला | भाऊवाला, बेलोवाला, राजावाला, भगवानपुर, माण्डूवाला, डूँगा, कांसवाली इत्यादि। |

अतः समस्त उपभोक्ताओं से निवेदन है कि इस कार्य हेतु अपनी वैकल्पिक व्यवस्था बनायें रखें एवं कार्य में विद्युत विभाग को सहयोग करने की कृपा करें।

No. 411 / EE(CM) / UPCL / A-2 Dt. 14.07.2025 अधिशासी अभियन्ता

राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी. बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं० 1912) विद्युत बिलों के 24X7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं (विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं० 1800 180 4185/फैक्स सं० 0135-2760911 पर दें)

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादक:
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक
चेतन गुरूंग

देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

खेल विशेष

## जैनिक सिनर ने जीता विंबलडन मेंस का खिताब

**लंदन, वार्ता।** वर्ल्ड नंबर-1 जैनिक सिनर ने विंबलडन के मेंस सिंगल्स का खिताब जीत लिया है। सिनर ने पहली बार यह टाइटल जीता है। वे विंबलडन चैंपियनशिप का मेंस सिंगल्स टाइटल जीतने वाले इटली के पहले खिलाड़ी बने हैं। लंदन के आल इंग्लैंड क्लब के सेंटर कोर्ट में इटली के सिनर ने रविवार रात को 3 घंटे 4 मिनट चले मुकाबले में स्पेन के कार्लोस अल्काराज को 4-6, 6-4, 6-4, 6-4 से हराया। इस जीत के साथ सिनर ने अल्काराज से 5 हफ्ते पुराना हिसाब भी चुकता कर लिया है। 8 जून 2025 को अल्काराज ने सिनर को हराकर फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था। सिनर ने पहली बार विम्बलडन ट्रॉफी जीती है। वे विंबलडन चैंपियनशिप के मेंस सिंगल्स टाइटल जीतने वाले इटली के पहले खिलाड़ी हैं। यह सिनर का चौथा ग्रैंड स्लैम टाइटल है। वे आस्ट्रेलिया ओपन में 2 (2024, 2025) और ै ओपन में एक (2024) बार चौंपियन बन चुके हैं। मैं अपने सपने को जी रहा हूं- सिनर सिनर ने पहली बार विम्बलडन जीतने पर कहा, मेरे अलावा सिर्फ मेरे करीबी लोग ही जानते हैं कि हमने टेनिस कोर्ट और कोर्ट के बाहर क्या कुछ झेला है। ये बहुत स्पेशल है। मैं अपने सपने को जी रहा हूं। सिनर से लगातार 5 जीत के बाद हारे अल्कराज विंबलडन के पिछले 2 टाइटल जीतने वाले अल्कराज अपने इटैलियन प्रतिद्वंद्वी सिनर के खिलाफ 5 मैच बाद हारे हैं। अल्कराज ने 3 घंटे 4 मिनट चले इस मैच का पहला सेट 6-4 से जीता और मैच में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। यहां से इटली के सिनर ने लगातार तीन सेट 6-4, 6-4, 6-4 से जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। इगाने जीता विमेंस सिंगल्स का खिताब एक दिन पहले शनिवार, 12 जुलाई को इगा ने विंबलडन के विमेंस सिंगल्स का खिताब जीता था।

# इंग्लैंड ने लॉड्र्स टेस्ट 22 रन से जीता

### 193 रन नहीं बना सका भारत, सीरीज में 1-2 से पिछड़ा, आर्चर-स्टोक्स को मिले 3-3 विकेट



**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड ने लार्ड्स टेस्ट में भारत को 22 रन से हरा दिया। सोमवार को मैच के 5वें दिन भारत को 135 रन बनाने थे, 6 विकेट बाकी थे। टीम ने 112 रन बनाने में ही सभी विकेट गंवा दिए। इसी के साथ इंग्लैंड ने 5 टेस्ट की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में 2-1 की बढ़त बना ली। चौथा टेस्ट 23 जुलाई से मैनचेस्टर में खेला जाएगा। गुरुवार, 10 जुलाई को लंदन में इंग्लैंड ने बैटिंग चुनी। दोनों टीमें पहली पारी में 387-387 रन ही बना सकीं। दूसरी पारी में इंग्लैंड ने 192 रन बनाए।

193 रन के टारगेट के सामने भारत से केएल राहुल (39 रन) और रवींद्र जडेजा (नाबाद 61 रन) ही फाइट दिखा सके। बाकी कोई भी बैटर 15 रन का आंकड़ा भी नहीं छू सका। इंग्लैंड से बेन स्टोक्स और जोफ्रा आर्चर ने 3-3 विकेट लिए। 75वां ओवर डाल रहे शोएब बशीर ने मोहम्मद सिराज को बोल्ड कर दिया। इसी के साथ भारतीय टीम दूसरी पारी में 170 रन पर ऑलआउट हो गई और 22 रन से हार गई। 74वें ओवर में जोफ्रा आर्चर की बाल मोहम्मद सिराज के कंधे पर लगी। आर्चर ने ओवर की आखिरी बाल बाउंसर डाली थी। सिराज ने इससे इससे बचने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुए। आखिरी दिन का दूसरा सेशन भारत के नाम रहा।

31.1 ओवर के इस सेशन में भारत ने एक विकेट खोकर 51 रन बना डाले। रवींद्र जडेजा ने जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के साथ साझेदारी की। उन्होंने इंग्लैंड के जीत के इंतजार को बढ़ा दिया। रवींद्र जडेजा ने 68वें ओवर की पहली बाल पर चौका लगाकर फिफ्टी पूरी की। उन्होंने बेन स्टोक्स की लेंथ को स्लिप के ऊपर से खेला और अर्धशतक पूरा किया। जडेजा ने लगातार चौथी पारी में फिफ्टी पूरी की है। 67वें ओवर में भारत ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया था। रवींद्र जडेजा ने बेन स्टोक्स के ओवर की आखिरी बाल पर चौका लगाया और स्कोर 150 पार पहुंचा दिया था। 62वें ओवर में भारतीय टीम ने 9वां विकेट गंवा दिया।

यहां जसप्रीत बुमराह 54 बाल पर 5 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें बेन स्टोक्स ने सब्सिट्यूट प्लेयर सैम कुक के हाथों कैच कराया। बुमराह ने जडेजा के साथ 132 बाल पर 35 रनों की साझेदारी की। रवींद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह की जोड़ी ने इंग्लैंड की जीत का इंतजार बढ़ा दिया। । दोनों ड्रिंक्स ब्रेक तक 81 बाल खेल चुके थे। इंडियन टीम ने 40वें ओवर की तीसरी बाल पर 8वां विकेट गंवाया था। 48वें ओवर में रवींद्र जडेजा क्रिस वोक्स की बाल पर आउट होने से बचे।





# चेल्सी ने जीता फीफा क्लब विश्वकप

**● 23 वर्षीय पाल्मर को मैन ऑफ द मैच और टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया**



**न्यूयॉर्क, वार्ता।** कोल पाल्मर के पहले हाफ में किये गए दो गोल और जोआओ पेड्रो के एक गोल की बदौलत चेल्सी ने फ्रेंच क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को 3-0 से हराकर फीफा क्लब विश्वकप के पहले संस्करण का खिताब अपने नाम किया। मेटलाइफ स्टेडियम में रविवार रात खेले गए फाइनल मुकाबले में पाल्मर ने अपनी टीम के लिए 22वें मिनट में गोल किया, और आठ मिनट बाद 30वें मिनट में दूसरा गोलकर बढ़त को दोगुना कर दिया। इसके बाद जोआओ पेड्रो ने तीसरा गोल दागकर स्कोर को 3-0 कर दिया। पीएसजी ने दूसरे हाफ में जवाबी हमला किया, लेकिन चेल्सी के गोलकीपर रॉबर्ट सांचेज ने उनके सभी प्रयासों को विफल कर दिया। पीएसजी की वापसी की सारी उम्मीदें 84वें मिनट में उस समय धराशायी हो गईं जब मार्क कुकुरेला के बाल खींचने के कारण जोआओ नेवेस को मैदान से बाहर भेज दिया गया। मैच में दो शानदार गोल करने वाले 23 वर्षीय पाल्मर को मैन ऑफ द मैच और टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

## भारतीय शतरंज प्रतिभाओं ने चमक बिखेरी-7 पदक हासिल किए

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने अंडर-8 से अंडर-12 आयु वर्ग के फिडे विश्व कप में कुल 18 में से 7 पदक जीतकर विश्व शतरंज में अपने बढ़ते प्रभुत्व का एक बार फिर प्रदर्शन किया है। यह इस आयोजन में किसी भी देश द्वारा जीते गए सर्वाधिक पदकों का रिकॉर्ड है, जिसने भारत की वैश्विक शतरंज महाशक्ति के रूप में स्थिति को और मजबूत किया है।

# एडेन मारक्रम-मैथ्यूज जून के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए

**● प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार फिर से प्राप्त करना मेरे लिए सम्मान की बात है: हेली मैथ्यूज**

**दुबई, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज एडेन मारक्रम को पुरुष वर्ग और वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज को महिला वर्ग में जून 2025 का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा गया है।

मारक्रम ने लॉड्र्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में अपने साथी खिलाड़ी कैगिसो रबाडा और श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका को पछाड़कर पुरुष वर्ग का पुरस्कार जीता। 30 वर्षीय सलामी बल्लेबाज मारक्रम ने 207 गेंदों पर 136 रनों की शानदार पारी खेली और कप्तान तेम्बा बावुमा के साथ तीसरे विकेट के लिए 147 रनों की साझेदारी कर 282 रनों के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा किया। पाँच विकेट की इस जीत ने दक्षिण अफ्रीका को 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी के बाद पहली बार आईसीसी खिताब जीतने में मदद की। इसके साथ मारक्रम ने दोनों पारियों में एक-एक विकेट भी लिया। महिला वर्ग में मैथ्यूज ने दक्षिण अफ्रीका की ताजमिन ब्रिट्स और हमवतन अफी फ्लेचर को पछाड़कर ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर एश्ले गार्डनर के बाद चार बार यह पुरस्कार जीतने वाली दूसरी खिलाड़ी बन गईं। वेस्टइंडीज की कप्तान ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैचों में 104 रन बनाए, जिसमें तीसरे मैच में एक अर्धशतक भी शामिल है। उन्होंने श्रृंखला में चार विकेट भी लिए। जून माह का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने जाने पर मार्कराम ने कहा कि यह पुरस्कार प्राप्त करना मेरे लिए सम्मान की बात है। हमारी टीम और दक्षिण अफ्रीका के लिए आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की जीत में योगदान देना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैथ्यूज ने कहा कि प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार फिर से प्राप्त करना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं हाल ही में अपने प्रदर्शन से खुश हूँ, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि टीम की सफलता में योगदान देना बहुत अच्छा रहा।खासकर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक कड़ी टी-20 सीरीज में।

# डकेट के विकेट का जश्न मनाने पर सिराज पर लगा जुर्माना



**लॉड्र्स, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारतीय गेंदबाज मोहम्मद सिराज पर बेन डकेट का विकेट लेने पर प्रतिक्रिया स्वरुप जश्न मनाने और बल्लेबाज से टकराने को लेकर 15 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना लगाया और एक डेमेरिट अंक उनके खाते में जोड़ा गया।

यह घटना भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन हुई। बेन डकेट को आउट करने के बाद मोहम्मद सिराज द्वारा व्यक्त की गई प्रतिक्रिया और वापस लौट रहे बल्लेबाज से टकराने को लेकर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना और एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया। 24 महीने की अवधि में यह दूसरी बार है जब उनके खाते मे डिमेरिट अंक जोड़ा गया है। उन्हें आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-5 का उल्लंघन का दोषी पाया गया।

# एमआई न्यूयॉर्क ने जीता मेजर लीग क्रिकेट का खिताब

**● कुंवरजीत की 13 गेंदों में नाबाद 22 रनों की तेज पारी एमआई की जीत में अहम साबित हुई**




**वॉशिंगटन, वार्ता।** एमआई न्यूयॉर्क ने वाशिंगटन फ्रीडम को रोमांचक मुकाबले में पांच रन से हराकर मेजर लीग क्रिकेट 2025 का खिताब जीता।

अमेरिका के डलास में ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में सोमवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में एमआई न्यूयॉर्क ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 180 रन बनाए। क्विंटन डिकॉक ने सबसे अधिक 77 रनों की पारी खेली। मोनांक पटेल ने भी तेज 28 रन जोड़े। कुंवरजीत सिंह की 13 गेंदों में नाबाद 22 रनों की तेज पारी एमआई न्यूयॉर्क के स्कोर को 180 तक पहुंचाने में अहम साबित हुई। वाशिंगटन फ्रीडम के पास खिताब बचाने का अच्छा अवसर था क्योंकि ग्लेन मैक्सवेल और ग्लेन फिलिप्स आखिरी ओवर में क्रीज पर थे, लेकिन 22 साल के अमेरिकी गेंदबाज रशील उगारकर ने दबाव में शानदार गेंदबाजी की और आखिरी ओवर में 12 रन बचाते हुए एमआई न्यूयॉर्क को दूसरी बार चैंपियन बना दिया। वाशिंगटन की शुरुआत अच्छी नहीं रही।

पहले ही ओवर में शून्य स्कोर पर ट्रेंट बोल्ट ने मिचेल ओवेन और एंड्रीस गाउस को आउट कर दिया। इसके बाद रचिन रविंद्र ने 41 गेंदों में 70 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। जैक एडवड्र्स ने भी 22 गेंदों में 33 रन बनाए। दोनों बल्लेबाजों के बीच 84 रनों की साझेदारी हुई, जिससे वाशिंगटन की उम्मीदें जिंदा रहीं। मगर उगारकर और नोस्थुश केनजिगे ने अहम विकेट लेकर मैच का रुख पलट दिया।

# हमारे ड्रेसिंग रूम में अभी भी मजबूत बल्लेबाज है, जो जीत दिला सकते है: वॉशिंगटन

**● हमने जैसा सोचा था चीजें पूरी तरह से वैसी नहीं हुई, लेकिन हम सकारात्मक मानसिकता के साथ फिर आएंगे**

**लॉड्र्स, वार्ता।** इंग्लैंड की दूसरी पारी में चार विकेट झटकने वाले भारतीय टीम के ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर ने कहा कि अभी भी हमारे ड्रेसिंग रूम में मजबूत बल्लेबाज है जिनके दम पर हम यह टेस्ट जीत सकते है।चौथे दिन के खेल की समाप्ति के बाद वॉशिंगटन ने मीडिया से बातचीत में कहा कि हमने जैसा सोचा था चीजे पूरी तरह से वैसी नहीं हुई लेकिन हम सकारात्मक मानसिकता के साथ कल आएंगे।

ड्रेसिंग रूम में अभी भी हमारे पास काफी मजबूत बल्लेबाज मौजूद हैं। लॉड्र्स में टेस्ट जीतना बेहद खास होगा। इंग्लैंड के खिलाफ अपने प्रदर्शन को लेकर वॉशिंगटन ने कहा कि यह गेंद के साथ मेरे लिए सर्वश्रेष्ठ दिनों में से एक था, विशेष रूप से भारत के बाहर। मैं इस मैच से पहले कुछ योजना के साथ आया था और मैं उस रणनीति को अमलीजामा पहनाना चाहता था। मैं टीम के लिए हर चरण में योगदान देना चाहता था और मैं जिस तरह से प्रदर्शन करने में सफल रहा यह मेरे लिए सुखद अनुभव है। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ता है। विशेषकर इंग्लैंड में प्रदर्शन करना मेरे लिए काफी मायने रखता है क्योंकि इससे पता चलता है कि मैं इन परिस्थितियों में भी टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन कर सकता हूं।



# शादी के सात साल बाद अलग हुए साइना नेहवाल-पारुपल्ली

**● साइना नेहवान ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट लिखकर अपने अलग होने की पुष्टि की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल और पारुपल्ली कश्यप शादी के सात साल बाद आधिकारिक तौर पर अलग हो गए है। साइना ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट लिखकर अपने अगल होने की पुष्टि की।

उन्होंने लिखा कि कई बार जिंदगी हमें अलग रास्तों पर ले जाती है। सोच-विचार के बाद, कश्यप पारुपल्ली और मैंने अलग होने का फैसला लिया है। हम शांति, आगे बढ़ने और खुद को समझने के रास्ते को चुन रहे हैं। उन्होंने आगे लिखा कि बीते पलों के लिए शुक्रिया और आगे के लिए शुभकामनाएं। इस समय हमारी निजता का सम्मान करने के लिए धन्यवाद। भारतीय खेलों में कभी शक्तिशाली जोड़ी माने जाने वाले इस जोड़े ने हैदराबाद स्थित पुलेला गोपीचंद अकादमी में एक साथ प्रशिक्षण लिया और बाद में 2004 में डेलटग शुरू की। करीब दस वर्ष की मित्रता के बाद 2018 में दोनों खिलाड़ी वैवाहिक बंधन में बंधे थे। वर्षों तक दोनों भारतीय खेल जगत की सबसे चर्चित जोड़ी में रहे। दोनों ही खिलाड़ियों का पेशेवर सफर उल्लेखनीय उपलब्धियों से भरा रहा है। साइना ने 2012 के लंदन ओलंपिक में विश्व की नंबर वन रैंलकग और कांस्य पदक जीतकर अपनी पहचान बनाई, वहीं पारुपल्ली ने 2014 के राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर और डब्ल्यूएफ की शीर्ष 10 रैंलकग में जगह बनाई। पारुपल्ली ने 2024 में बैडमिंटन से संन्यास ले लिया था। बीते कुछ सालों में वह साइना के कोच भी रहे। उनका रिश्ता पहले ट्रेनिंग पार्टनर से कोच-एथलीट की जोड़ी में बदला।

# ऑस्ट्रेलिया ने विंडीज को 143 रन पर रोका

**● दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने स्टंप तक 6 विकेट पर 99 रन बना लिए है**

**जमैका, वार्ता।** गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन वेस्टइंडीज को पहली पारी में 143 के स्कोर पर समेटने के बाद 82 रनों की बढ़त हासिल कर ली इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए स्टंप्स तक छह विकेट पर 99 रन बना लिए हैं और कुल 181 रनों की बढ़त के साथ मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है।

दूसरे दिन वेस्टइंडीज ने एक विकेट पर 16 रन से आगे खेलना शुरु किया। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज के बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सके और एक-एक करके विकेट गवां रहे। वेस्टइंडीज का दूसरा विकेट ब्रैंडन किंग (14) के रूप में गिरा। इसके बाद कप्तान रॉस्टन चेज (18), जॉन कैंपबेल (36), मिकाइल लुईस (सात), शे होप (23), अल्जारी जोसेफ (दो) रन बनाकर आउट हुए। जस्टिन ग्रीव्स (18) रनआउट हुए। शमार जोसेफ (आठ) के रूप में वेस्टइंडीज का आखिरी विकेट 52-1 ओवर में 143 रन पर गिरा। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी के आधार पर 82 रनों की बढ़त ले ली। ऑस्ट्रेलिया की ओर से स्कॉट बोलैंड ने तीन विकेट लिए। जॉश हेजलवुड और पैट कमिंस ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया। मिचेल स्टार्क और बो वेब्स्टर को एक-एक विकेट मिला। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 19 के स्कोर पर अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गवां दिये। सैम कॉन्स्टास (शून्य) और उस्मान ख्वाजा (14) रन बनाकर आउट हुए। दोनों ही बल्लेबाजों को शमार जोसेफ ने आउट किया। इसके बाद अल्जारी जोसेफ ने ऑस्ट्रेलिया के तीन बल्लेबाजों को आउट किया। स्टीव स्मिथ (पांच), एलेक्स कैरी (तीन), बो वेब्स्टर (13) रन बनाकर आउट हुए। ट्रेविस हेड (16) को ग्रीव्स ने आउट किया। दूसरे दिन स्टंप के समय ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में छह विकेट पर 99 रन बनाकर लिए है और उसकी कुल बढ़त 181 रनों की हो गई। वेस्टइंडीज की ओर से अल्जारी जोसेफ ने तीन और शमार जोसेफ ने दो विकेट लिए। जस्टिन ग्रीव्स ने एक बल्लेबाज को आउट किया। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 225 रन बनाये थे।

## रग्बी विश्वकप 2027 क्वालीफाई को लेकर भिड़ेंगे जिम्बाब्वे और नामीबिया

**कंपाला, वार्ता।** जिम्बाब्वे और नामीबिया रग्बी अफ्रीका कप फाइनल में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया में 2027 में होने वाले रग्बी विश्वकप में सीधा क्वालीफाई के लिए भिड़ेंगे। नामीबिया ने रविवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल मुकाबले में अधिकतर समय गेंद पर कब्जा और क्षेत्र में दबदबा बनाये रखते हुए अल्जीरिया को 21-7 से हराया। अगर नामीबिया इस फाइनल मुकाबले में जीत दर्ज करता है तो यह आठवीं बार होगा जब वह विश्वकप में जगह बनायेगा। वहीं मंडेला नेशनल स्टेडियम में खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में जिम्बाब्वे ने केन्या को 29-23 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। जिम्बाब्वे हाफटाइम तक केन्या से 18-13 से पीछे था, लेकिन दूसरे हाफ में उसने वापसी करते हुए 16 अंक बनाकर जीत हासिल की।

## लिब्बरहेड़ी सहकारी गन्ना मंगलौर की प्रबंध कमेटी की बैठक संपन्न

# समिति किसान हितों के लिए करेगी काम : नीशू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** लिब्बरहेड़ी सहकारी गन्ना विकास समिति लिव मंगलौर की प्रबंध कमेटी की बैठक समिति कार्यालय में अध्यक्ष नीशू राठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।



जानकारी के अनुसार बैठक में समिति के आय-व्यय का अनुमोदन, समिति उपविधियों के अंतर्गत संचालक का आमेलन, चीनी मिलों से समिति का विकास अंशदान प्राप्त कराये जाने, समिति का संतुलन पत्र बनाये जाने, सामायिक लिपिकों को कार्य पर बुलाये जाने,समिति क्षेत्र के ग्राम सिक्खर में खाद गोदाम खोले जाने,गन्ना विकास परिषद, लिब्बरहेड़ी के चुनाव कराये जाने एवं समिति में सफाईकर्मी की व्यवस्था कराये जाने पर विचार किया गया, सभी प्रस्ताव उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से पास किए, बैठक में उपाध्यक्ष विनोद कुमार, संचालक पवन सैनी, अनुराग राठी, अंगूरी देवी, सरोज देवी, बीरबाला,ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक प्रमेन्द्र कुमार, सचिव प्रभारी अनंत सिंह मौजूद रहे, समिति की अध्यक्ष नीशू राठी ने कहा कि समिति की पूरी प्रबंध कमेटी क्षेत्र के गन्ना किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य करेगी तथा किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता पर हल करेगी, किसान हित सर्वोपरि रहेगा, उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सम्मानित गन्ना किसानों ने जो जिम्मेदारी उन्हें दी है वह एवं पूरी प्रबंध कमेटी उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगी, नीशू राठी ने ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक एवं सचिव को निर्देशित किया कि शीघ्र ही गन्ना सर्वे का प्रदर्शन समिति क्षेत्र के प्रत्येक गांव में पारदर्शिता के साथ किया जाए, बैठक के पश्चात प्रबंध कमेटी का समिति स्थित चौधरी चरण सिंह सभागार में समिति एवं परिषद के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया!

# ड्यूटी के साथ कलियर पुलिस कर रही शिव भक्तों की सेवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** पुलिस ड्यूटी के साथ साथ शिव भक्तों की सेवा कर कावड़ियों का हौसला भी बढ़ा रही हैं।कलियर पुलिस ने कावंड़ियों को फल और पेय पदार्थ वितरित किए।

कावड़ मेले को शकुशल संपन्न कराने के लिए हरिद्वार पुलिस अपनी ड्यूटी देकर अपना कर्तव्य निभा रही है तो वहीं दूसरी ओर शिव भक्त कावड़ियों की सेवा कर अपना धर्म भी निभा रही है।जल लेकर कावंड़ पटरी से अपने गंतव्य पर जा रहे शिव भक्त कांवड़ियों को कलियर



थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार ने पुलिस कर्मियों के साथ मिलकर शिव भक्तों को फल और पेय पदार्थ वितरित किए।इस मौके पर इमलीखेड़ा चौकी प्रभारी उमेश कुमार,धनोरी चौकी प्रभारी पुष्कर सिंह ,एसएसआई बीएस चौहान, विशाखा राठौर आदि मौजूद रहें।

# कांवड़ पटरी पर पेड़ गिरने से बाल-बाल बचे शिवभक्त

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** कांवड़ पटरी पर विशालकाय पेड़ गिरने से शिवभक्त बाल-बाल बच गए। सूचना मिलने पर अग्निशमन कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर पेड़ को हटाया। जिसके बाद शिवभक्तों और अग्निशमन कर्मचारियों ने राहत की सांस ली।

सावन में मौसम सुहाना होने से कभी धूप तो कभी बारिश हो रही है। सोमवार सुबह मौसम ने अचानक करवट बदली और बारिश शुरू हो गई। जिसके बाद कांवड़ पटरी पर एक विशालकाय पेड़ अचानक भर-भराकर गिर पड़ा। गनीमत रही की पेड़ के गिरने से पहले शिवभक्त वहां से अचानक पीछे हट गए। वरना बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना मिलने पर अग्निशमन कर्मचारी मौके पर पहुंचे। अग्निशमन कर्मचारियों ने वुड कटर मशीन से पेड़ को पटरी से हटाया। तब जाकर पटरी पर स्थिति सामान्य हो पाई। इस मौके पर अग्निशमन कर्मचारी अतर सिंह राणा, विपिन सैनी, विपिन सिंह तोमर और हरिश्चंद्र राणा मौजूद रहे।

## कांवड़ यात्रा के चलते दिल्ली का सफर हुआ मुश्किल

# 226 किलोमीटर दौड़ रही हैं रोडवेज बसें

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** कांवड़ यात्रा से जनजीवन प्रभावित होने लगा है। औद्योगिक क्षेत्र मुश्किल में है। जबकि यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई है। अब रोडवेज भी कांवड़ यात्रा से लंबी दौड़ लगा रही है। जहां रुड़की से दिल्ली का सफर करीब 196 किलोमीटर था। अब वह करीब 226 हो चुका है। हालांकि किराया पूर्व की भांति 300 रुपये प्रति यात्री ही रहने से यात्रियों को राहत जरूर मिली है। यात्रा से रूट भले ही लंबा हुआ हो लेकिन डिपो की आमदनी प्रतिदिन में करीब सात लाख तक पहुंच रही है। प्रतिदिन 18-20 बसों का रुड़की से दिल्ली रूट पर संचालन होता है।

जुलाई के पहले सप्ताह से कांवड़ यात्रा शुरू हो चुकी थी। अब कांवड़ यात्रा धीरे-धीरे अपने पूरे चरम पर पहुंच रही है। लाखों शिवभक्त गंगाजल लेकर दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और पंजाब आदि राज्यों की ओर लौटने लगे हैं। अनगिनत भीड़ को नियंत्रित और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए उत्तराखंड, यूपी व अन्य राज्यों में ट्रैफिक प्लान लागू है। रूट डाइवर्ट से शिवभक्तों की राह तो आसान हो चुकी है। लेकिन आमजन का जनजीवन अब प्रभावित होने लगा है। जिसका



असर अब रोडवेज संचालन पर भी पड़ा है। आम दिनों में बसें रुड़की से पुरकाजी, छपार, रामपुर तिराहा बाईपास से होकर मोदीनगर, मोहननगर होते हुए दिल्ली पहुंच रही थी। लेकिन अब कांवड़ यात्रा में पुलिस-प्रशासन ने काफी रूट डायवर्ट कर दिए हैं। ऐसे में रुड़की से देवबंद, मवाना होते हुए रोडवेज बसें दिल्ली पहुंच रही है। जबकि देहरादून से वाया करनाल, यमुनानगर होते हुए दिल्ली पहुंचा जा रहा है। ऐसे में जो रूट करीब 196 किलोमीटर का था। अब वह करीब 226 हो चुका है। किलोमीटर में इजाफा होने पर आम दिनों में साढ़े तीन घंटे का सफर अब करीब पांच घंटे में हो रहा है। जिस वजह से यात्रियों को अब काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि किराए में कोई परिवर्तन नहीं होने से यात्रियों को राहत भी मिली है। रुड़की डिपो के सहायक महाप्रबंधक केके मल्होत्रा ने बताया कि कांवड़ यात्रा में रुड़की से दिल्ली की दूरी 30 किलोमीटर बढ़ी है।

# सावन के प्रथम सोमवार पर कांवड़ियों ने प्रसाद ग्रहण किया

**शाह टाइम संवाददाता**

**मंगलौर।** सावन के प्रथम सोमवार के पावन अवसर पर मंगलौर में कांवड़ियों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री आदित्य राना के निर्देशन में शिव भक्तों ने कांवड़ियों की सेवा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान मनोज कटारिया, आलोक द्विवेदी, मुस्कान, रिया, प्रियांशी, शिवानी, हिमानी, चिंकी, पारुल, अब्दुल रहमान, खुशी, दीपांशी, राहुल , अभय, विकास एवं दीपक आदि शिव भक्तों ने उपस्थित होकर अपनी सेवा प्रदान की।

# श्रावण मास के पहले सोमवार को शिवभक्तों ने किया जलभिषेक

**शाह टाइम संवाददाता**

**झबरेड़ा।** श्रावण मास के पहले सोमवार को शिव भक्तों द्वारा भगवान शिव पर जलाभिषेक कर सुख शांति की कामना की कस्बे में स्थित प्राचीन नंदा वाला बाग शिव मंदिर में श्रावण मास के प्रथम सोमवार को जलाभिषेक करने वाले शिव भक्तों की अल सुबह से ही भीड़ लग गई। शिव भक्तों द्वारा भगवान शिव पर जलाभिषेक कर सुख शांति की कामना की गई।

श्रावण मास के प्रथम सोमवार को कस्बे में स्थित प्राचीन नंदा वाला बाग शिव मंदिर में जलाभिषेक करने वाले शिव भक्तों की तड़के से ही जलाभिषेक करने के लिए लंबी लाइन लग गई। भोले के भक्तों द्वारा भगवान शिव का जलाभिषेक करते हुए बेलपत्र तथा फल फूल भी अर्पित किए गए। शिव मंदिर के महंत पंडित गणेश प्रसाद ने शिव भक्तों को बताया कि सावन मास में भगवान भोले पर जो भी व्यक्ति श्रद्धा भाव से जलाभिषेक कर बेलपत्र चढ़ाता है उसकी सभी मनो कामनाएं भगवान शिव पूरी करते है। उन्होंने बताया कि सावन माह के पहले सोमवार को रात्रि 3:00 से ही शिव भक्तों द्वारा जलाभिषेक किया जाने लगा था सुबह होते-होते शिव भक्तों की जलाभिषेक करने के लिए लंबी लाइन लग गई।

# झबरेड़ा में विद्युत आपूर्ति बाधित हजारों लोगों ने झेली परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** विद्युत आपूर्ति सोमवार को लगातार 7 घंटे बंद रहने से कस्बा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लगभग 50000 लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। गर्मी से जहां लोग बेहाल रहे वही किसानों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कस्बा में ग्रामीण क्षेत्र के गांव भक्तों वाली खरखड़ी दयाल डेलना खजूरी मानकपुर आदमपुर साबतवाली लौदी वाला ग्राम शीतलपुर ग्राम कुशालीपुर आदि गांव की विद्युत आपूर्ति सोमवार को सुबह 9:00 बजे बंद हो गई थी जो लगातार 6 घंटे बंद रहने के बाद दोपहर बाद 3:00 बजे विद्युत आपूर्ति हो पाई। लगातार 6 घंटे विद्युत आपूर्ति बंद होने से गर्मी में लोगों का हाल बेहाल हो गया। दूसरी और किसानों का कहना है क्षेत्र में बारिश बहुत कम होने से किसान के खेत में लगी धान की फसल को लगातार नलकूपों द्वारा सिंचाई की जा रही है। कस्बे तथा ग्रामीण क्षेत्र में लगातार 6 से 7 घंटे विद्युत आपूर्ति कभी भी बंद हो जाती है इससे किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। विद्युत आपूर्ति बंद होने से कस्बे में लगे लघु उद्योग धंध े भी टप होकर रह गए हैं। कस्बे में स्थित विद्युत उप संस्थान पर कार्यरत अवर अभियंता अशोक कुमार का कहना है कि विद्युत लाइन के नीचे जो पेड़ खड़े थे उन पेड़ों को ऊपर से कटवाया गया है। विद्युत लाइन से पेड़ की टहनियों छूने से विद्युत लाइन में फॉल्ट होते रहते थे इसी कारण विद्युत सप्लाई बंद की गई थी।

# ऑपरेशन कालनेमि: एक ढोंगी बाबा गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुग्गावाला।** एसएसपी के आदेश पर थाना पुलिस लगातार ढोंगी बाबाओ के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। ऑपरेशन कालनेमि के तहत बुग्गा वाला पुलिस ने एक ढोंगी को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार प्रचलित कांवड़ मेले में भेष बदलकर कांवड़ मेला संपन्न कराने में व्यवधान डालने वालों के विरुद्ध माननीय मुख्यमंत्री उत्तराखंड द्वारा ऑपरेशन कालनेमी चलाया जा रहा है जिसमें पुलिस द्वारा टीमें बनाकर प्रत्येक संदिग्ध पर नजर रखी जा रही है। इसी क्रम में आज दिनांक 14.07.2025 को ग्राम हरिपुर टोंगिया थाना बुग्गावाला में एक व्यक्ति भेष बदलकर बाबा / भगत की ड्रेस में संदिग्ध अवस्था में घूम रहा था आने जाने वाले लोगों से अभद्र व्यवहार कर रहा था उक्त व्यक्ति को काफी समझाने का प्रयास किया परंतु व नहीं माना जिसको गिरफ्तार किया गया यह व्यक्ति जिसका नाम सनव्वर पुत्र बशीर निवासी खेडा कुर्तान थाना कांधला जिला शामली उ0प्र0 उम्र 33 वर्ष जो की पहनावा बदलकर कांवड़ मेला को प्रभावित करने का प्रयास कर रहा था निश्चित ही यदि उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार न किया जाता तो यह किसी बड़ी घटना को अंजाम दिला सकता था। उक्त व्यक्ति के विरूद्ध 172(2) के अन्तर्गत कार्यवाही की गयी। नाम पता आरोपी-सनव्वर पुत्र बशीर निवासी खेडा कुर्तान थाना कांधला जिला शामली उ0प्र0 उम्र 33 वर्ष हैं उसको पकडने वाली पुलिस टीम में अपर उ0नि0 विजेन्द्र सिं, कानि0 विक्रम सिंह, कानि0 विकास आदि शामिल रहे।

# मित्र पुलिस ने की दिल्ली के भोलों सहायता

## पैर की सूजन से जल ले जाने में थे असमर्थ

**शाह टाइम संवाददाता**

**गुरुकुल नारसन।** दिल्ली निवासी शिव भक्त हरिद्वार से जल लेकर लौट रहे थे कि मंगलोर गुरुकुल के पास उनके पैरों में सूजन आ गई चल नहीं जा रहा था तो उन्होंने पुलिस से सहायता मांगी जिस पर पुलिस ने शिव भक्तों की सहायता की गई।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली निवासी शिव भक्त हरिद्वार से जल लेकर लौट रहे शिवभक्तों की पुलिस ने सहायता की है। दिल्ली निवासी अक्षय भोले द्वारा सूचना दी गई कि वह गुड़मंडी के पास हैं पैर की अशक्तता के कारण जल आगे ले जाने में असमर्थ है जल छोडने पर अन्य भोलों के द्वारा मार पीट का खतरा बना है, सूचना पर कोतवाली मंगलौर पर सादे वस्त्रों में कांवड़ व्यवस्था में तैनात हे0का0 राजेश देवरानी तथा का0 रविन्द्र खत्री द्वारा उक्त दोनों भोलों का 30 लीटर जल तथा 10 लीटर जल स्वयं लाकर नारसन चौकी के पास शिव मंदिर में अभिषेक कराया गया, दोनों को प्राथमिक उपचार दिलाकर बस से दिल्ली रवाना किया गया, उक्त दोनों भोलों के द्वारा जनपद की मित्र पुलिस का आभार व्यक्त किया गया। वहीं दूसरी ओर पुलिस के इस कार्य की लोगों ने भी बहुत सराहना की है।

# भगवानपपुर विधायक ममता राकेश ने की शिव भक्तों की सेवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** कांग्रेस विधायक ममता राकेश ने भगवानपुर हरिद्वार रोड पर हुआ सातवें भंडारे का आयोजन कर शिव भक्तों की सेवा की। इस दौरान उन्होंने भोलो को प्रसाद भी वितरण किया।



जानकारी के अनुसार हरिद्वार जिले में कावड़ यात्रा शुरू होने के बाद अब नि:शुल्क भंडारो का जगह जगह आयोजन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज भगवानपुर हरिद्वार रोड पर सातवें विशाल भंडारे का आयोजन भगवानपुर विधायक ममता राकेश ने फीता काटकर आयोजन का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने भोलो को प्रसाद भी वितरण किया।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार से भोलो की सेवा करने से भगवान भोलेनाथ प्रसन्न होते हैं तथा भक्तों पर अपनी कृपा करते हैं। उन्होंने कहा कि सावन के माह में शिवभक्तों की सेवा से बहुत ज्यादा पुण्य की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर अनेक समर्थक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शिव भक्तों की सुरक्षा को विद्युत खंभों पर लगाए रिफलेक्टर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** ऊर्जा विभाग द्वारा झबरेड़ा लखनौता मार्ग व झबरेड़ा मंगलौर मार्ग सड़क पर दोनों और खड़े लोहे के विद्युत पोल पर नीचे 7 फीट तक प्लास्टिक का काला पन्ना लपेटकर उसे चारों ओर से कवर करते हुए उस पर रिफ्लेक्टर लगाए गए हैं। कस्बे में स्थित विद्युत उपखंड अधिकारी मोहम्मद रिजवान ने बताया कि कावड़ यात्रा के दौरान झबरेड़ा मंगलौर तथा झबरेड़ा लखनौता मार्ग पर काफी संख्या में वाहनों का आना जाना बढ़ जाता है। यात्रा के आखिरी चरण में तो उक्त दोनों मार्गों पर वाहनों की काफी भीड़ देखने को मिलती है। इसे देखते हुए आने जाने वाले वाहनों की सुविधा के लिए उक्त दोनों मार्गों पर सड़क किनारे लोहे के सभी विद्युत पोल पर प्लास्टिक के काले पन्ने लपेटकर नीचे से 7 फीट तक काला पन्ना लपेट दिया गया है। पन्ना लपेटकर उस पर रिफ्लेक्टर लगा दिए गए हैं वाले वाहन चालकों को विद्युत पोल दिखाई देते रहे।

# बढ़ने लगी शिव भक्तों की भीड़ पुलिस की चप्पे चप्पे पर नजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** हरिद्वार कावड़ मेले में शिव भक्तों की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है पुलिस प्रशासन की कावड़ मेला शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए सभी जगह पर पेनी नजर गड़ी हुई है जैसे-जैसे कावड़ मेला नजदीक आता जा रहा है वैसे-वैसे सड़क पर लगातार शिव भक्तों की भीड़ बढ़ती जा रही है रुड़की लक्सर शिव चौक बसेड़ी पर पुलिस प्रशासन बड़ी मुस्तादी से काम कर रहा है बड़े अधिकारी भी लगातार सभी जगह संपर्क कर रहे हैं और अपने अधीनस्थ अधिकारियों को आदेशित कर कह रहे हैं कि कहीं भी कोई कमी कावड़ मेले में शिव भक्तों की सेवा में नहीं आनी चाहिए क्योंकि हरिद्वार मैं पूरे भारत से शिव भक्त अपनी मनोकामना पूरी करने के लिए आते हैं इसीलिए हम सभी का फर्ज बनता है कि शिव भक्तों को परेशानी नहीं होनी चाहिए और अगर कहीं कोई कमी हो जाए तो उसको भी हमारी जिम्मेदारी है आराम से हल कर ले बड़े अधिकारी लगातार हर जगह बारीकी से चेकिंग कर रहे हैं जिससे हरिद्वार कावड़ मेला शांतिपूर्ण संपन्न हो सके ग्रामीण भी कावड़ मेले में जाने वाले शिव भक्तों की सेवा में लगे हुए है।

# मारपीट पर पांच गिरफ्तार

**रुड़की।** पुलिस ने मारपीट करने पर पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। गंगनहर कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक अजय शाह, कांस्टेबल मनमोहन, रणवीर, नितिन और प्रभाकर ने अंकित निवासी मतलबपुर कोतवाली गंगनहर, हर्ष निवासी आदर्श नगर कोतवाली रुड़की, कमल सिंह निवासी श्याम नगर कोतवाली गंगनहर, राहुल और रोहित निवासी मोहनपुरा कोतवाली रुड़की को आपस में सरेआम मारपीट करने पर गिरफ्तार किया है।

# विधायक ने किया शिव भक्तों के लिए भंडारे का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कांवड़ यात्रा के पावन अवसर पर विप्रो फाउंडेशन रुड़की शाखा और शक्ति सेवा मंडल द्वारा भोलेनाथ के भक्तों की सेवा हेतु एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यह आयोजन श्रद्धालुओं के उत्साह और भक्ति भाव को समर्पित रहा, जिसमें बड़ी संख्या में कांवड़ियों ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। इस सेवा आयोजन का शुभारंभ नगर विधायक प्रदीप बत्रा द्वारा विधिवत रूप से किया गया। उन्होंने स्वयं कांवड़ियों को प्रसाद वितरित कर उनकी सुखद, सुरक्षित और सफल यात्रा की कामना की। उन्होंने कहा कि ष्कांवड़ यात्रा केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि हमारी आस्था, संस्कार और सेवा भावना का प्रतीक है। इस तरह के आयोजनों से समाज में भाईचारा और सेवा का संदेश जाता है। भंडारे में ठंडा पेयजल, फल, नाश्ता और भोजन की उत्तम व्यवस्था की गई थी, जिससे कांवड़ियों को यात्रा के दौरान राहत मिल सके। सेवा कार्य में युवाओं और समाजसेवियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। विप्रो फाउंडेशन और शक्ति सेवा मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि यह सेवा कार्य आगामी दिनों तक लगातार चलता रहेगा और हर आने वाले भक्त को सम्मानपूर्वक सेवा प्रदान की जाएगी।

## दिवंगत राम बिहारी गुप्ता की स्मृति में

# सचिन गुप्ता ने चलाया कांवड़ियो के लिए भंडारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** समाजसेवी स्व. राम बिहारी गुप्ता की स्मृति में प्रति वर्ष लगने वाले कांवड़ सेवा शिविर, भंडारे का शनिवार शाम हवन के साथ शुभारंभ हो गया। समाजसेवी स्व. राम बिहारी गुप्ता के बेटे कांग्रेस प्रदेश महामंत्री सचिन गुप्ता, पुत्रवधु समाजसेवी पूजा गुप्ता, समाजसेवी ईश्वर लाल शास्त्री, सोनू आईटीसी, डॉ. विनय गुप्ता, विपिन गुप्ता ने हवन कर संयुक्त रूप से फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया।

कांग्रेस प्रदेश महामंत्री सचिन गुप्ता ने कहा कि उनकी ओर से प्रत्येक वर्ष अपने पिता समाजसेवी स्व. रामबिहारी गुप्ता की स्मृति में कांवड़ सेवा शिविर और भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी उनकी ओर से हवन-पूजन के बाद विधिवत रूप से शिविर और भंडारे का आयोजन शुरू कर दिया गया है। समाजसेवी पूजा गुप्ता ने बताया कि शिविर में चौबीस घंटे कांवड़ियो के लिए भंडारे, शौचालय, पेयजल, चॉय-नाश्ते और आराम की सुविध ा रहेगी। साथ ही कांवड़ियों के मनोरंजन के लिए डीजे पर भजनों की सुविधा की गई है। समाजसेवी ईश्वर लाल शास्त्री ने शिविर की



सराहना करते हुए कहा कि सचिन गुप्ता वास्तव में सच्चे सेवक बने हैं। उनकी ओर से अपना कांवड़ शिविर और भंडारा लगाए जाने के साथ ही दूसरे शिविरों में भी सहयोग किया जा रहा है। समाजसेवी डॉ. विनय गुप्ता ने कहा कि कांवड़ मेले में चल रहे कांवड़िए भगवान शिव का ही रूप है। इसलिए कांवड़ियो की सेवा ही भगवान शिव की सेवा है। इस अवसर पर मनोज जयंत, जाकिर हुसैन, मनोज, सुशील कश्यप, राहुल आदि मौजूद रहे

# विवाहिता ने पति पर लगाया दूसरी शादी का आरोप, जान माल की सुरक्षा की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** पिरान कलियर थाना क्षेत्र की एक पीड़िता महिला ने प्रेस वार्ता कर अपने पति व ससुरालजनों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला ने बताया कि उसकी शादी करीब 6 वर्ष पूर्व महमूदपुर निवासी रोशन नामक युवक से हुई थी, जिससे उसका एक दो वर्षीय बेटा भी है। महिला का आरोप है कि उसका पति अब नजीबाबाद की एक अन्य युवती से शादी करना चाहता है और इसके लिए वह साजिशन दूसरी शादी को पहले की दिखाकर उसे कानूनी वैधता देने की तैयारी कर रहा है। पीड़िता ने बताया कि उसका पति रोशन, देवर दानिश और ससुर तीनों दबंग प्रवृत्ति के हैं और उसे व उसके बच्चे को लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।



महिला ने बताया कि वह इस संबंध में 11 जुलाई को एसपी देहात से भी मिल चुकी है और एक लिखित प्रार्थना पत्र देकर अपनी व अपने बेटे की सुरक्षा की मांग कर चुकी है। उन्होंने कहा कि मामला महिला हेल्पलाइन में भी विचाराध ीन है, लेकिन उन्हें आशंका है कि हेल्पलाइन में पेशी के दौरान उन पर जानलेवा हमला हो सकता है।

# सम्पादकीय



## भारत का गौरव

भारत के लिए यह बेहद गौरव की बात है कि भारतीय अंतरिक्ष यात्री सुधांशु शुक्ला अंतरिक्ष में अपनी सफल यात्रा कर धरती की ओर लौट रहे हैं। वह सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएसएस) से रवाना हो गए। वह अपने तीन अंतरिक्ष यात्रियों के साथ लौट रहे हैं। उनके मंगलवार अपरान्ह तीन बजे धरती पर वापस लौटने की उम्मीद है। एएक्स 4 मिशन में शामिल स्पेस एक्स का ड्रेगन अंतरिक्ष यान भारतीय समय के अनुसार दोपहर बाद 4 बजकर 35 मिनट पर आईएसएस से अलग हो गया। एग्जिओम स्पेस के अनुसार 22:5 घंटे के बाद सभी यात्री अमेरिका के कैलिफोर्निया तट के पास समुद्र में उतरेंगे। शुभांशु शुक्ला इस मिशन में पायलट के तौर पर शामिल हुए थे। वहां उन्होंने कई अनुसंधान मिशनों को अंजाम दिया। जिनमें इसरो द्वारा तैयार किए गए मिशन भी शामिल थे। भारत भी अपने अंतरिक्ष मिशन गगन यान की तैयारी कर रहा है और जल्द ही इसे लॉन्च किए जाने की उम्मीद है। शुभांशु शुक्ला गगन यान मिशन के लिए भी चयनित संभावित क्र में शामिल हैं। वह इस क्रू में एकमात्र ऐसे सदस्य बन गए हैं जिनके पास अंतरिक्ष यात्रा का भी अनुभव होगा, जो इसरो के मिशन के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा, जैसाकि हम जानते हैं शुभांशु शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए 25 जून को धरती से रवाना हुए थे और यह मिशन 26 जून को आईएसएस पहुंचा था। शुभांशु शुक्ला राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष जाने वाले दूसरे भारतीय हैं। 41 साल पहले राकेश शर्मा ने यह गौरव हासिल किया था। वैसे भारतीय मूल की अमेरिकी नागरिक कल्पना चावला और सुनीता विलियम्स नासा के मिशनों में आईएसएस पर जा चुकी हैं। बताया जा रहा है कि शुल्का ने मिशन के दौरान 60 से ज्यादा वैज्ञानिक प्रयोगों में हिस्सा लिया, जिसमें भारत के साथ प्रयोग शामिल थे, उन्होंने मैथी और मूंग के बीजों को अंतरिक्ष में उगाया। स्पेस माइक्रोएल्गी प्रयोग में भी हिस्सा लिया। अंतरिक्ष में हड्डियों की सेहत पर भी प्रयोग किए गए। निश्चित रूप से इस तरह के मिशन में भाग लेने से भारत के वैज्ञानिकों में उत्साह का नया संचार पैदा होता है। विशेषकर युवाओं के लिए इस तरह के मिशन बेहद प्रेरक साबित होते हैं। शुभांशु शुक्ला ने आठ जुलाई को तिरुवनंतपुरम, बेंगलुरु और लखनऊ के 500 से अधिक छात्रों के साथ बातचीत की थी और उसका मकसद यही था कि युवाओं में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित के प्रति रूचि बढ़ी। उन्होंने 28 जून को अंतरिक्ष से ही पीएम मोदी के साथ लाइव वीडियो कान्फ्रेंस की थी, जिसमें पीएम उनसे पूछा था कि आप गाजर का हलवा लेकर गए हैं, क्या साथियों को खिलाया। इस पर शुभांशु शुक्ला ने हामी भरी थी और कहा था कि सबने बैठकर साथ खाया। अब सभी की नजर इस बात पर लगी है जब वह धरती पर लौटेंगे, तो अपने अनुभव साझा करेंगे, पूरा देश व दुनिया उनकी अंतरिक्ष यात्रा के अनुभव साझा करने के लिए पूरी तरह उत्सुक दिखाई दे रहा है, जोकि स्वाभाविक भी है। अब जबकि अपने पहले अंतरिक्ष मिशन के लिए भारत तैयारी कर रहा है, यह वह गगन यान नाम देकर कर रहा है। निश्चित रूप से शुभांशु शुक्ला भारत के इस मिशन में अपनी भूमिका निभाएंगे।

### सरकार के खिलाफ अदालत का सहारा लेना जरूरी



समाज में कुछ ऐसे लोग भी होने चाहिए, जो सरकार के खिलाफ केस दाखिल कर सकें, अगर सिस्टम में अनुशासन चाहिए, तो सरकार के खिलाफ अदालत का सहारा लेना जरूरी है, कई बार अदालत का आदेश ऐसे काम भी करवा देते हैं, जो सरकार नहीं करवा पातीं, समाज में कुछ लोगों को सरकार के खिलाफ अदालत में याचिकाएं दाखिल करनी चाहिएं, इससे नेताओं और सिस्टम में अनुशासन आता है, ऐसा इसलिए क्योंकि जनता को लुभाने की राजनीति नेताओं-मंत्रियों के आड़े आती है और वे जनहित में कदम नहीं उठा पाते, प्रशासन में अनुशासन बनाए रखने के लिए यह जरूरी चीज है।

**-नितिन गडकरी, केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री**

## डिजिटल-क्रांति से ही नकली नोटों पर नियंत्रण संभव






**ललित गर्ग**

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा हाल ही में जारी एक चौंकाने वाली रिपोर्ट ने न केवल अर्थव्यवस्था को, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा और नागरिकों की जागरूकता को भी झकझोर कर रख दिया है। आरबीआई के गवर्नर द्वारा संसदीय समिति में प्रस्तुत एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024-25 में 500 रुपये के लगभग 1.8 लाख नोट नकली पाए गए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 37 प्रतिशत अधिक हैं। यह संख्या किसी सामान्य अपराध की नहीं, बल्कि राष्ट्र के विरुद्ध एक षड्यंत्र की कहानी कहती है। जो यह दर्शाता है कि कालाबाजारी करने वाले राष्ट्र विरोधी तत्व देश में मुद्रा की मांग का गलत फायदा उठा रहे हैं।

विडंबना यह है कि राजस्व खुफिया निदेशालय द्वारा नोट में इस्तेमाल होने वाले आयातित कागज और नकली नोट छापने में शामिल ऑपरेटरों पर लगातार कार्रवाई के बावजूद यह गंभीर समस्या बनी हुई है। यह न केवल नकली मुद्रा के बढ़ते खतरे को रेखांकित करता है, बल्कि राष्ट्र-विरोधी तंत्र की सुनियोजित साजिश का भी पर्दापाश करता है, जबकि 2016 में नोटबंदी के ऐतिहासिक निर्णय के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह स्पष्ट कर दिया था कि भ्रष्टाचार, कालेधन और नकली नोटों के खिलाफ लड़ाई उनकी प्राथमिकताओं में है। नोटबंदी केवल एक आर्थिक सुधार नहीं, बल्कि डिजिटल अर्थव्यवस्था की नींव रखने वाला साहसी एवं युगांतरकारी कदम था।

आज भारत को सिर्फ बाहरी सीमाओं पर नहीं, बल्कि आर्थिक मोर्चे पर भी एक युद्ध लड़ना पड़ रहा है, नकली मुद्रा के खिलाफ, भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ और राष्ट्रविरोधी मानसिकता के खिलाफ। इसमें विजय तभी संभव है, जब हम सब डिजिटल भारत के निर्माण में सहभागी बनें। नकली मुद्रा का मुद्दा केवल एक आर्थिक अपराध नहीं है। यह एक प्रकार का आर्थिक आतंकवाद है, जिसका उद्देश्य भारत की अर्थव्यवस्था को अस्थिर करना, महंगाई को बढ़ाना, काले धन को बढ़ावा देना और आतंकवाद को वित्त पोषण देना है। यह नकली नोट अधिकतर सीमापार से संचालित तंत्रों द्वारा भारत में भेजे जाते हैं, जो भारत की राजनीतिक स्थिरता, आर्थिक विकास और आंतरिक सुरक्षा को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। इस तरह राष्ट्र के विरुद्ध षड्यंत्र, साजिश एवं बड़े खतरों को अंजाम दिया जा रहा है, क्योंकि नकली नोट बाजार में असली नोटों के साथ मिलकर मुद्रा व्यवस्था को प्रभावित करते हैं। आम नागरिक अनजाने में इन्हें ले लेता है और आर्थिक नुकसान उठाता है। यह काले धन और आतंकवाद को पोषित करता है। नकली नोट सरकारी योजनाओं की निष्पक्षता और वितरण प्रणाली को भी प्रभावित करते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी की डिजिटल क्रांति न केवल नकली नोटों को नियंत्रित करने का बल्कि राष्ट्र-विरोधी तत्वों को नेस्तनाबूद करने का सशक्त माध्यम है। यह मोदी की दूरदृष्टि एवं नए भारत-विकसित भारत के विजन की विजय है, उनके ही विचारों में डिजिटल लेन-देन केवल तकनीक नहीं, यह राष्ट्र निर्माण का माध्यम है। आज के भारत की अर्थव्यवस्था एक निर्णायक दौर से गुजर रही है। डिजिटल ग्राम योजना, ई-गवर्नेंस, डिजिटल साक्षरता अभियान यानी तकनीक को गांव और गरीब तक पहुंचाने की पहल है। एक ओर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश डिजिटल इंडिया की ओर तेजी से बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर नकली नोटों की बाढ़ एक अ.श्य आतंकवाद बनकर देश की अर्थव्यवस्था, समाज और सुरक्षा को चुनौती दे रही है। निस्संदेह, हाल के वर्षों में, भारत ने नकली नोटों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने व काले धन पर रोक के लिए डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने के लिए अपनी स्थिति खासी मजबूत की है। सरकार की सोच है कि काले धन पर रोक लगाने के लिए नगद लेन-देन को हतोत्साहित किया जाए।

इस संकट की घड़ी में डिजिटल लेन-देन एक बड़ी राहत और समाधान बनकर उभरा है। यूपीआई, भीम मोबाइल वॉलेट्स, नेट बैंकिंग और कार्ड पेमेंट्स जैसे साधन नकली नोटों की समस्या को जड़ से समाप्त करने में सहायक हो सकते हैं। डिजिटल लेन-देन के लाभ ही लाभ है, पूर्ण पारदर्शिता यानी हर लेन-देन का डिजिटल रिकॉर्ड होता है, जिससे भ्रष्टाचार में कमी आती है। कर चोरी, हवाला, और मनी लॉन्ड्रिंग जैसी काली प्रवृत्तियां समाप्त होती है। नकली मुद्रा की संभावनाओं पर विराम लगता है, जिससे राष्ट्र-विरोधी तत्वों के षड्यंत्र एवं साजिशें नाकाम होती है। लेन-देन सेकंडों में पूरा होता है और उनमें सरलता भी रहती है। पासवर्ड आधारित सुरक्षा व्यवस्था से लेन-देन सुरक्षित रहता है। सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ लाभार्थियों तक पहुंचता है, पैसा सीधे उनके खातों में पहुंचता है, बिचौलियों की भूमिका समाप्त होती है। जिससे भ्रष्टाचार पर नियंत्रण होता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने हर मंच पर डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने की बात कही है। उन्होंने गांव-गांव जाकर लोगों को मोबाइल बैंकिंग, क्यूआर कोड, और कार्ड से भुगतान की शिक्षा देने की मुहिम चलाई है। इसका असर यह है कि आज भारत यूपीआई ट्रांजैक्शन में दुनिया में नंबर 1 है।


डिजिटल इंडिया गरीब को ताकत देता है, मिडल क्लास को सुविधा देता है और राष्ट्र को मजबूती देता है। भारत की असली शक्ति अब डिजिटल प्रचलन बन रही है, जहां एक बटन से करोड़ों का ट्रांजैक्शन सुरक्षित होता है। मोदी की डिजिटल क्रांति ने भारत को 21वीं सदी की आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में मजबूत आधार दे दिया है। हम सबकी जिम्मेदारी है कि इस डिजिटल युद्ध में सहभागी बनें, नकली नोटों को ना कहें, डिजिटल लेन-देन को अपनाएं। यही राष्ट्रभक्ति है, यही समय की मांग है। संदिग्ध नकदी की सूचना तुरंत संबंधित एजेंसियों को दें। नकली नोटों की पहचान करना सीखें और दूसरों को भी जागरूक करें। निश्चित ही जहां नकली नोट देश की आत्मा को खोखला करते हैं, वहीं डिजिटल मुद्रा राष्ट्र की नींव को मजबूत करती है।

निस्संदेह, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई ने भारत के आर्थिक लेन-देन तंत्र में क्रांति ला दी है। भुगतान के तमाम विकल्पों ने भारतीय नागरिकों के आर्थिक व्यवहार को बहुत आसान बना दिया है। हालांकि, अभी भी ऐसे लोगों की कमी नहीं है जो डिजिटल माध्यम से लेन-देन में परहेज करते हैं। निस्संदेह, नकदी पर उनकी निर्भरता का मूल कारण डिजिटल शिक्षा का अभाव ही है। साथ-ही-साथ डिजिटल भुगतान से जुड़े घपल्ले एवं घोटाले भी है। साथ ही इसके कारणों में भ्रष्टाचार और कर चोरी की नीयत भी शामिल है। ऐसे में सरकार को डिजिटल खाई को पाटने की दिशा में रचनात्मक पहल करनी चाहिए। वहीं दूसरी आर्थिक अनियमितताएं करने वाले तत्वों से भी सख्ती से निबटा जाना चाहिए। हालांकि, दो हजार के नोट अब प्रचलन से बाहर हो चुके हैं, लेकिन उनका कानूनी आधार बना हुआ है। इस दिशा में यथाशीघ्र निर्णय लिया जाना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## Y क्रोमोसोम रहित ट्यूमर अधिक घातक होते हैं

**शोधकर्ताओं का अनुमान है कि कैंसर कोशिकाओं में Y क्रोमोसोम के लोप और उसी ट्यूमर के अंदर मौजूद प्रतिरक्षा कोशिक. ाओं में Y क्रोमोसोम के लोप के बीच एक सहसम्बंध भी है, हो सकता है कि विचित्र रासायनिक आकर्षण (कीमोअट्रैक्शन) की वजह से ऐसी प्रतिरक्षा को. शिकाएं रक्त से ट्यूमर में खिंची चली आती होंगी जिनमें Y क्रोमोसोम नदारद होता है। हालांकि अभी इस बात के पुख्ता प्रमाण नहीं हैं। लेकिन इतना पक्का है कि Y क्रोमोसोम की गैर-मौजूदगी कैंसर कोशिकाओं को अधिक आक्रामक बनाती है, और Y क्रोमोसोम रहित प्रतिरक्षा कोशिकाएं कम प्रभावी होती हैं।**



यह बात तो पता है कि पुरुषों में उम्र के साथ कुछ कोशिकाओं से क्रोमोसोम नदारद होने लगते हैं, खासकर कैंसर कोशिकाओं से, लेकिन यह मालूम नहीं था कि क्रोमोसोम की अनुपस्थिति से शरीर पर किस तरह के प्रभाव पड़ते हैं। अब, कैंसर विशेषज्ञों ने कैंसर कोशिकाओं के एक ताजा अध्ययन में पाया है कि यदि कैंसर ट्यूमर से क्रोमोसोम नदारद होता है तो मरीज के लिए अधिक घातक हो सकता है।


दरअसल, 2023 में एरिजोना विश्वविद्यालय के कैंसर विशेषज्ञ थियोडोरस्क्यू और उनके दल ने पाया था कि क्रोमोसोम का नदारद होना मनुष्यों में मूत्राशय के कैंसर की आक्रामकता को बढ़ाता है। उम्र बढ़ने के साथ प्रतिरक्षा कोशिकाओं से भी Y क्रोमोसोम गायब हो सकते हैं, जिससे कैंसर से मृत्यु का जोखिम बढ़ जाता है।

हालिया अध्ययन में उपरोक्त शोधदल ने कैंसर-कोशिका जीनोम के विशाल भंडार से प्राप्त जानकारी के आधार पर दो समूहों की तुलना की। Y क्रोमोसोम विहीन और ल क्रोमोसोम सहित। उन्होंने पाया कि पुरुषों में, कई प्रकार के कैंसर में, कैंसर ट्यूमर से Y क्रोमोसोम नदारद हो तो वे उन मरीजों की तुलना में जल्दी मर जाते हैं जिनके कैंसर ट्यूमर में Y क्रोमोसोम मौजूद होता है। यह भी पता चला कि Y क्रोमोसोम का लोप कैंसर कोशिकाओं और प्रतिरक्षा कोशिकाओं दोनों में होता है। गौरतलब है कि प्रतिरक्षा कोशिकाएं शरीर की रक्षा के लिए ट्यूमर पर हमला करती हैं। अब, महज कैंसर कोशिकाओं से Y क्रोमोसोम का लोप होता है तो उनमें अन्य उत्परिवर्तनों की संख्या और गंभीरता बढ़ती है। साथ ही, कुछ ऐसे परिवर्तन भी हो सकते हैं जिससे ट्यूमर प्रतिरक्षा प्रणाली की नजर से बच निकले, उसकी पकड़ में न आए, लेकिन यदि Y क्रोमोसोम का लोप प्रतिरक्षा कोशिकाओं में भी हो जाता है तो असर अलग होते हैं Y क्रोमोसोम का लोप प्रतिरक्षा कोशिकाओं को निष्क्रिय कर देता है और प्रतिरक्षा तंत्र को शांत कर देता है, जिससे वे कैंसर से लड़ने के उतनी काबिल नहीं रहतीं। यानी, एक तो ट्यूमर बहुरूपिया, ऊपर से प्रतिरक्षा कोशिकाओं की नजर कमजोर। यह स्थिति मरीज के लिए घातक साबित होती है। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि कैंसर कोशिकाओं में Y क्रोमोसोम के लोप और उसी ट्यूमर के अंदर मौजूद प्रतिरक्षा कोशिकाओं में Y क्रोमोसोम के लोप के बीच एक सहसम्बंध भी है, हो सकता है कि विचित्र रासायनिक आकर्षण (कीमोअट्रैक्शन) की वजह से ऐसी प्रतिरक्षा कोशिकाएं रक्त से ट्यूमर में खिंची चली आती होंगी जिनमें Y क्रोमोसोम नदारद होता है। हालांकि अभी इस बात के पुख्ता प्रमाण नहीं हैं। लेकिन इतना पक्का है कि Y क्रोमोसोम की गैर-मौजूदगी कैंसर कोशिकाओं को अधिक आक्रामक बनाती है, और Y क्रोमोसोम रहित प्रतिरक्षा कोशिकाएं कम प्रभावी होती हैं।

**स्रोत फीचर्स**

## ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना: पर्यावरण से खिलवाड़





**विनीत नारायण**

ग्रेट निकोबार द्वीप, जो भारत के अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का हिस्सा है, अपनी अनूठी जैव विविधता और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए जाना जाता है। यह द्वीप भारत का सबसे दक्षिणी बिंदु, इंदिरा पॉइंट, होने के साथ-साथ यूनेस्को बायोस्फीयर रिजर्व भी है। कुछ समय पहले नीति आयोग द्वारा प्रस्तावित रुपये 72,000 करोड़ की ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना ने इस क्षेत्र को वैश्विक व्यापार, पर्यटन और सामरिक महत्व का केंद्र बनाने का लक्ष्य रखा है। इस परियोजना में एक अंतर्राष्ट्रीय कंटेनर ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल, एक ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा, एक टाउनशिप और एक गैस और सौर ऊर्जा आधारित पावर प्लांट का निर्माण शामिल है। इस परियोजना को लेकर पर्यावरणविदों, आदिवासी अधिकार कार्यकर्ताओं और विपक्षी दलों ने गंभीर चिंताएं व्यक्त की हैं।

ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना को नीति आयोग ने 2021 में शुरू किया था, जिसका उद्देश्य इस द्वीप को एक आर्थिक और सामरिक केंद्र के रूप में विकसित करना है। यह द्वीप मलक्का जलडमरूमध्य के पास स्थित है, जो विश्व के सबसे व्यस्त समुद्री मार्गों में से एक है। परियोजना के तहत 16,610 हेक्टेयर भूमि का उपयोग किया जाएगा, जिसमें से 130.75 वर्ग किलोमीटर प्राचीन वन क्षेत्र शामिल है। इस परियोजना को राष्ट्रीय सुरक्षा और भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति के तहत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। लेकिन इसके पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभावों ने इसे विवादों के केंद्र में ला खड़ा किया है।

ग्रेट निकोबार द्वीप 1989 में बायोस्फीयर रिजर्व घोषित किया गया था और 2013 में यूनेस्को के मैन एंड बायोस्फीयर प्रोग्राम में शामिल किया गया। यह द्वीप 1,767 प्रजातियों के साथ एक समृद्ध जैव विविधता का घर है, जिसमें 11 स्तनधारी, 32 पक्षी, 7 सरीसृप और 4 उभयचर प्रजातियां शामिल हैं, जो इस क्षेत्र में स्थानिक हैं। परियोजना के लिए लगभग 9.6 लाख से 10 लाख पेड़ों की कटाई की जाएगी, जो द्वीप के प्राचीन वर्षावनों को अपूरणीय क्षति पहुंचाएगी। यह न केवल स्थानीय वनस्पतियों और जीवों को प्रभावित करेगा, बल्कि प्रवाल भित्तियों द्धकोरल रीफ्सत्र्ञ और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को भी नुकसान पहुंचाएगा।

गलाथिया खाड़ी, जहां ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल प्रस्तावित है, लेदरबैक कछुओं और निकोबार मेगापोड पक्षियों का प्रमुख प्रजनन स्थल है। 2021 में गलाथिया खाड़ी वन्यजीव अभयारण्य को डिनोटिफाई कर दिया गया, जो भारत के राष्ट्रीय समुद्री कछुआ संरक्षण योजना 2021 के विपरीत है। यह कछुओं और अन्य समुद्री प्रजातियों के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है, क्योंकि बंदरगाह निर्माण से होने वाला प्रदूषण, ड्रेजिंग, और जहाजों की आवाजाही उनके प्रजनन और अस्तित्व को प्रभावित करेगी। द्वीप पर शोम्पेन और निकोबारी आदिवासी समुदाय रहते हैं, जो विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के रूप में वर्गीकृत हैं। यह समुदाय अपनी आजीविका और संस्कृति के लिए जंगलों और प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर हैं। परियोजना से इनके पारंपरिक क्षेत्रों का 10 प्रतिशत हिस्सा प्रभावित होगा, जिससे उनकी सामाजिक संरचना और जीविका पर खतरा मंडराएगा। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि बाहरी लोगों के संपर्क से इन जनजातियों में रोगों का खतरा बढ़ सकता है, जिससे उनकी आबादी विलुप्त होने की कगार पर पहुंच सकती है। ग्रेट निकोबार द्वीप अंडमान-सुमात्रा फॉल्ट लाइन पर स्थित है, जो भूकंप और सुनामी के लिए अत्यधिक संवेदनशील है। 2004 की सुनामी ने इस क्षेत्र को भारी नुकसान पहुंचाया था। पर्यावरण प्रभाव आकलन में भूकंपीय जोखिमों को कम करके आंका गया है और विशेषज्ञों का कहना है कि परियोजना के लिए साइट-विशिष्ट भूकंपीय अध्ययन नहीं किए गए। यह एक बड़े पैमाने पर आपदा का कारण बन सकता है। परियोजना के लिए काटे गए जंगलों की भरपाई के लिए हरियाणा और मध्य प्रदेश में प्रतिपूरक वनीकरण का प्रस्ताव है, लेकिन यह क्षेत्र निकोबार की जैव विविधता से कोई समानता नहीं रखते। यह पारिस्थितिक संतुलन को बहाल करने में असमर्थ है। पर्यावरण मंजूरी प्रक्रिया और मूल्यांकन दस्तावेजों को राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देकर गोपनीय रखा गया है। विशेषज्ञों का तर्क है कि केवल हवाई अड्डे का सामरिक महत्व हो सकता है, न कि पूरी परियोजना का। पारदर्शिता की यह कमी परियोजना की वैधता पर सवाल उठाती है। विपक्षी दलों, विशेष रूप से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, ने परियोजना को पारिस्थितिक और मानवीय आपदा करार दिया है। पर्यावरणविदों और नागरिक समाज संगठनों ने इसे जैव विविधता और आदिवासी अधिकारों के लिए खतरा बताया है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने 2023 में परियोजना की पर्यावरण और वन मंजूरी की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय समिति गठित की थी, लेकिन इसके बावजूद परियोजना को आगे बढ़ाने में जल्दबाजी दिखाई दे रही है।

ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण हो सकती है, लेकिन इसके पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभावों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। पारदर्शी और व्यापक पर्यावरण प्रभाव आकलन, आदिवासी समुदायों के साथ उचित परामर्श और भूकंपीय जोखिमों का सटीक मूल्यांकन आवश्यक है। इसके साथ ही, परियोजना के आर्थिक व्यवहार्यता की पुनरू समीक्षा होनी चाहिए, क्योंकि भारत में हाल ही में शुरू हुआ विशाखापत्तनम का ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल पहले से ही वैश्विक व्यापार में योगदान दे रहा है।

पर्यावरण और जैव विविधता के संरक्षण के लिए कई कदम उठाए जा सकते हैं। जैसे कि परियोजना क्षेत्र को CRZ 1A क्षेत्रों से बाहर रखा जाए। आदिवासी समुदायों को निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल किया जाए। भूकंपीय जोखिमों के लिए साइट-विशिष्ट अध्ययन किए जाएं। निकोबार के भीतर ही प्रतिपूरक वनीकरण पर ध्यान दिया जाए। ग्रेट निकोबार द्वीप भारत की प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा है। इसे बचाने के लिए विकास और संरक्षण के बीच संत. ुलन बनाना होगा। भ्रामक तथ्यों के आधार पर जल्दबाजी में लिए गए निर्णय न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचाएंगे, बल्कि भारत की वैश्विक पर्यावरण संरक्षण प्रतिबद्धताओं को भी कमजोर करेंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

